RNI: Reg. No. MPHIN/2021/82530
9644811407, 81020205990
Hindustannews404@gmail.com
www.kesariyahindustan.com
Denik Kesariya Hindustan
Denik_kesariyahindustan
@KESARIYAHINDUSTAN
Black Bichhoo
# दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान
समूह सम्पादक रविन्द्र सिंह पवैया
खबरें बेबाक, बेखौफ, बिंदास
ग्वालियर, भोपाल, इंदौर, मध्यप्रदेश से प्रकाशित एवं छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, बिहार, महाराष्ट्र, उत्तराखाण्ड, हरियाणा दिल्ली से एक साथ प्रसारित
वर्ष 4 अंक : 169 | ग्वालियर गुरूवार 30 जनवरी 2025 | पृष्ठ 8+4 मूल्य 2 रुपए

## महाकुम्भ का दूसरा अमृत स्नान संपन्न, मौनी अमावस्या पर सभी 13 अखाड़ों ने सादगी के साथ त्रिवेणी में लगाई पुण्य डुबकी

### अखाड़ों ने दिखाई संवेदनशीलता, पहले श्रद्धालुओं को कराया अमृत स्नान फिर सांकेतिक स्नान कर पूरी की परंपरा







### अखाड़ों से पहले शंकराचार्यों ने भी लगाई संगम में पुण्य डुबकी, श्रद्धालुओं से संयम बरतने की अपील

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान
प्रयागराज शनि कुमार यादव

**महाकुम्भ नगर।** प्रयागराज महाकुम्भ का दूसरा अमृत स्नान पर्व संपन्न हो गया। मौनी अमृत स्नान पर्व पर घटी घटना के बाद अखाड़ों ने संवेदनशीलता दिखाते हुए पहले श्रद्धालुओं को अमृत स्नान करने का अवसर दिया और बाद में सांकेतिक रूप से अमृत स्नान किया।

**मौनी अमावस्या अमृत स्नान पर अखाड़ों ने दिखाई संवेदनशीलता :** त्रिवेणी के तट पर लगे आस्था के महाकुम्भ का दूसरा अमृत स्नान पर्व संपन्न हो गया। प्रशासन द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक मौनी अमावस्या के अमृत स्नान पर्व पर शाम 6 बजे तक करोड़ों लोगों ने पुण्य की डुबकी लगाई। महाकुम्भ में घटी घटना के बाद अखाड़ों के संतों ने संवेदनशीलता दिखाई। यह पहला मौका था जब साधु-संतों, नागा संन्यासी और अखाड़ों ने संगम में ऐतिहासिक प्रथम स्नान की प्रतिज्ञा तोड़ दी। परिस्थिति को देखते हुए अखाड़ों ने अपने ब्रह्म मुहूर्त के अमृत स्नान को स्थगित कर दिया और श्रद्धालुओं को पहले स्नान का अवसर दिया। अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत रविंद्र पुरी का कहना है कि सर्व सम्मति से सभी अखाड़ों ने निर्णय लिया कि हालात को देखते हुए पहले श्रद्धालुओं को अमृत स्नान का अवसर दिया जाय। स्थिति सामान्य होने पर अखाड़ों ने अपनी भव्य अमृत स्नान की परम्परा का त्याग कर दिया और सांकेतिक रूप से स्नान कर परम्परा का निर्वहन किया।

**शंकराचार्यों ने भी संगम में किया अमृत स्नान:** प्रयागराज महाकुम्भ के दूसरे अमृत स्नान में मौनी अमावस्या पर देश के तीन पीठों के शंकराचार्यों ने भी त्रिवेणी के संगम में डुबकी लगाई। शंकराचार्य ने श्रद्धालुओं से संयम बनाए रखने की अपील की। श्रृंगेरी शारदा पीठाधीश्वर जगतगुरू शंकराचार्य स्वामी विधु शेखर भारती जी, द्वारका शारदा पीठाधीश्वर जगतगुरू शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती जी और ज्योतिष पीठाधीश्वर शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती जी ने मौनी अमावस्या अमृत स्नान पर्व पर त्रिवेणी संगम में पुण्य की डुबकी लगाई। तीनों पीठ के शंकराचार्य मोटर बोट के माध्यम से त्रिवेणी संगम पहुंचे, जहां पूरे धार्मिक विधि विधान से तीनों ने पुण्य की डुबकी लगाई और देश की जनता के कल्याण के लिए आशीष दिया।

### गौचर भूमि का मामला जनसुनवाई में पहुंचा

## अतिक्रमण हटाने के आदेश पर कार्यवाही नहीं



### निजी गोशाला प्रबंधक ने लगाया प्रशासन पर गम्भीर आरोप

### गौवंशो को तहसील परीसर में छोड़ने की चेतावनी

पंकज पाटीदार

**खाचरोद ।** पर अतिक्रमण हटाने के निर्देशो के बाद भी हजारों गौवंश नगर और गांव की सड़कों पर घुमने को मजबुर हो रहे हैं, स्थानीय प्रशासन की लापरवाही और निजी स्वार्थ में गौवंश कि रक्षा नहीं हो पा रही है, और जो गौभक्त गौ सेवा कर रहे हैं उनको भी सरकार की सहायता नहीं मील पा रही है। जवाबदार गौचर भूमि से अतिक्रमण नहीं हटा पा रहे हैं। ऐसा खाचरोद की जनसुनवाई में शासकीय गौचर भूमी पर अतिक्रमण का मामला पहुंचा। कार्यवाही नहीं होने पर महिला गौसेवक ने अधिकारियों को चेताया कि उमरना की गौचर भूमि पर अतिक्रमण हटाने के आदेश पर कोई कार्यवाही नहीं हो रही है , गौशाला में गौवंश के चारा, खाने पिने की व्यवस्था नहीं हो पा रही है, आरती के पिता शंकररावजी फ्रिडमफाइटर थे उनको मीली जमीन पर बेटी ने कृषि ना करते हुए गोशाला खोलकर गौसेवा कर रही है पास ही शासकीय गोचर भूमि स्थिति है जहां पर भूमाफियाओं ने अतिक्रमण कर रखा है गौवंश को चरवाह में समस्या आती है पूर्व में दो बार अतिक्रमण हटाने के आदेश पर स्थानीय प्रशासन कार्यवाही नहीं कर रहे हैं गौवंश परेशान होकर सड़कों पर खुले घुम रहे हैं महिला गौसेवक आरती ने चेतावनी देते हुए कहा कि आदेशों का पालन करवाया जाकर अतिक्रमणओं से शासकीय गौशाला या गायों के चरने की भूमि उपलब्ध कराए अन्यथा उमरना निजी गौशाला के गौवंश को तहसील परिसर में छोड़ जाएगे।

## मवेशियों की चोरी कर वधकर के बेचने वाली शातिर गैंग को पुलिस ने किया गिरफ्तार

ओमप्रकाश परमार,



**देवास।** पुलिस ने सड़क पर घूमने वाले गौवंश एवं अन्य मवेशियों की चोरी कर उन्हें वध के लिए बेचने वाली एक अंतरराज्यीय गैंग का पर्दाफाश किया है। यह गैंग इंदौर-नासिक-नागपुर-महाराष्ट्र हाईवे के आसपास के गांवों व कस्बों से बकरा-बकरी और गौवंश चोरी कर बेचती थी । अब तक यह गैंग सैकड़ों चोरी की वारदातों को अंजाम दे चुकी है । गौवंश वध एवं अवैध परिवहन की रोकथाम हेतु पुलिस अधीक्षक देवास पुनीत गेहलोत ने पुलिस को सख्त कार्यवाही के निर्देश दिए थे । इसी क्रम में पानीगांव वन नर्सरी में गौवंश वध एवं अवैध परिवहन की सूचना प्राप्त हुई । घटना की गंभीरता को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) एन.एच. बाथम एवं अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) कन्?नौद केतन अडलक के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कन्नौद तहजीब काजी के नेतृत्व विशेष टीम का गठन किया गया । पुलिस को सूचना मिली कि कृष्णा निवासी ग्राम पानीगांव संदिग्ध रूप से गौवंश को जंगल में ले जाकर बांधता है। पुलिस टीम ने तत्परता से कार्यवाही करते हुए आरोपी कृष्णा पिता रमेश को हिरासत में लिया। पूछताछ में कृष्णा ने खुलासा किया कि वह आवारा पशुओं को गैंग सरगना यूसुफ इंदौर निवासी और उसके साथी असलम पानीगांव निवासी को बेचता था। पुलिस टीम ने त्वरित कार्यवाही करते हुए इंदौर,पानीगांव और कांटाफोड़ में दबिश दी और मुख्य आरोपी यूसुफ,असलम, नर्बद और कृष्णा को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में यूसुफ ने कबूल किया कि वह अपने साथियों के साथ मिलकर सड़क पर घूमने वाले पशुओं को पकड़कर इंदौर में बेच देता था।

गिरफ्तार आरोपियों के नामः

1.यूसुफ पिता मुशी खा निवासी इंदौर

2.असलम पिता यासीन निवासी पानीगांव

3.नर्बद पिता रमेश निवासी पानीगांव

4.कृष्णा पिता रमेश निवासी पानीगांव

**जप्तशुदा सामग्री :** 3 वाहन (अवैध पशु परिवहन में प्रयुक्त) एवं गौवंश चोरी एवं तस्करी में प्रयुक्त अन्य सामग्री।

सराहनीय कार्य :- उक्त सराहनीय कार्य थाना प्रभारी कन्नौद निरीक्षक तहजीब काजी, एसआई राहुल रावत, दीपक भोण्डे, आरक्षक राहुल सागोरे, बाबी वर्मा, बालकृष्ण छापे, रविराज एवं सायबर सेल सचिन चौहान एवं शिवप्रताप सिंह सेंगर सराहनीय भुमिका रही ।

## ओलंपिक का आयोजन भारत में खेलों को नये आसमान पर ले जायेगा : प्रधानमंत्री मोदी



**नई दिल्ली।** मोदी ने 2036 ओलंपिक की मेजबानी का भारत का इरादा मुंबई में 2023 में अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति के सत्र के दौरान व्यक्त किया था। भारतीय ओलंपिक संघ ने आईओसी को ओलंपिक की मेजबानी के इरादे का आशय पत्र सौंप दिया है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि भारत 2036 ओलंपिक की मेजबानी के लिये पूरा जोर लगा रहा है और देश में ओलंपिक होंगे तो वह भारत में खेलों को नयी ऊंचाइयों पर ले जायेंगे। यहां 38वें राष्ट्रीय खेलों के उद्घाटन समारोह में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा ,'' जैसे हमारे खिलाड़ी हमेशा बड़े लक्ष्य लेकर चलते हैं , वैसे ही हमारा देश भी बड़े संकल्प लेकर आगे बढ़ रहा है।''

उन्होंने कहा ,''आप सभी जानते हैं कि भारत 2036 ओलंपिक की मेजबानी के लिये पूरा जोर लगा रहा है। जब भारत में ओलंपिक होंगे तो वह भारत के खेलों को एक नये आसमान पर ले जायेंगे।'' प्रधानमंत्री ने कहा ,'' ओलंपिक सिर्फ एक खेल का आयोजन नहीं होता। दुनिया के जिन देशों में भी ओलंपिक होता है, वहां अनेक क्षेत्रों में विकास को गति मिलती है। खेलों का बुनियादी ढांचा खड़ा होने से रोजगार का सृजन होता है। नये बुनियादी ढांचे के तैयार होने से निर्माण, परिवहन और पर्यटन क्षेत्र का विकास होता है।''

मोदी ने 2036 ओलंपिक की मेजबानी का भारत का इरादा मुंबई में 2023 में अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति के सत्र के दौरान व्यक्त किया था। भारतीय ओलंपिक संघ ने आईओसी को ओलंपिक की मेजबानी के इरादे का आशय पत्र सौंप दिया है।

## श्री सनातन धर्म मंदिर में मौनी अमावस्या मनाई

केसरिया हिंदुस्तान



ग्वालियर -श्री सनातन धर्म मंदिर में आज मौनी अमावस्या मनाई गई। अध्यक्ष विजय गोयल एवं प्रधानमंत्री रमेशचंद्र गोयल लल्ला ने बताया श्री सनातन धर्म मंदिर में आज मौनी अमावस्या श्रद्धा भाव से मनाई गई। इस अवसर पर भगवान चक्रधर एवं श्री गिरिराजधरण का विशेष आकर्षक श्रंगार किया गया। इसके साथ ही सभी आराध्यों को राधा रसोई में निर्मित विशेष व्यंजनों का भोग अर्पित किया गया। श्रद्धालु भक्तगणों ने श्री गिरिराजधरण की परिक्रमा लगाई एवं भजन कीर्तन सुनाए आरती के पश्चात पूड़ी सब्जी प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर कोषाध्यक्ष राकेश बंसल, हरिशंकर सिंघल, महेश नीखरा,प्रदीप सिंघल,रविन्द्र चौबे, गिर्राज अग्रवाल, रीना शिवहरे, रचना भटीजा, सहित पदाधिकारी कार्यकारिणी सदस्य एवं श्रद्धालु भक्त उपस्थित थे।

## किरार समाज नरसिंहपुर की नवीन कार्यकारणी घोषित

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान



**नरसिंहपुर :-** मंगलवार को किरार समाज समिति नरसिंहपुर की नवीन कार्यकारणी घोषित की गई जिसमें नए सदस्यों को सामाजिक कार्य को आगे बढ़ाने हेतु निर्देशित किया एवं नियुक्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

ंयह चुने गए सदस्य:- नवयुवक किरार समाज जिला अध्यक्ष शुभम् पटेल,व्यापारी प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष जितेंद्र पटेल,उपाध्यक्ष अंकित पटेल , नवयुवक किरार समाज समिति नरसिंहपुर नवनियुक्त जिला उपाध्यक्ष विक्रम पटेल इमलिया ,जिला कोषाध्यक्ष सूरज पटेल मनकापुर ,जिला सचिव देवराज पटेल पनागर ,जिला सहसचिव गौरी शंकर पटेल तुमडा ,खुलरी मंडल अध्यक्ष सूरज पटेल डूंगरिया , साईखेड़ा मंडल अध्यक्ष नीलेश पटेल छोटी बनखेड़ी ,तेंदूखेड़ा मंडल अध्यक्ष आशीष पटेल ग्वारी , मंडल अध्यक्ष डोभी अभिषेक पटेल बिल्थारी नियुक्त किए गए।

## कुसुम महाविद्यालय में कॉलेज चलो अभियान के अंतर्गत प्राचार्यों की बैठक संपन्न

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान



नर्मदापुरम/सिवनी मालवा -: मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग भोपाल के निर्देश अनुसार शासकीय कुसुम महाविद्यालय सिवनी मालवा मे कॉलेज चलो अभियान के अंतर्गत सिवनी मालवा विकासखंड के समस्त शासकीय एवं अशासकीय हायर सेकेंडरी स्कूलों के प्राचार्यो के साथ बैठक संपन्न हुई द्य महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर राजेश कुमार रघुवंशी को सर्वप्रथम नेक द्वारा बी डबल प्लस मिलने पर समस्त प्राचार्यो द्वारा बधाई दी गईद्य साथ ही प्राचार्य डॉक्टर रघुवंशी द्वारा कुसुम महाविद्यालय के अधो संरचना की विस्तार पूर्वक जानकारी दी गईद्य उसके साथ ही कॉलेज चलो अभियान के प्रभारी डॉक्टर ए0 के0 यादव द्वारा महाविद्यालय में उपलब्ध सुविधाएं, समस्त छात्रवृत्ति योजनाएं, महाविद्यालय द्वारा संचालित एड ऑन कोर्स, महाविद्यालय की लाइब्रेरी, महाविद्यालय के ऑडिटोरियम, आदि की विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई द्य इसके साथ ही समस्त प्राचार्य को महाविद्यालय का विभाग वार भ्रमण कराया गयाद्य महाविद्यालय में भौतिक शास्त्र विभाग, रसायन शास्त्र विभाग, वर्चुअल क्लास, डिजिटल लाइब्रेरी, स्मार्ट क्लास, खेल विभाग आदि को दिखा जिसमें विकासखंड के प्राचार्यो द्वारा महाविद्यालय की अधो संरचना की प्रशंसा की गईद्य साथ ही महाविद्यालय के कॉलेज चलो अभियान प्रभारी डॉ ए0 के0 यादव द्वारा कॉलेज चलो अभियान के अंतर्गत समस्त प्राचार्यो से निवेदन किया गयाद्य कि समस्त स्कूलों के छात्र-छात्राएं शैक्षिक भ्रमण पर कॉलेज भेजे जाएं जिसको प्राचार्य द्वारा सहर्ष स्वीकार कर लिया गयाद्य समस्त प्राचार्यों द्वारा स्कूलों के छात्र-छात्राओं को भ्रमण हेतु महाविद्यालय भेजा जाएगाद्य इस अवसर पर राम मोहन रघुवंशी, गजेंद्र सिंह यादव, राजेश सोनी, उज्जवल गढ़वाल, राकेश साहू, विनय तिवारी, दिलीप मालवीय, अशोक साहू, प्रकाश व्यास, श्रीमती समीक्षा गौर, सी एस नागले, दिलीप मालवीय, ए एस राजपूत आदि प्राचार्य उपस्थित रहे।

दैनिक
केसरिया हिन्दुस्तान
ग्वालियर गुरूवार 30 जनवरी 2025
खबरें बेबाक, बेखौफ, बेझिझक



# संविधान गौरव अभियान के अंतर्गत भाजपा ने निकाली सभी मंडलों में बाईक रैली

## बाबा साहब का अपमान करने वाली कांग्रेस ने उनके नाम पर वोट लेकर सत्ता में बने रहने का काम किया - राजौरिया ,बाईक रैली में सांसद भारत सिंह कुशवाह भी हुए शामिल

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**
**9009601101**

**ग्वालियर** भारतीय जनता पार्टी के संविधान गौरव अभियान के अंतर्गत भाजपा महानगर के सभी मंडलों में आज बाईक रैलियां निकाली गई। डॉ भीमराव अंबेडकर मंडल की बाईक रैली बजरिया से प्रारंभ हुई जो मंडल में विभिन्न मार्गो से होती हुई सुरेश नगर अंबेडकर नगर पहुंची। जहां पर बाईक रैली के समापन पर मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष श्री जयप्रकाश राजौरिया ने कहा कि कांग्रेस ने डा अम्बेडकर जी का जन्म से लेकर परिनिर्वाण तक कांग्रेस ने कभी उनको महत्व नहीं दिया और ना ही सम्मान दिया गया। बाबा साहब के नाम पर वोट लेकर राजनीति करने वाली कांग्रेस ने बाबा साहब को भारत रत्न से भी सम्मानित नहीं किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने सदैव बाबा साहब के योगदान को दबाकर रखा और उनको कभी भी उचित सम्मान नहीं दिया। जबकि भाजपा ने हमेशा उनके काम और उनके योगदान को सम्मान दिया। इस रैली में अतिथि उपसभापति गिर्राज कंसाना, मंडल अध्यक्ष प्रवीण भारद्वाज, अखिल राजौरिया सहित अनेक कार्यकर्ता शामिल थे।

शहीद भगत मंडल की बाईक बारादरी से निकली इस बाईक रैली में मुख्य अतिथि सांसद भारत सिंह कुशवाह अतिथि जिला महामंत्री राजू पलैया थे । इस अवसर भाजपा ग्रामीण के जिलाध्यक्ष प्रेमसिंह राजपूत, भगत सिंह मंडल के अध्यक्ष मुकेश दुबे सहित अनेक कार्यकर्ता बाईक रैली में शामिल हुए।

स्वामी रामकृष्ण मंडल की बाईक रैली हुरावली तिराहे से प्रारंभ होकर करौली माता मंदिर पर समापन हुई। रैली में अतिथि पूर्व विधायक मुन्नालाल गोयल, अतिथि प्रदेश सह मीडिया प्रभारी जवाहर प्रजापति थे। इस बाईक रैली में मंडल अध्यक्ष शिव सिंह यादव सहित अनेक कार्यकर्ता शामिल हुए।

पं.अटल बिहारी वाजपेई मंडल की बाईक रैली में अतिथि पूर्व जिलाध्यक्ष श्री कमल माखीजानी, अतिथि जिला मंत्री धर्मेन्द्र कुशवाह थे। रैली में मंडल अध्यक्ष कौशलेंद्र राजावत के अलावा अनेक कार्यकर्ता थे।

हेमूकालानी मंडल में अतिथि पूर्व जिलाध्यक्ष अभय चौधरी, अतिथि उपाध्यक्ष कनवर मंगलानी थे। मंडल अध्यक्ष सत्यपाल जादौन के अलावा अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

गुप्तेश्वर मंडल बाईक रैली में



अतिथिद्वय प्रदेश कार्यसमिति सदस्य श्रीमती सुमन शर्मा, उपाध्यक्ष सुधीर गुप्ता थे। मंडल अध्यक्ष श्री विनय शर्मा के अलावा अनेक कार्यकर्ता थे।

स्वामी विवेकानंद मंडल में बाईक में अतिथि रैली जिला महामंत्री विनय जैन मंडल अध्यक्ष अमर कुटे सहित अनेक कार्यकर्ता शामिल हुए।

महाराणा प्रताप मंडल बाईक में अतिथिद्वय जिला महामंत्री विनोद शर्मा, पूर्व जिला महामंत्री राजू सेंगर, पूर्व जिला महामंत्री राजू सेंगर तथा मंडल अध्यक्ष उमेश भदोरिया के अलावा अनेक कार्यकर्ता बाईक रैली में शामिल हुए।

पं. दीनदयाल उपाध्याय मंडल बाईक रैली भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष श्री वेदप्रकाश शर्मा तथा भाजपा जिला उपाध्यक्ष धर्मेंद्र तोमर के आतिथ्य में दीनदयाल नगर से निकली। इसमें मंडल अध्यक्ष जबर सिंह गुर्जर सहित अनेक कार्यकर्ता शामिल हुए।

वीर सावरकर मंडल में म.प्र. शासन के पूर्व मंत्री श्रीमती मायासिंह जी के आतिथ्य में बाईक रैली निकाली। रैली में मंडल अध्यक्ष रमाकांत महते के अलावा अनेक कार्यकर्ता शामिल हुए।

महाराजा मानसिंह तोमर मंडल में बाईक रैली प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अशोक शर्मा, भाजपा वरिष्ठ नेता अरूण कुलश्रेष्ठ के आतिथ्य में निकाली गई। इसमें मंडल अध्यक्ष श्री योगेन्द्र सिंह तोमर सहित अनेक कार्यकर्ता शामिल हुए।

राष्ट्रवीर दुर्गादास मंडल पूर्व विधायक रमेश अग्रवाल, जिला उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र राणा के आतिथ्य में बाईक रैली निकाली गई । इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष ब्रजमोहन शर्मा सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

श्रीरानी लक्ष्मीबाई मंडल जिला मंत्री अमित जादौन के आतिथ्य में बाईक रैली निकाली गई। इस रैली में मंडल अध्यक्ष अरूण वाजपेई ?सहित अनेक कार्यकर्ता शामिल हुए।

संत रविदास मंडल में बाईक रैली निगम सभापति मनोज तोमर, जिला उपाध्यक्ष दीपक शर्मा के आतिथ्य में बाईक रैली निकाली गई। इसमें मंडल अध्यक्ष लवी खंडेलवाल सहित अनेक कार्यकर्ता शामिल हुए।

महाराजा अग्रसेन मंडल में बाईक रैली निगम के पूर्व सभापति राकेश माहौर एवं जिला मंत्री शैली शर्मा के आतिथ्य में बाईक रैली निकाली गई। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष महेश भदौरिया सहित अनेक कार्यकर्ता शामिल हुए।

# जल बचाएं, पौधे लगाएं और पॉलीथिन को हटाएं: शिवशंकर

## हरित सम्मेलन के बाद निकाली पर्यावरण जागरूकता रैली

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**
**9009601101**

**ग्वालियर।** जल ही जीवन है। इसलिए जल को व्यर्थ न बहाएं। स्नान, बर्तन धोने में भी पानी ज्यादा बर्बाद न करें। साथ ही हरियाली के लिए पौधे रोपें और पॉलीथिन का उपयोग न करें, क्योंकि पॉलीथिन से जमीन बंजर हो रही है और इसे खाकर गाय माता मर रही हैं।

यह बात प्रसिद्ध पर्यावरण विशेषज्ञ शिवशंकर जी ने महाराज बाड़ा पर आयोजित हरित सम्मेलन (पर्यावरण संरक्षण गतिविधि) में मुख्य अतिथि की आसंदी से कही। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय, ग्वालियर नगर निगम, जन अभियान परिषद, पर्यावरण सचेतक अभियान समिति, लायंस क्लब, पर्यावरण दूत फाउंडेशन, दाना-पानी ग्रुप, बैसली नदी पुनर्जीवन अभियान, सेव वाटर आर्मी, चिड़िया उड़ पाठशाला सहित विभिन्न संगठनों द्वारा आयोजित कार्यक्रम में आदर्श दीदी, वरिष्ठ समाजसेवी दीपक सचेती, गिर्राज दानी, अजीत बरैया, मुकेश बंसल, श्रद्धा शर्मा, जयदीप भदौरिया, रेणू जैन, रेखा श्रीवास्तव, नीलम अग्रवाल, दीपाली जी, दीपिका जैन,




चन्द्रभान सचान, गरिमा वैश्य, अर्जुन भदौरिया, राजेश पण्डिया, मनोज अग्रवाल, गिर्राज गुप्ता, मीना भट्ट, सुधीर भदौरिया, रितुराज जी भी मंचासीन रहे। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय लश्कर ग्वालियर केंद्र प्रभारी आदर्श दीदी ने कहा कि शहर को घर का आंगन समझकर स्वच्छ रखें। जल की एक-एक बूंद बचाएंगे तभी हमारा कल का भविष्य बचेगा और पौधे लगाएंगे तो हमें प्राण वायु मिलेगी। हम सब मिलकर स्वर्णिम ग्वालियर और स्वर्णिम भारत बनाएं। वरिष्ठ समाजसेवी दीपक सचेती ने कहा कि पर्यावरण एक ऐसा विषय है जो हमारी जिन्दगी से जुड़ा है। इस कार्यक्रम के माध्यम से हमें जन-जन को सचेत करना है। राजकुमार प्रजापति ने आमजनों और स्कूली बच्चों से डिस्पोजल का उपयोग नहीं करने का आह्वान किया। कार्यक्रम को सीबी सचान, जयदीप सिंह भदौरिया ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन गिर्राज गोयल ने किया।

**पर्यावरण मित्रों को किया सम्मानित :** इस अवसर पर पर्यावरण के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए पर्यावरण सम्मान शिवशंकर जी को, बैसली सम्मान गोपाचल पर्वत के 12 बीघा क्षेत्र में एक लाख वृक्ष लगाने के लिए समाजसेवी अजीत बरैया, ब्रह्माकुमारी आदर्श दीदी को पर्यावरण सम्मान, गरिमा वैश्य को टेरिस गार्डन के लिए, राजचड्ढा को दाना-पानी के लिए, रोहित उपाध्याय एवं परमजीत सिंह को पौधे रोपने के लिए सम्मानित किया गया।

**पर्यावरण जागरूकता रैली निकाली :** हरित सम्मेलन के बाद हजारों स्कूली बच्चों एवं आमजनों ने महाराज बाड़े से पर्यावरण जागरूकता रैली निकाली। जो सराफा बाजार, पारखजी का बाड़ा, दौलतगंज होते हुए पुन: महाराज बाड़े पहुंची।

**लोगों को बांटे पौधे** इस अवसर पर आयोजकों ने स्कूली छात्र-छात्राओं एवं आमजनों को पर्यावरण संरक्षण गतिविधि के तहत पौधे बांटे और उनसे आग्रह किया यह पौधे आज ही अपने बगीचे एवं आंगन में लगाएं।

**स्वच्छता का लिया संकल्प :** कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सैकड़ों लोगों को श्रृद्धा शर्मा ने स्वच्छता अभियान के तहत नगर को स्वच्छ रखने का संकल्प दिलाया।

**सफाई मित्रों का हुआ सम्मान :** इस अवसर पर नगर के सफाई मित्र राजेश, हेमन्त, बृजेन्द्र, पप्पीजी, राजकुमार, श्रीमती शारदा, श्रीमती लक्ष्मी, श्रीमती माला जी, मनोज, महेन्द्र को अंगवस्त्र पहनाकर सम्मानित किया गया।

# हजारों वर्षों से सनातन संस्कृति ने देश को जोड़ने का काम किया : पूर्व विधायक गोयल

## रामकृष्ण मण्डल में भाजपा कार्यकर्ताओं ने निकाली बाइक रैली

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**
**9009601101**

**ग्वालियर-** बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर द्वारा रचित हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान卐 गौरव यात्रा को लेकर आज भाजपा रामकृष्ण मण्डल के सैंकडों कार्यकर्ताओं ने हुरावली से विशाल बाइक रैली पूर्व विधायक मुन्नालाल गोयल, मण्डल अध्यक्ष शिव सिंह यादव, वरिष्ठ नेता जवाहर प्रजापति की अगुआई में प्रारंभ हुई। यह बाइक रैली वार्ड 29, 30 एवं 60 से होते हुए महलगांव पर जाकर समाप्त हुई । इस रैली में प्रमुख रूप से एन.जी.ओ प्रकोष्ठ के सह संयोजक विवेक शर्मा, जिला आई.टी प्रभारी राघवेन्द्र कुशवाह, प्रदेश उपाध्यक्ष युवा मोर्चा विवेक चैहान, पूर्व पार्षद मेहताब कंसाना, पूर्व पार्षद वीरेन्द्र यादव, सुबोध दुबे, लोकेश शर्मा, सूरज ऐशवार, मोनू कंसाना, विशाल शर्मा, सुरेश मोगिया, जसवंत कमरिया, बचोला गुर्जर, राजकुमार गुप्ता, सुजान परिहार, मुन्नालाल जाटव आदि शामिल थे। इस मौके पर पूर्व विधायक मुन्नालाल गोयल ने कहा कि देश की संस्कृति धार्मिक, वैचारिक विविधताओं के बावजूद हजारों वर्षों की सनातन संस्कृति ने देश को एकता के सूत्र बांधकर जोडने का काम किया लेकिन आज कांग्रेस अपने राजनैतिक स्वार्थों के लिए देश के संविधानिक मूल्यों एवं सनातन संस्कृति पर हमला कर देश को तोडने का काम कर रही है प्रत्येक भाजपा कार्यकर्ता की जिम्मेदार है कि




देश के संविधान एवं संस्कृति पर हो रहे हमलों के खिलाफ जन जागरण के माध्यम से अपने क्षेत्र में जनता को सचेत करने का काम करें।

# त्रि- दिवसीय श्री रामचरित मानस सम्मेलन तीन से पांच फरवरी तक

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान/**
**रिपोर्टर संतोष सिंह चौहान**

लहार..बड़े हर्ष के साथ सूचित किया जाता है कि करूणामयी एवं बात्सल्यमयी जगत जननी माँ कैलादेवी की पावन प्रेरणा से तथा भूत भावन भोलेनाथ एवं श्रीराम कथा रसिक अनन्त बलवन्त श्री हनुमन्त लालजी की असीम अनुकम्पा से ग्राम लालपुरा (लहार) श्री रामचरित मानस सम्मेलन का भव्य आयोजन दिनांक 03,04, फरवरी से दिन सोमवार, मंगलवार,




वुधवार,समय सुवह 11 बजे से शाम 05 बजे तक होने जा रहा है,अत: आप सभी कथा प्रेमी बन्धुओं से विनम्र निवेदन है कि आप सभी अपने ईष्ट मित्रों सहित पधारकर कथामृत पानकर जीवन को कृतार्थ करें

आमंत्रित प्रवक्ता गण श्री रामदेवदास जी रामायणी (गौरीगंज अमेठी) अयोध्या धाम (उ.प्र.),साध्वी सुश्री गायत्री जी रामायणी (हमीरपुर) उ.प्र,श्री लक्ष्मी नारायण जी रामायणी (मानस प्रेमी मुरैना)मंच संचालन -पं. श्री राजकुमार शुक्लाजी ग्राम भटपुरा (लहार)द्वारा किया जावेगा,कथा स्थल- माँ श्री कैलादेवी जी मन्दिर परिसर ग्राम लालपुरा (लहार)।।

# हाई ब्लड प्रेशर से बचने के घरेलू उपाय : डॉक्टर कर्नल रवि जैन

**दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान पंकज जैन**

**अंबाह।** अंबाह के जन्मे डॉ कर्नल रवि जैन प्रत्येक रविवार को आगरा पुष्पांजलि हॉस्पिटल से अंबाह पोस्ट ऑफिस के पीछे आते हैं। अंबाह में डॉक्टर की कमी को देखते हुए उन्होंने यह कदम उठाया है। वह गंभीर से गंभीर असाध्याय रोग का इलाज कर रहे हैं। ज्यादातर बीमारियां ब्लड प्रेशर से होती हैं। डॉ रवि जैन ने ब्लड प्रेशर के बारे में कुछ रोचक जानकारी दी। ब्लड प्रेशर को साइलेंट किलर के नाम से भी जाना जाता है। हाई ब्लड प्रेशर से पीड़ित व्यक्ति के लिए जरूरी है कि वह अपनी लाइफस्टाइल और डाइट पर विशेष ध्यान दे। अक्सर ऐसा देखा जाता है कि हाई बीपी के पेशेंट में कोई लक्षण या संकेत देखने को नहीं मिलते हैं। आइए जानते हैं, हाई ब्लड प्रेशर के लक्षण और उपचार क्या है, इसके कारण क्या होता है, हाई बीपी कंट्रोल कैसे करें? इत्यादि।

**उच्च रक्तचाप क्या है?**

हाई ब्लड प्रेशर में ब्लड प्रेशर 140/90 या इसके उपर पहुँच जाता है। ऐसे में शरीर के धमनियों में रक्त का दबाव बहुत बढ़ जाता है। अक्सर दिनभर में रक्त चाप अनेक बार बढ़ता और कम होता है, लेकिन अगर यह लंबे अंतराल तक अधिक रहता है तो यह सेहत के



लिए हानिकारक हो सकता हैं। इस समस्या के कारण हृदय रोग, हार्ट फेल्योर और स्ट्रोक जैसी अनेक बीमारियां हो सकती हैं।

बीपी हाई क्यों होता है? डॉक्टरों के अनुसार हाइपरटेंशन का मुख्य कारण लाइफस्टाइल से जुड़ी आदतें होती हैं, जिसके कारण और बीमारियाँ भी हो सकती हैं। अगर हाइ ब्लड प्रेशर हो जाने के बाद दवाइयां खानी पड़े तो उससे बेहतर हैं की इस बीमारी से बचने के लिए हम एहतियात बरतें और अपने जीवनशैली में बदलाव करें।

**बीपी बढ़ने का मुख्य कारण क्या है?** उच्च रक्तचाप होने के निम्नलिखित कारण हो सकते हैं-

**ब्लड प्रेशर का पारिवारिक इतिहास**

मोटापा या वजन ज्यादा होना
तनाव(स्ट्रेस)
नमक का ज्यादा सेवन
शराब, धूम्रपान
नशीली दवाओं का सेवन
खराब जीवनशैली

**तुरंत बीपी कम करने के उपाय क्या है?**

तुरंत बीपी कम करने के घरेलू उपाय निम्नलिखित हैं-

■पानी का ज्यादा मात्रा में सेवन करें।
■नमक मसाला पर नियंत्रण करें और हल्का भोजन करें।
■फल, सलाद, सूप और
■सब्जियों का सेवन करें।

निंबू-पानी का सेवन करें, ध्यान रखें कि पानी में नमक और चीनी को न डालें।

# उत्कृष्ट कार्य के लिए पुलिस अधीक्षक ने लहार थाना आरक्षक विशाल मिश्रा को किया सम्मानित

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान/**

**रिपोर्टर संतोष सिंह चौहान**

थाना लहार में अपनी अच्छी कार्यशैली और काम के प्रति लगन को लेकर मशहूर थाना आरक्षक विशाल मिश्रा को आज उत्कृष्ट कार्य के लिए गणतत्रं दिबस पर भिंड पुलिस अधीक्षक असित यादव ने सम्मानित किया एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की ।



# नवागत निगमायुक्त संघप्रिय ने किया पदभार ग्रहण, अधिकारियों से की चर्चा

**ग्वालियर ।** नवागत नगर निगम आयुक्त संघ प्रिय ने बुधवार को दोपहर में पदभार ग्रहण कर सभी अधिकारियों का परिचय प्राप्त किया तथा सभी अधिकारियों से आपस में समन्वय बनाकर शहर विकास के लिए मेहनत से कार्य करने की बात कही। इस अवसर पर अपर आयुक्त विजय राज, मुनीश सिंह सिकरवार, अनिल दुबे, अपर आयुक्त वित्त श्रीमती रजनी शुक्ला उपस्थित रहे।

नवागत निगमायुक्त संघ प्रिय ने नगर निगम के सभी अधिकारियों के साथ बैठक कर परिचय प्राप्त किया



तथा विभिन्न विभागों की जानकारी प्राप्त की। बैठक में निगमायुक्त संघ प्रिय ने अधिकारियों से कहा कि हम सभी एक परिवार के रुप में मिलकर ईमानदारी, पूर्ण निष्ठा, मेहनत एवं पारदर्शिता के साथ कार्य करें।

# नगरपालिका के द्वारा मुरैना तिराहा पर हटवाया अतिक्रमण

**दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान पंकज जैन**

**अम्बाह।** अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं अनुविभागीय अधिकारी परपुलिस के सहयोग से मुरैना तिराहा नगर पालिका सीमा तक रोड के दोनो तरफ पर स्थाई एवं अस्थाई अतिक्रमण रेम्प, टीनशेड, वाहन, अन्यूजड पोल, एवं मलवा को हटवाया गया । उक्त अभियान प्रति बधुवार किया जावेगा। अतिक्रमण अभियान में श्री शारिब कौसर मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका परिषद अम्बाह का समस्त अमला एवं हल्का पटवारी उपस्थित रहे।



# गेंहू उपार्जन के लिए एमपी ऑनलाइन कियोस्क, कॉमन सर्विस सेन्टर, साइबर कैफे एवं लोकसेवा केन्द्रों पर भी पंजीयन की सुविधा रहेगी

## संबंधित संस्था को किसान पंजीयन केन्द्र के रूप में कार्य करने पोर्टल पर करना होगा आवेदन

सीधी। रबी विपणन वर्ष 2025-26 अंतर्गत समर्थन मूल्य पर गेंहू उपार्जन हेतु पंजीयन के संबंध में राज्य शासन द्वारा विस्तृत दिशा निर्देश दिए गए हैं। किसान पंजीयन की समयावधि 20 जनवरी से 31 मार्च 2025 तक किया जाना है। एमपी ऑनलाइन कियोस्क, कॉमन सर्विस सेन्टर (सीएससी) साइबर कैफे एवं लोकसेवा केन्द्रों और निजी व्यक्तियों द्वारा संचालित साइबर कैफे पर पंजीयन हेतु शुल्क राशि प्राप्त करने के संबंध में निर्देशानुसार प्रति पंजीयन हेतु 50 रूपये से अधिक शुल्क निर्धारित नहीं किया गया है। इस प्रकार प्रति पंजीयन हेतु 50 रूपये से अधिक शुल्क नहीं लिया जायेगा।

कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी ने जिला प्रबंधक लोक सेवा केन्द्र, जिला प्रबंधक ई-गवर्नेंस एवं समस्त जिला समन्वयक एम.पी.ऑनलाइन कियोस्क, कॉमन सर्विस सेन्टर (सीएससी) साइबर कैफे एवं लोकसेवा केन्द्र संचालक को निर्देशित किया है कि आपके निर्देशन में संचालित उक्त केन्द्रों पर पंजीयन सुविधा एवं शुल्क राशि के संबंध में आवश्यक बैनर लगायें जायें। बैनर न्यूनतम 5गुणा3 साईज का हो तथा यह बैनर स्वयं प्रतिष्ठान द्वारा अपने व्यय पर लगाया जाए तथा डीएसओ लॉगइन हेतु आवेदन प्रेषण करने के पूर्व प्रत्येक एम.पी.ऑनलाइन कियोस्क, कॉमन सर्विस सेन्टर (सीएससी) साइबर कैफे एवं लोकसेवा केन्द्र प्रबंधकों द्वारा एमपी ई उपार्जन पोर्टल पर पूर्ण रूप से सही स्पष्ट भरी जाए तथा संलग्न किये जा रहे शपथ पत्र कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर जमा करने के निर्देश देवे।

यह ध्यान देंगे कि किसान पंजीयन के लिए भूमि संबंधी दस्तावेज एवं किसान के आधार एवं अन्य फोटो पहचान पत्रों का समुचित परीक्षण कर उनका रिकार्ड अनिवार्य रूप से रखा जाएगा इसलिए प्रत्येक किसान से आवश्यक दस्तावेज स्पष्ट प्राप्त करने के निर्देश अधीनस्थ एम.पी. ऑनलाइन कियोस्क, कॉमन सर्विस सेन्टर (सीएससी) लोकसेवा केन्द्र साइबर कैफे के प्रबंधकों को देवे तथा साथ ही यह भी निर्देश देवे कि सिकमी/बटाईदार/कोटवार एवं वनपट्टाधारी किसान के पंजीयन की सुविधा केवल सहकारी समिति एवं सहकारी विपणन सहकारी संस्था द्वारा संचालित पंजीयन केन्द्रों पर उपलब्ध रहेगा तथा उक्त श्रेणी का पंजीयन साइबर कैफे पर बिलकुल भी न कराया जाये।

उन्होने कृषकों के पंजीयन की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि उक्त निर्देशों का पालन करते हुए संबंधित एमपी ऑनलाइन कियोस्क, कॉमन सर्विस सेन्टर (सीएससी) साइबर कैफे एवं लोकसेवा केन्द्र संचालकों से अधिक से अधिक मात्रा में एवं न्यूनतम पंजीयन शुल्क के प्रस्ताव सहित पंजीयन केन्द्र स्थापना हेतु आवेदन प्राप्त कर स्थापित किए जाने हेतु अनुशंसा सहित केन्द्रों की सूची जिला आपूर्ति अधिकारी कार्यालय को उपलब्ध कराएं जिससे आगामी कार्यवाही की जा सके।

**सहकारी समितियों में भी होगा पंजीयन :** तहसील कुसमी में सेवा सहकारी संस्था टमसार, आदिम जाति सेवा सहाकरी संस्था लुरघुटी, सेवा सहकारी संस्था भुईमाड, गोपद बनास अंतर्गत सेवा सहकारी संस्था सीधी खुर्द, आदिम जाति सेवा सहकारी संस्था सारोकला, आदिम जाति सेवा सहकारी संस्था चौफाल, आदिम जाति सेवा सहकारी संस्था चौफाल माटा, सेवा सहकारी संस्था सेमरिया, सेवा सहकारी संस्था अमरवाह एवं सेवा सहकारी संस्था गांधीग्राम, चुरहट अंतर्गत सेवा सहकारी संस्था सांडा, सेवा सहकारी संस्था सांडा बडाटीकट, सेवा सहकारी संस्था बेल्दह एवं सेवा सहकारी संस्था बेल्दह चुरहट, बहरी अंतर्गत सेवा सहकारी संस्था चंदवाही, सेवा सहकारी संस्था चंदवाही बघोर, सेवा सहकारी संस्था अमरपुर, आदिम जाति सेवा सहकारी संस्था सारोकला सपही, सेवा सहकारी संस्था अमरपुर, सिहावल अंतर्गत सेवा सहकारी संस्था बमुरी, सेवा सहकारी संस्था बमुरी बिठौली, सेवा सहकारी संस्था पतुलखी, एवं सेवा सहकारी संस्था अमिरती, रामपुर नैकिन अंतर्गत सेवा सहकारी संस्था रामपुर नैकिन, सेवा सहकारी संस्था रामपुर नैकिन कुडिया, सेवा सहकारी संस्था कंधवार, सेवा सहकारी संस्था कंधवार बडखरा, सेवा सहकारी संस्था गुजरेड, सेवा सहकारी संस्था गुजरेड खड्डी, सेवा सहकारी संस्था अमरवाह धनहा तथा मझौली अंतर्गत सेवा सहकारी संस्था ताला, सेवा सहकारी संस्था मझौली, सेवा सहकारी संस्था मडवास, सेवा सहकारी संस्था मड़वास गिजवार एवं सेवा सहकारी संस्था टिकरी में पंजीयन केन्द्र बनाए गए हैं।

# अधिकारियों-कर्मचारियों के आईएफएमआईएस प्रोफाइल में समग्र आईडी की प्रविष्टि करनी होगी

**सीधी।** अपर कलेक्टर अंशुमन राज ने जानकारी देकर बताया है कि म.प्र. शासन वित्त विभाग मंत्रालय वल्लभ भवन म.प्र. भोपाल के पत्र दिनांक 14.12.2024 में दिए गये निर्देशानुसार समस्त आहरण एवं संवितरण अधिकारी कार्यालय अंतर्गत कार्यरत समस्त अधिकारियों-कर्मचारियों के आईएफएमआईएस में उनके स्वयं के लॉगिन से समग्र आईडी की प्रविष्टि आगामी दिनांक 28.02.2025 के पूर्व तक पूर्ण कर अद्यतन किया जाना है। प्रथम चरण में नियमित शासकीय सेवकों के लिये समग्र आईडी की प्रविष्टि की कार्यवाही किया जाना है। द्वितीय चरण में मानदेयी/संविदा/दैनिक वेतनभोगी शासकीय सेवकों को भी उपर्युक्त कार्य करना होगा।

उन्होंने बताया कि समस्त शासकीय सेवकों का दायित्व होगा कि वह आईएफएमआईएस के अंतर्गत इम्प्लॉइ सेल्फ सर्विस प्रोफाइल के माध्यम से अपनी समग्र आईडी की प्रविष्टि कर जानकारी सत्यापित करें। आईएफएमआईएस में समग्र आईडी की प्रविष्टि करनें के लिए सुविधा उपलब्ध करा दी गयी है। यहाँ यह उल्लेखनीय है कि आईएफएमआईएस/आधार एवं समग्र में नाम की एकरूपता हो तथा समग्र आईडी से आधार एवं मोबाईल नं. लिंक हो।

समस्त आहरण एवं संवितरण अधिकारी कार्यालय के अंतर्गत कार्यरत चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों के विभागीय भविष्य निधि (डीपीएफ) का बैलेंस आईएफएमआईएस में अद्यतन किये जानें के लिए विस्तृत दिशा-निर्देश एवं एसओपी जारी किया गया था किन्तु आज दिनांक तक 18 विभिन्न विभागों के कुल 128 डीपीएफ श्रेणी के कर्मचारियों के डीपीएफ बैलेंस अद्यतन नहीं हो सका है। एक्सेल शीट का अवलोकन कर डीडीओ से संबंधित लंबित कर्मचारियों की जानकारी तैयार कर कोषालय सीधी की ओर अविलम्ब वित्तीय वर्षवार उपलब्ध करावें। कार्यालय सहायक आयुक्त आदिवासी विकास सीधी में सर्वाधिक 35 एवं 07 तहसील कार्यालयों में 56 डीपीएफ श्रेणी के सेवकों के बैलेंस अद्यतन किये जानें के लिए शेष है।

एनपीएस मिसिंग क्रेडिट्स से संबंधित लंबित व्हाउचर 27 डीडीओ के आर और डी में परीक्षण कर पूर्व में अवगत कराये गये प्रक्रिया अनुसार देयक सबमिट कर संबंधित कर्मचारी का प्रान खाते में राशि समायोजन करें। कार्य को प्राथमिकता के आधार पर अविलम्ब पूर्ण करें । इसी प्रकार आईएफएमआईएस अंतर्गत ईएसएस प्रोफाइल में शासकीय सेवकों की ईएसएस प्रोफाइल पूर्ण करें जिसमें पेन नम्बर एवं परिवार के सभी सदस्यों का नाम, परिवार विवरण में एवं नॉमिनी डिटेल्स में नॉमिनी का विवरण अनिवार्य रूप से इंद्राज करें।

फेल्ड ट्राजेक्शन असफल ई-भुगतान की सूची पूर्व में संबंधित समस्त डीडीओ को उपलब्ध करायी गई थी तथा स्पष्ट निर्देश दिये गये थे कि असफल भुगतान के चालानों का नियमानुसार परीक्षण कर रिफंड के देयक तैयार कर कोषालय की ओर अतिशीघ्र प्रस्तुत करें। किन्तु संबंधित डीडीओ द्वारा आज दिनांक तक उक्त कार्यवाही पूर्ण नहीं किया गया एवं न ही एसओपी अनुसार फेल्ड चालानों की राशियों को 0075-00-101 में अंतरित किया गया।

उन्होंने समस्त आहरण एवं संवितरण अधिकारियों को निर्देशित किया है कि उल्लेखित कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए एवं जिला कोषालय सीधी से आवश्यक समन्वय स्थापित करते हुए शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त कर कार्य पूर्णता का प्रमाण-पत्र उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित करें। किसी भी प्रकार की विषम परिस्थिति उत्पन्न होनें पर संबंधित डीडीओ/कार्यालय प्रमुख स्वयं जिम्मेदार होंगे तथा अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रस्तावित की जावेगी।

## जवाहर नवोदय विद्यालय 9वीं एवं 11वीं प्रवेश परीक्षा 8 फरवरी को

**सीधी।** प्रभारी प्राचार्य जवाहर नवोदय विद्यालय चुरहट ने जानकारी देकर बताया है कि जवाहर नवोदय विद्यालय चुरहट के कक्षा 9वीं एवं 11वीं में प्रवेश हेतु चयन परीक्षा का आयोजन जवाहर नवोदय विद्यालय चुरहट एवं सीधी में दिनांक 08.02.2025 को होगा। परीक्षा केन्द्र पर रिपोर्टिंग का समय 10.30 बजे है। अभ्यर्थी प्रवेश पत्र वेबसाइट से डाउनलोड एवं प्रिंट कर के परीक्षा में उपस्थित हों किसी तरह के सुधार हेतु दिनांक 03.02.2025 तक जवाहर नवोदय विद्यालय चुरहट में सम्पर्क कर सकते हैं।

उन्होने बताया कि कक्षा 9वीं की परीक्षा जवाहर नवोदय विद्यालय चुरहट में 480 विद्यार्थी जो कि अनुक्रमांक 202422 से 202829 तक, सीधी क्रमांक 01 में 600 विद्यार्थी 202830 से 203429 तक एवं सीधी क्रमांक 02 में 396 विद्यार्थी 203430 से 203825 तक तथा कक्षा 11वीं की परीक्षा जवाहर नवोदय विद्यालय चुरहट में 154 विद्यार्थी 137554 से 137707 तक विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित होंगे।

# एक हजार वर्ष प्राचीन जिनालय में मनाया भगवान आदिनाथ स्वामी का मोक्ष



खजुराहो। श्री दिगंबर जैन अतिशय क्षेत्र खजुराहो में की पावन धरा में युग प्रवर्तक देवाधिदेव 1008 श्री आदिनाथ भगवान निर्वाण (मोक्ष कल्याणक) दिवस श्रद्धा भक्ति एवं उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर एक हजार वर्ष प्राचीन आदिनाथ जिनालय में भगवान आदिनाथ स्वामी का महामस्ताभिषेक किया गया तदोपरांत शांतिधारा पूजन निर्वाण लड्डू चढ़ाया गया। युग प्रवर्तक, आदि ब्रम्हा, आदि शंकर, आदि अनेको नामो से विभूषत असी, मसी, कृषि, गड़ित, व अक्षर (शब्द) का ज्ञान सम्पूर्ण विश्व को देने बाले इस युग के प्रथम तीर्थंकर देवाधिदेव 1008 श्री आदिनाथ भगवान का मोक्ष कल्याणक (निर्वाण दिवस) महामहोत्सव 28 जनवरी 2025 माघ कृष्ण चतुर्दशी मंगलवार को श्री दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र स्वर्णोदय तीर्थ खजुराहो जी मे 1000 वर्ष प्राचीन आदिनाथ जिनालय श्रद्धा भक्ति पूर्वक मनाया गया जिसमे जैन बन्धुओं के साथ मतंगेश्वर सेवा समिति एवं दद्दा जी इंटरनेशनल कल्चर सेंटर के पंडित सुधीर शर्मा के साथ कई विदेशियों गोविन्द बोरसो, सरिता शर्मा, टॉम एवं अंजलि गुप्ता फ्रांस ने भाग लिया7 देवाधिदेव 1008 आदिनाथ भगवान का जन्म इस युग तीसरे काल सुषमा दुषमा के मध्य में वर्तमान के उत्तर प्रदेश में शाश्वत तीर्थ अयोध्या नगर में चैत्र कृष्ण नवमी को राजा नाभिराय माता मरुदेवी की यहां हुआ था। अयोध्या में ऋषभदेव (आदिनाथ) के अलावा जैन धर्म के चार और तीर्थंकरों का जन्म भी अयोध्या में हुआ था। आदिनाथ के समय में मनुष्य की आजीविका कल्प बृक्ष के माध्यम से होती थी, जब कल्प बृक्षो का प्रभाव खत्म होने लगा तब प्रजा को आजीविका चलाने के लिए आदिनाथ ने असी, मसि, कृषि, व्यापार , वाणिज्य का ज्ञान दिया। राजा नाभिराय इस युग के अंतिम कुलकर थे। ऋषभदेव जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर थे अतः इन्हें आदिनाथ के नाम से भी जाना जाता है। भगवान ऋषभदेव का विवाह सुमंगला एवं सुनन्दा से हुआ था।आदिनाथ भगवान के कुल 101 पुत्र व दो पुत्रियां थी। भगवान ऋषभदेव वर्तमान अवसर्पिणी काल के प्रथम दिगम्बर जैन मुनि थे।



# धार केन्द्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं को गांव-गांव तक पहुंचाने में मध्यप्रदेश जन अभियान उल्लेखनीय कार्य कर रहा है : श्री सरदार सिंह जी मेड़ा

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान



**भगवान मुजाल्दा** – उक्त कथन आज मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा आयोजित मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम अंतर्गत मेंटर्स के 2 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण के शुभारंभ अवसर पर कहे।

आज दिनांक 28 जनवरी 2025 को स्थानीय ग्रामीण आजीविका भवन में 2 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण के प्रथम दिवस का शुभांरभ किया गया।प्रशिक्षण मे मुख्य अतिथि श्री सरदारसिंह जी मेडा जिला पंचायत अध्यक्ष धार, श्री मुकामसिंह जी रावत पूर्व उपाध्यक्ष जिला जन अभियान समिति धार,श्री नंदन जी जोशी सामाजिक कार्यकर्ता एवं विवेकानंद केन्द्र धार, श्री नवनीत रत्नाकर जिला समन्वयक मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद धार मंचासीन रहे।

कार्यक्रम के प्रारंभ में आये अतिथियो के द्वारा मॉ भारती एवं मॉ सरस्वती के पूजन, माल्यार्पण,एवं दीप प्रज्वलन के पश्चात कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।श्री सरदारसिंह जी मेडा का स्वागत श्री कमल मेडा विकासखण्ड समन्वयक सरदारपुर, श्री मुकामसिंह जी का स्वागत श्री सचिन त्रिवेदी विकासखण्ड समन्वयक नालछा, श्री नदंन जी जोशी का स्वागत श्री दयाराम जी मुवेल, विकासखण्ड समन्वयक गंधवानी एवं श्री नवनीत रत्नाकर जी का स्वागत श्री धर्मेन्द्र कुमार शर्मा डाटा एन्ट्री आपरेटर के द्वारा किया गया।स्वागत भाषण एवं अतिथि परिचय श्री नवनीत रत्नाकर, जिला समन्वयक धार द्वारा अवगत करवाया गया।

प्रथम अतिथि नंदन जोशी के द्वारा कहा गया कि स्वामी विवेकानंदजी का उदाहरण देते हुए प्रतिभागियों को समाज को जागरूक करने का कार्य आपके मार्गदर्शन में समाज को नई दिशा देने का कार्य किया जा रहा है। परामर्शदाता के द्वारा उस युवा पीढ़ी को सामाजिक कार्यकर्ता बनने की प्रेरणा एवं जागरूकता के लिए सामाजिक क्षेत्र में आगे बढने का असवर दिया जा रहा है।श्री मुकामसिंह जी रावत के द्वारा कहा गया कि प्रशिक्षण से व्यक्तित्व विकास, सामाजिक विकास एवं बोलने का प्रशिक्षण में सिखने को मिलता है।उन्होने चित्रकूट का उदाहरण देते हुए नानाजी देशमुख के सामाजिक क्षेत्र में उनके द्वारा ग्राम ग्राम जाकर ऐसे लोगो को इकटठा किया जिसमें सामाजिक कार्यकर्ता किसानो युवाओ छात्रो को इकटठा कर सामाजिक कार्य के प्रेरणास्त्रोत बने।इसके पश्चात सरदारसिंह जी मेड़ा द्वारा प्रतिभागियों को प्रशिक्षण की बधाई देते हुए कहा गया कि मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद की योजनाओं के माध्यम से राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुचाने के लिए कार्यकर्ताओ को तैयार कर रहे है। यह बहुत अच्छा सरहानीय कार्य किया जा रहा है। प्रथम सत्र में प्रोफेसर डॉ. श्री ताराचंद नरगावे,पीएम एक्सीलेंस कॉलेज के द्वारा राष्टीय शिक्षा नीति के विविध प्रावधान के संबंध में प्रतिभागियों को विस्तृत जानकारी प्रजेन्टेशन के माध्यम से दी गई। द्वितिय सत्र में प्रोफेसर डॉ.रीना गामी, पीएम एक्सीलेंस कालेज धार के द्वारा अपने सत्र विषय सम्पर्क कक्षाओं संचालन की पद्धति, विचार विमर्श, ब्रेन स्टोरमींग, रोल प्ले, इत्यादि सम्पर्क कक्षाओ को रोचक बनाये जाने का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इसके पश्चात तृतीय सत्र में प्रोफेसर डॉ. अमीत पाटीदार, पीएम एक्सीलेंस कालेज धार के द्वारा विषय समाज कार्य की अवधारणा एवं व्यवसायिक सामाजिक कार्यकर्ता की भूमिका विषय पर विषय विशेषज्ञ के रूप में प्रतिभागियों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया।इनके द्वारा सामाजिक कार्यकर्ता का कैसे निर्माण होना चाहिये।समाज कार्य से समाज में बदलाव लाना ही उनका उद्देश्य है जिसमें शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा,बाल कल्याण, धर्मस्य सेवा, मानसिक स्वास्थ्य एवं परोपकार विषयो पर विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया। चतुर्थ सत्र में नवनीत रत्नाकर जिला समन्वयक धार के द्वारा मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद का गठन,संचालित योजनाओं का परिचय, योजनाओं, एवं उत्कृष्ट किये गये कार्यो का प्रजेन्टेशन के माध्यम से जानकारी प्रस्तुत की गई । उसके पश्चात पंचम सत्र में भुवानसिंह गेहलोत जी के द्वारा विषय सीएमसीएलडीपी के लक्ष्य, सतत विकास, लक्ष्य अवधारण एवं उद्देश्य पर प्रशिक्षण प्रदान किया गया। उसके पश्चात अंतिम सत्र में श्री सुशीला मेडा विकासखण्ड समन्वयक बदनावर के द्वारा परीक्षा एवं उत्तर लेखन विषय पर अपना प्रशिक्षण प्रदान किया गया।कार्यक्रम का संचालन श्री मनीष कुमार शर्मा विकासखण्ड समन्वयक कुक्षी आभार श्री सचिन त्रिवेदी, विकासखण्ड समन्वयक नालछा ने माना। प्रशिक्षण में 80 प्रतिभागी उपस्थित रहे।उक्त जानकारी धर्मेन्द्र कुमार शर्मा डाटा एन्टी आपरेटर द्वारा दी गई।

# ड्रोन टैक्सी मॉडल एवं रोबोट का गणतंत्र दिवस पर प्रदर्शन



दीपक तोमर केसरिया हिंदुस्तान
खरगोन जिला ब्योरो चीफ

मंडलेश्वर। नगर की अग्रणी शिक्षण संस्था श्रीकंवरतारा सीनियर सेकंडरी स्कूल के विद्यार्थियों ने बियांड ग्रेविटी के साथ मिलकर एक मानव रहित ड्रोन टैक्सी का मॉडल तैयार किया है। जिसका प्रदर्शन गणतंत्र दिवस समारोह में मंडलेश्वर के स्कूल मैदान पर किया गया।प्रोजेक्ट से जुड़े पंकज भोजवानी विमल करोल दुर्गा पाटीदार बलराम लछेटा स्टूडेंट मुजम्मिल सैयद पार्थ यादव आर्यवीर दुबे और शौर्य प्रताप सिंह की टीम ने इस ड्रोन और रोबोट का निर्माण किया है।संस्था के चेयरमैन प्रमोद छाजेड़ ने प्रोजेक्ट की जानकारी देते हुए बताया कि संस्था में सर्व सुविधायुक्त एविएशन एंड एयरो स्पेस लेब स्थापित की गई है जहां विद्यार्थियों को एरोनॉटिक्स और अंतरिक्ष रोबोटिक साइंस में सीखने का अवसर मिल रहा है।ड्रोन टैक्सी प्रोजेक्ट के डायरेक्टर पंकज भोजवानी ने बताया कि यह मानवरहित ड्रोन टैक्सी भविष्य की आवश्यकताओं को देखते हुए तैयार की गई है।इसमें चार व्यक्ति बैठ कर यात्रा कर सकेंगे इसका उपयोग डिजास्टर मैनेजमेंट में भी राहत सामग्री पहुंचाने एयर एंबुलेंस की तरह किया जा सकेगा। ड्रोन टैक्सी का मॉडल जिसका वजन 25 किलो होकर 20 किलो वजन उठाने की क्षमता रखता है जिसे बढ़ाया जा सकता है। इस मॉडल का प्रदर्शन मध्य प्रदेश सरकार द्वारा भोपाल के मिंटो हॉल में आयोजित ड्रोन वर्कशॉप में किया गया था।भारतीय सेना की ईस्टन कमांड लिखाबनी अरुणाचल प्रदेश में भी इसका प्रदर्शन किया जा चुका है ।

ड्रोन जो देगा आपके सवालों के जवाब: प्राचार्य योगेश जोशी ने बताया कि संस्था के विद्यार्थियों के लिए एन सी सी की एयर विंग की शुरुवात की।गई है 1 एमपी एयर स्क्वाडन एन सी सी इंदौर के अलावा सिर्फ मंडलेश्वर में ही उपलब्ध है जो गौरव की बात है। संस्था के विद्यार्थियों ने एक मानव की तरह दिखने और कार्य करने वाला रोबोट भी बनाया है जो इंटरनेट से जुड़ने पर एक विशेष प्रोग्राम की सहायता से आवाज सुनकर आपके सवालों के जवाब देता है। इस तरह के रोबोट का उपयोग होटल्स मॉल एयर पोर्ट आदि पर आगंतुकों का स्वागत करने उनकी सहायता करने हेतु किया जाता है।

# मांडवखेड़ा में उल्टी दस्त फैलने की शिकायत मिलने पर स्वास्थ्य विभाग का अमला मौके पर पहुंचा

## पेयजल केमिकल जांच में सही पाया गया

दीपक तोमर केसरिया हिंदुस्तान
खरगोन जिला ब्योरो चीफ




**खरगोन।** जिले के भगवानपुरा विकासखंड के ग्राम मांडवखेड़ा में उल्टी दस्त से लोगों के प्रभावित होने की सूचना मिलने पर कलेक्टर श्री कर्मवीर शर्मा के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग का अमला मौके पर पहुंचा और पीड़ित लोगों की जांच का कार्य प्रारंभ कर दिया है । इसके साथ ही लोक स्वस्थ यांत्रिकी विभाग द्वारा जल स्त्रोतों की जांच का कार्य किया गया है। गांव में सप्लाई होने वाले पेयजल की केमिकल जांच में पाया गया है कि पेयजल दूषित नहीं है और वह पीने योग्य है और इससे कोई बीमार नहीं हुआ है । ग्रामीणों के खाने या भोजन के कारण ही उन्हें उल्टी दस्त की शिकायत होने की संभावना है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एम एस सिसोदिया ने बताया कि मांडवखेड़ा में उल्टी दस्त से 20 से 25 लोगों के प्रभावित होने की सूचना मिलने पर स्वास्थ्य विभाग के अमला मौके पर पहुंचा है घर-घर जाकर जांच का कार्य किया है ।06 व्यक्तियों को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय खरगोन में भर्ती कराया गया है और उनका उपचार कराया जा रहा है । उनकी हालत खतरे से बाहर है और स्थिर है । गांव में भी जो व्यक्ति उल्टी दस्त से पीड़ित है उनकी हालत भी स्थिर है और ठीक हैं। मांडवखेड़ा में स्थिति अब सामान्य है और नियंत्रण में है।

# महाकुंभ में निमंत्रण देकर नियंत्रण नहीं कर पाना मोदी और योगी सरकार की भारी विफलता : अजय खरे

## वीआईपी लोगों की सरकार बर्खास्त हो

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान
ब्यूरो रिपोर्ट रीवा



**रीवा ।** प्रयागराज महाकुंभ 2025 में मची भगदड़ और बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के हताहत होने का यह मामला पहला नहीं है। लेकिन वर्तमान दौर में इसकी जवाबदेही से योगी और मोदी सरकारें बच नहीं सकती हैं। महाकुंभ के परंपरागत स्वाभाविक रूप में वीआईपी जैसी कोई व्यवस्था नहीं होती थी लेकिन सरकारी नियंत्रण में इस व्यवस्था को प्रमुखता दिए जाने से आराजकता के हालात बन गए। महाकुंभ के इतिहास में जाएं तो ब्रिटिश काल और आजादी के बाद लंबे समय तक भीड़ को नियंत्रित करने के पर्याप्त साधन नहीं थे लेकिन आज के दौर में आवागमन एवं संचार की व्यवस्था काफी बेहतर होने के बावजूद जब धर्म के नाम पर राजनीति करने वाली सरकारें खुद भीड़ को बढ़ावा दे रही हों तो अराजकता / भगदड़ से होने वाली मौतों को कैसे रोका जा सकता है? ग्रीनीज बुक आफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में नाम दर्ज कराने के लिए इस महाकुंभ में भीड़ का पिछड़ा रिकॉर्ड तोड़ने मोदी योगी सरकारों की मची होड़ भी इस घटना के लिए जवाबदेह है। 28 जनवरी 2025 की सुबह बहुत से श्रद्धालियों को महाकुंभ स्नान करते समय भगदड़ का पूर्वाभास होने लगा था। अति भीड़ का नजारा देखने को मिल रहा था। इसके चलते कई लोगों ने 29 जनवरी को मौनी अमावस्या के दिन के स्नान का विचार त्याग कर घर वापसी की। सरकारी कुप्रबंधन के चलते स्थिति पर नियंत्रण नहीं रखा जा सका। महाकुंभ के नाम पर मोदी और योगी सरकारों का पुण्य लूटने का अभियान लोगों के जीवन के लिए काफी दुखदाई हो गया। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज जिले की सीमा उत्तर में प्रतापगढ़ पश्चिम में कौशांबी दक्षिण में मध्य प्रदेश के रीवा जिला एवं पूर्व में संत रविदास नगर से मिलती है। प्रयागराज में विभिन्न राज्यों एवं जिलों से आने वाली श्रद्धालुओं की भीड़ को नियंत्रित करने के लिए प्रशासनिक तालमेल नहीं होने से स्थिति बेकाबू हो गई। सरकार का काम नियंत्रण बनाना है ना की अराजकता फैलाना। सरकार की मुआवजा की घोषणा से इस भारी क्षति को अनदेखा नहीं किया जा सकता है। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का अकाल मौतों का शिकार हो जाना अत्यंत दुखद दुर्भाग्यपूर्ण घटनाक्रम है। एक तरह से यह मोदी और योगी सरकारों की गलत नीतियों के चलते उत्पन्न हुई अराजकता और पाप है। किसी भी कार्यक्रम में हुई अव्यवस्था के लिए आयोजनकर्ता पहली नजर में जिम्मेदार होता है। महाकुंभ में निमंत्रण देकर नियंत्रण नहीं कर पाना अत्यंत गैर जिम्मेदाराना आपराधिक कृत्य हैं । अराजकता के चलते भगदड़ से हुई मौत के पाप कर्म के लिए योगी और मोदी सरकारें जिम्मेदार हैं जिन्हें तत्काल प्रभाव से बर्खास्त किया जाना चाहिए।

# जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने घटिया तहसील की ग्राम पंचायत की समीक्षा बैठक आयोजित

केसरिया हिंदुस्तान दिनेश वर्मा



जिला पंचायत उज्जैन की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती जयतीसिंह द्वारा को जनपद पंचायत घट्टिया के सभा गृह में ग्राम पंचायतों की समीक्षा बैठक ली गई, जिसमें मुख्य रूप से ग्राम पंचायतों को निर्देषित करते हुए प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना में नवीन सर्वे की समीक्षा की गई एवं आवास से संबंधित पात्रता के 10 बिन्दुओं का अनिवार्य रूप से ग्राम पंचायत के सूचना पटल एवं सार्वजनिक स्थल पर लेखन करने, एवं हितग्राहियों के आधार अपडेषन करते हुए शत प्रतिषत सम्प्रग आई.डी भी दर्ज करने व सर्वे कार्य में प्रगति लाने हेतु निर्देषित किया गया।

मनरेगा योजना की समीक्षा करते हुए लेबर-बजट वित्तीय वर्ष समाप्त होने से पहले लेबर-बजट 100 प्रतिषत पूर्ण करने के निर्देष दिये गये व जिन ग्राम पंचायतों की प्रगति अपेक्षा के अनुरूप नही थी, ऐसी ग्राम पंचायतों के सचिव/ग्राम रोजगार सहायको को सूचना पत्र जारी कर कडी कार्यवाही करने हेतु निर्देष दिये गये है। निमार्ण कार्यो की समीक्षा में 15वां वित्त व अन्य मदो के निर्माण कार्यो को समय सीमा में पूर्ण करने हेतु निर्देष देते हुए अपूर्ण गौषाला व आंगनवाडी भवन की पूर्णताः की विस्तृत समीक्षा सीईओ जिला पंचायत द्वारा की गई। उक्त बैठक में जनपद पंचायत घट्टिया के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री जी.एस. मुझाल्दा, अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी श्री रितेष कुमार सोनी, सहायक यंत्री श्री जितेन्द्र कोदिया, प्रभारी खण्ड पंचायत अधिकारी श्री ओ.पी. परमार व उपयंत्री, एडीईओ, पीसीओ, समस्त शाखा प्रभारी व ग्राम पंचायतों से आये सचिव, ग्राम रोजगार सहायक उपस्थित रहे।

# उत्कृष्ट कार्यो के लिए शिक्षक श्री तायड सम्मानित

केसरिया हिंदुस्तान रामकरण सूर्यवंशी

**रामपुरा।** कैलाशचंद्र तायड प्राथमिक शिक्षक,शासकीय माध्यमिक विद्यालय गणेशपुरा , द्धह्यद्म बालक कुकड़ेश्वर को उत्कृष्ट कार्य एवं पर्यावरण के प्रति (पेड़ पौधे लगाने) व शिक्षा के क्षेत्र मे (शाला माध्यमिक विद्यालय भगोरी का नाम गांव से लेकर राज्य स्तर तक रोशन करने हेतु,आज जिले में आयोजित गणतंत्र दिवस 26 जनवरी 2025 को नीमच जिले के प्रभारी मंत्री महोदया सुश्री निर्मला भूरिया, विधायक महोदय दिलीप सिंहजी परिहार नीमच, विधायक महोदय अनिरुद्ध माधवजी मारू मनासा , एसपी महोदय अंकित जयसवाल ,कलेक्टर महोदय हिमांशु चंद्रा के द्वारा आज प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।



# भैंसाखेड़ी कबीर आश्रम के महंत गादीपति संतशिरोमणि प्रेमदास साहेब जी का आज सतलोक गमन होने पर समस्त कबीर पंथ अनुयाई उन्हें वंदन करते हैं



केसरी हिंदुस्तान दिनेश वर्मा

घटिया । यह दुखद है परंतु यह शाश्वत सत्य है और कबीर साहब ने जैसा कि कहा है आत्मा अमर है शरीर एक चोला है कपड़े की तरह आत्मा उसे बदलती रहती है यह कभी ना कभी होना ही होता है परंतु महंत श्री प्रेमदास साहेब जी से जुड़े हुए उनके शिष्य और उनके वचन सुनने वाले समस्त अनुयाई दुखी है वह उन्हें वंदन करते हैं। सभी कबीर पंत को मानने वाले महंत संत शिरोमणि प्रेमदास साहेब को वंदन करते हुए, साहेब के चरणों में बारम्बार साहेब बंदगी करते हैं।

उनके अंतिम यात्रा (हंस चलवा) में बाबूलाल मालवीय पूर्व राज्य मंत्री तराना, लालजी राम मालवीय पूर्व विधायक आगर, रूगनाथ सिंह राणावत पूर्व सरपंच भैंसाखेड़ी,माधव सिंह, बगदीराम चौहान, दीदी माया, रेणुका गांधी भारत जोड़ो यात्री, रमेश मकवाना, हीरालाल जी साहेब, दर्याव सिंह गेहलोद, राजा राम मालवीय, गोरधन लाल मोंगिया कालूराम मालवीय, हरलाल मालवीय, अशोक मकवाना, संजय तोमर अन्य हजारोंजन उपस्थित रहे।

# नवागत कलेक्टर ने पद भार ग्रहण किया

दैनिक केसरिया श्रीराम सेन



रायसेन के नवागत कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा द्वारा बुधवार को सुबह कलेक्ट्रेट कार्यालय में पदभार गृहण किया गया। इसके पूर्व वह राज्य कृषि विपणन बोर्ड के अपर सचिव के पद पर नियुक्त थे। नवागत कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा 2014 बैच के आईएएस अधिकारी हैं।कलेक्टर अरविंद दुबे ने उन्हें फूलों के गुलदशते देकरस्वागत किया चार्ज दिया।

मालूम हो कि मध्यप्रदेश शासन ने सोमवार रात को एक प्रशासनिक फेरबदल किया था। इस फेरबदल में 2014 बैच के द्बस्र अधिकारी अरुण कुमार विश्वकर्मा को रायसेन का नया कलेक्टर नियुक्त किया गया है। वहीं वर्तमान कलेक्टर अरविंद दुबे को पदोन्नत कर मुख्यमंत्री कार्यालय भोपाल में अपर सचिव का पद दिया गया है। साथ ही उन्हें मध्य प्रदेश राज्य कृषि उद्योग निगम का प्रबंध संचालक भी बनाया गया है।

अरविंद दुबे ने रायसेन में तीन वर्ष से अधिक का सफल कार्यकाल पूरा किया है। उनके कार्यकाल की प्रमुख उपलब्धियों में विधानसभा और लोकसभा चुनावों में मतदान प्रतिशत में वृद्धि और चुनावों का सफल संचालन शामिल है। हाल ही में 25 जनवरी को राज्यपाल मंगूभाई पटेल ने विशेष संक्षिप्त पुनर्नरीक्षण 2025 में उत्कृष्ट कार्य के लिए उन्हें सम्मानित किया था।कलेक्टर दुबे के कार्यकाल की एक अन्य महत्वपूर्ण उपलब्धि थाईलैंड से सांची स्तूप तक अस्थि कलश की सुरक्षित आवाजाही का सफल प्रबंधन रहा। उन्होंने अपने कार्यकाल में प्रशासनिक दायित्वों का कुशलतापूर्वक निर्वहन किया और अब वे नई जिम्मेदारी संभालेगे।

# जायसवाल अध्यक्ष एवं चौधरी बने सचिव

केसरिया हिंदुस्तान
दिनेश पौराणिक

**जावरा।** जावरा में मध्य प्रदेश शिक्षक संघ तहसील कार्यकारिणी का त्रिवार्षिक निर्वाचन संपन्न हुआ द्य जिसमे सर्वानुमती से तहसील अध्यक्ष पद पर दिनेश जायसवाल , सचिव राधेश्याम चौधरी,कोषाध्यक्ष अशोक मुजाल्दे , उपाध्यक्ष गट्टू सिंह चंद्रावत,सह सचिव श्रीमति मिथलेश अवस्थी, महिला प्रतिनिधि श्री मति शकीला खान को बनाया गया द्य कार्यकारिणी में कार्यकारिणी सदस्य चेनीराम राठौड़,कैलाश परिहार,प्यार सिंह पंवार, हेमंत रायकवार,, श्याम रावत, राजेंद्र सोनी, को बनाया गया द्य साथ ही ब्लाक शाखा का गठन किया गया जिसमे अध्यक्ष सौरभ गुप्ता,सचिव सुनील कोठाने, कोषाध्यक्ष फूंदा सिंह सोलंकी, उपाध्यक्ष राजकुमारी जायसवाल ,सह सचिव मुकेश देवड़ा, कार्यकारणी सदस्य अनीता डामर सुनील कदम, कैलाश धाकड़, महेश





बैरागी बड़ावदा, कैलाश पांचाल, लालचंद्र पंचोलिया ओम प्रकाश व्यास महिला प्रतिनिधि श्री मति केशर खान को बनाया गया ,निर्वाचन अधिकारी श्री सर्वेश माथुर, गोपाल उपाध्याय, रतन लाल मालवीय,जितेन्द्र सिह चौहान, पंकज दोहरे ने निर्वाचित पदाधिकारियों सदस्यों को नियुक्ति पत्र दिया द्य निर्वाचन बद्रीलाल मड़ोतीया जिला संगठन मंत्री , विजय सैनी, जगदीश उपमन्यु, बाबूलाल छाबड़ा जिला उपाध्यक्ष, संजय द्विवेदी तहसील अध्यक्ष के मार्गदर्शन में सम्पन हुए ,इस अवसर पर नव निर्वाचित पदाधिकारियों ने जिला पदाधिकारियों को शाल साफा पहनाकर, सम्माननित किया गया व इस अवसर पर भेरुलाल खारोल, लाखन सिंह गेहलोत, गोपाल राठोर, मनोज यादव,मुकेश केथवास, आकाश नागर राधेश्याम सालित्रा, वर्दीचंद सोनगरा सहित उपस्थित सेकडो शिक्षकों ने निर्वाचित हुए पदाधिकारियों को बधाई देते हुए शुभकामनाएं प्रेषित की गई

# ऐसा समय आ जाएगा कि इंसान मांसाहार छोड़ने के लिए मजबूर हो जाएगा : बाबा उमाकान्त जी महाराज

## गांधीजी की आत्मा को शांति तब मिलेगी जब उनका अधूरा मिशन पूरा होगा

**सांवेर**, इंदौर परम् सन्त बाबा उमाकान्त जी महाराज ने इंदौर जिले के सांवेर में आयोजित सतसंग में महात्मा गांधी के मिशन और उनका लक्ष्य क्या रहा इसके बारे में विस्तार से बताया। बाबाजी ने कहा कि गांधीजी की आत्मा को तभी शांति मिलेगी जब उनका अधूरा मिशन पूरा होगा। गांधीजी ने देश को आजादी दिलाई और आजादी के बाद इसके लिए कुर्बान भी हो गए, लेकिन उन्होंने यह नहीं सोचा था कि उनके द्वारा शुरू किए गए मिशन को आगे चलकर लोग समाप्त कर देंगे। गांधीजी की आत्मा को शांति मिले इसके लिए बाबाजी ने शासन-प्रशासन से गांधीजी के सिद्धांतों पर चलने व लोगों से शाकाहारी नशा मुक्त रहने की प्रार्थना की ।



**गांधीजी का मिशन क्या था?** गांधीजी का निशाना था सत्य और अहिंसा। सच्चाई को लोग अपनायें, सत्यवादी बन जाएं, हिंसा से दूर हो जाएं ताकि सच्चिदानंद उनकी मदद करने लग जाए। लेकिन अब तो वही चीज बढ़ती चली जा रही है। आगे बाबाजी ने कहा कि जो रक्षक (जीव रक्षक) हैं, वो अगर चाहें तो हिंसा-हत्या रोक सकते हैं। मांसाहारी लोग भी यदि चाहें तो जीव हिंसा, हत्या से बच सकते हैं। बाबाजी ने सतसंग में बैठे प्रेमियों से अन्य लोगों को शाकाहारी एवं नशा मुक्त बनाने का समर्थन लेते हुए कहा कि हम भी यही चाहते हैं कि गांधीजी का सपना पूरा हो जाए, लोग सत्यवादी हो जाएं, हिंसा-हत्या से दूर हो जाएं, सब के अंदर मानवता आ जाए, मानव के प्रति मानव के दिल में प्रेम की जगह बन जाए। ये जो शासन-प्रशासन वाले लोग हैं, इनको भी गांधीजी की आत्मा की शांति के लिए उनके सिद्धांत को अपनाना चाहिए। वह हमारी सुनें या ना सुनें लेकिन आप तो सुन सकते हो। आप लोग सुनो, समझो और इसको लागू करो। अगर शासन-प्रशासन वाले नहीं सुनेंगे तो हम तो देवताओं की अदालत में प्रस्ताव पास करवा लेंगे और ये पास हो जाएगा।

# क्यों करनी पड़ी सभा



धार से संवाददाता मैना मारू

जय बापू जय भीम का नारा देते हुए महू में 27 जनवरी को विशाल जनसभा का आयोजन किया ग्रहमंत्री अमित शाह द्वारा बाबा अंबेडकर के ऊपर संसद में अभ्रद टिप्पणी की गई थी कांग्रेस सिर्फ अंबेडकर अंबेडकर दिन भर करते रहते हैं अगर भगवान का नाम लेते तो तर जाते इसी को लेकर कांग्रेसियों मैं भड़की आग जिसको लेकर कांग्रेसियों ने रोड से लेकर संसद तक इसका विरोध किया एवं बाबा साहेब की जन्मस्थली महू में एक प्रोग्राम आयोजित किया जिससे राष्ट्रीय लेवल के राजनेताओं ने आकर महू में जमकर बीजेपी को आढे हाथों लिया मल्लिकार्जुन खड़गे एवं राहुल गांधी द्वारा अपने भाषण में गरीब की जेब से भाजपा पैसे कैसे निकाल रही है उद्बोधन मे बताया नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंगार द्वारा बताया की मोहन यादव की सरकार की छांव में भ्रष्ट लोगों को पनाह देना बताया गया इसी बीच कमलनाथ दिग्विजय सिंह जीतू पटवारी एवं अन्य बड़े पैमाने पर नेताओं द्वारा भाग लिया एवं उद्बोधन अपने-अपने स्तर से किया धार जिले से सारे विधायक जिला अध्यक्ष महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष मैना मारू द्वारा भी महिलाओं को लेकर ज्यादा से ज्यादा भीड़ की गई और प्रदर्शन किया गया

# गायत्री शक्तिपीठ नेत्र संकलन केंद्र को मिला 118वां नेत्रदान



हरीश सोनी केसरिया हिंदुस्तान

जोबट। नगर के परमार परिवार की वरिष्ठ मातृशक्ति धापूबाई बद्रीलाल परमार का मंगलवार शाम को निधन हुआ। परिवार के गोपाल परमार ने नेत्र संकलन केंद्र को नेत्रदान की इच्छा जताई। नेत्र संकलन केंद्र के दल प्रमुख अश्विन नागर, सहायक कपिल राठौड़, टेक्नीशियन अजमेर सिंह डावर, परमार के निवास पहुंचे और दिवंगत धापूबाई के दोनों नेत्रों का कार्निया निकालकर आइस बॉक्स में सुरक्षित किए। परिवार जनों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया तथा दिवंगत आत्मा की शांति के लिए गायत्री महामंत्र एवं महामृत्युंजय मंत्र से श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कपिल राठौड़ ने बताया कि नेत्रदान करने के लिए लोग स्वप्रेरणा से आगे आ रहे है। जिसके परिणाम स्वरूप यह नेत्र संकलन केंद्र का 118 वा नेत्रदान है और एक कार्निया से अब छह लोगों के जीवन को रोशनी मिल रही है।

# जनपद सदस्य कैलाश अहिरवार ने साधारण सभा में उठाए जन हितैषी मुद्दे

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान
प्रेम सिंह कुशवाहा

नजीराबाद- नजीराबाद क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 2 के जनपद सदस्य तथा सभापति- संचार तथा संकर्म समीति जनपद पंचायत बैरसिया कैलाश अहिरवार ने अपने कार्यक्षेत्र नजीराबाद सिंधोड़ा, खेजड़ा घाट, रमाहा,एंव अन्य ग्राम पंचायतो में विकास कार्य एंव अपूर्ती सम्बंधित मुद्दों को लेकर जनपद पंचायत बैरसिया में आयोजित साधारण सभा सामान्य प्रशासन समिति की बैठक मे अपने कार्यक्षेत्र में अनुपलब्ध योजनाओं एवं विकास के मुद्दे उठाए जिसमे मुख्य रूप से,, 1)नजीराबाद पंचायत में हितग्राहियों को विगत वर्षों से आवास योजना का लाभ नहीं मिल रहा,,वह जल्द मिले, वन परिक्षेत्र नजीराबाद डिपो मै अंतिम संस्कार जलाऊ लकड़ियां उपलब्ध कराए,,3) नजीराबाद शा. हायर सेकेण्डरी स्कूल के मेंन रोड पर झूल रहे तारों को खंभे लगाकर ऊंचे कराए जाए नल जल योजना चालू की जाए



# शिवपुरी में 30 जनवरी को प्राइवेट स्कूलों की हड़ताल

## निजी स्कूलों की नई मान्यता नियमों में बदलाव की मांग

**शिवपुरी। मध्य प्रदेश में निजी स्कूलों की नई मान्यता नीतियों के विरोध में प्राइवेट स्कूल्स एसोसिएशन ने 30 जनवरी को प्रदेशव्यापी हड़ताल का ऐलान किया है। शिवपुरी जिले के पिछोर ब्लॉक सहित कई प्राइवेट स्कूल इस हड़ताल में शामिल होंगे।**




इन नीतियों का विरोध : प्राइवेट स्कूल्स एसोसिएशन ब्लॉक पिछोर के अध्यक्ष नीरज गुप्ता के अनुसार सरकार की ओर से लागू की गई नई नीतियां स्कूलों के हित में नहीं हैं। विरोध के मुख्य मुद्दों में रजिस्टर्ड किरायानामा 40,000 रुपए की एफडी जमा करने का प्रावधान, आरटीई के तहत निशुल्क शिक्षा देने के बावजूद हर साल 4,000 रुपए का अतिरिक्त शुल्क और शिक्षकों के आधार सत्यापन की अनिवार्यता शामिल हैं।

एसोसिएशन का कहना है कि सालों से सीमित संसाधनों में बेहतर शिक्षा और रोजगार प्रदान करने वाले निजी विद्यालयों पर ये नियम अव्यवहारिक और तर्कहीन हैं। इससे न केवल स्कूलों पर बल्कि अभिभावकों पर भी अनावश्यक आर्थिक बोझ बढ़ेगा। हालांकि, जिन स्कूलों में परीक्षाएं चल रही हैं, वे गतिविधियां यथावत जारी रहेंगी। एसोसिएशन ने इस संबंध में शिक्षा विभाग के बीआरसीसी और बीईओ को पहले ही लिखित सूचना दे दी है। यह हड़ताल प्रदेश के सभी निजी स्कूल संगठनों के समर्थन से की जा रही है।

# गणतंत्र दिवस पर कार्यपालन यंत्री आशीष भारती को जिला प्रभारी मंत्री नारायण सिंह कुशवाहा ने किया सम्मानित

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान जिला ब्यूरो चीफ अमित जोशी निवाड़ी

जिला मुख्यालय निवाड़ी में 76 में गणतंत्र दिवस के अवसर पर कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़ एवं पुलिस अधीक्षक राय सिंह नरवरिया एवं जिला पंचायत सीईओ रोहन सक्सेना की मौजूदगी में उत्कृष्ट कार्य करने हेतु आशीष भारती कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग जिला निवाड़ी को जिला प्रभारी मंत्री नारायण सिंह कुशवाहा के द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया इससे पहले लोकसभा निर्वाचन 2024 को सफलतापूर्वक संपन्न करने हेतु मतदाता दिवस के अवसर पर निवाड़ी जिला अपर कलेक्टर एच बी शर्मा ने प्रशस्ति पत्र दे कर सम्मानित किया इस कार्यक्रम के अवसर पर प्रशासन अधिकारी विनीता जैन अनुराग निगवाल एसडीएम निवाड़ी मुख्य रूप से उपस्थित रहे उनकी ऐसी कार्य शैली






को देखकर बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है

# पेट्रोल पंपो पर चला चैकिंग अभियान, बगैर हेलमेट नहीं मिला फ्यूल

**उरई/जालौन।** राष्टीय सड़क सुरक्षा माह के अन्तर्गत %%नो हेलमेट नो फ्यूल के तहत जनपद के पेट्रोल पम्पों के आस-पास बिना हेलमेट के वाहनों का संचालन करने व ईंधन भरवाने आने वालों के विरुद्ध चेकिंग की गई। इस दौरान बगैर हैलमेट बाइक चालकों कों पेट्रोल ना मिलने से भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

राष्टीय सड़क सुरक्षा माह के अन्तर्गत सुरेश कुमार, वरिष्ठ-सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशा./प्रर्व.), राजेश कुमार सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) प्रथम दल व विनय कुमार पाण्डेय, यात्रीकर/मालकर अधिकारी द्वारा अपने प्रवर्तन स्टाफ के सहयोग से %%नो हेलमेट'' ट%%नो फ्यूल'' के तहत जनपद के पेट्रोल पम्पों के आस-पास बिना हेलमेट के वाहनों का संचालन करने व ईंधन भरवाने आने वालों के विरुद्ध चेकिंग की गई।



उक्त चेकिंग में सुरेश कुमार, वरिष्ठ-सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशा./प्रर्व.), राजेश कुमार सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) प्रथम दल व विनय कुमार पाण्डेय, यात्रीकर/मालकर अधिकारी द्वारा जनपद के पेट्रोल पम्पों के आस-पास बिना हेलमेट के वाहनों का संचालन करने व ईंधन भरवाने आने वालों के विरुद्ध चालान की कार्यवाही की गई। इसके अतिरिक्त शहर के प्रमुख चौराहों व नेशनल हाइवे पर भी बिना हेलमेट व सीट बेल्ट के वाहनों का संचालन करने वाले चालकों के विरुद्ध भी चालान की कार्यवाही की गई।

अभियान में समस्त चालकों व आमजनमानस को यातायात/ सड़क सुरक्षा के नियमों की जानकारी देते हुए जागरुक किया गया तथा हेलमेट व सीट-बेल्ट एवं वाहन के समस्त वैध प्रपत्रों सहित वाहन का संचालन करने की सलाह दी गई तथा वाहन चलाते समय स्टंटबाजी न करने, नशे की हालत में वाहन न चलाने, तेज रफ्तार से वाहन न चलाने, गलत ढंग से ओवरटेक न करने, राँग साइड वाहन न चलाये जाने हेतु एवम् समस्त वैध प्रपत्रों सहित वाहन का संचालन करने की सलाह दी गई।

# सरस्वती शिशु/विद्या मंदिर चापाखेड़ा द्वारा गुरुजी का स्वागत किया गया

गोविन्द नायमा केसरिया हिंदुस्तान

गांव सेदरी में सेकवाड़ीया परिवार द्वारा सप्त दिवसीय श्रीमद भागवत कथा का आयोजन किया गया, प. श्री रविराज (कृष्ण जी) उपाध्याय जी द्वारा संगीतमय भागवत कथा व प्रतिदिन रात्रि में श्री राम संकीर्तन किया गया! कथा के मुख्य यजमान रामगोपाल सेकवाड़ीया पत्नि श्रीमति लक्ष्मी बाई पुत्र राजाराम सेकवाड़ीया व सीताराम सेकवाड़ीया द्वारा अपने निज निवास सेकवाड़ीया जैविक एवं प्राकृतिक औषधालय परिसर सेदरी में अपने पूर्वजों की याद में सात दिनों की कथा का आयोजन किया गया! बुधवार को कथा की पूर्णाहुति हुई, जिसमें ग्राम भारती शिक्षा समिति जिलाध्यक्ष रामेश्वर सेकवाड़ीया, जिला समिति सदस्य गोवर्धनलाल बंबोरिया, सरस्वती शिशु/विद्या मंदिर चापाखेड़ा के प्रधानाचार्य लोकेश कुमावत व संयोजक रामचंद अटोलिया, राधेश्याम सागित्रा, आत्माराम गरगामा, गोविन्द नायमा गौशाला सचिव अवध बिहारी नायमा द्वारा व्यास पीठ पर गुरुजी व भागवत जी का पूजन किया गया, आरती के बाद पूरे गांव में बैंड बाजा के साथ शोभायात्रा निकाली गई और महाप्रसादी का वितरण हुआ!



# लोकहित में शासकीय कार्यालयों का शनिवार अवकाश समाप्त कर कार्य दिवस पूर्ववत किया जाए

विकास ठाकुर

**बुरहानपुर ।** कोरोना काल लॉकडाउन समाप्त हुए दो वर्ष से अधिक हो गए परंतु मध्यप्रदेश के समस्त सरकारी कार्यालयों में बिना किसी वर्तमान सरकारी आदेश के कर्मचारियों द्वारा शनिवार अवकाश लिया जा रहा है। सामाजिक कार्यकर्ता व बुरहानपुर मज़दूर यूनियन अध्यक्ष ठाकुर प्रियांक सिंह ने मुख्य सचिव एवं मुख्यमंत्री के नाम बुरहानपुर अपर कलेक्टर अशोक कुमार जाधव को ज्ञापन देते हुए कहा कोरोना महामारी के रोकथाम हेतु कोविड काल में दिनांक 8 अप्रैल 2021 को मध्यप्रदेश सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा आदेश पारित हुआ था जिसमें प्रदेश के समस्त सरकारी कार्यालयों में कार्यदिवस सोमवार से शुक्रवार पांच दिन के लिए निर्धारित किए गए थे इसी अनुक्रम में आदेश का अंतिम एक्सटेंशन दिनांक 31.10.2021 तक ही प्रभावशील था।



ठाकुर प्रियांक सिंह ने तर्क देते हुए आगे कहा कोरोना काल के पूर्व प्रदेश के समस्त शासकीय कार्यालय शनिवार को भी खुलती थे परंतु कोरोना कल में आए आदेश के पश्चात शनिवार बंद की व्यवस्था प्रारंभ हुई परंतु उक्त आदेश समाप्ति के पश्चात भी आज दिनांक तक मध्यप्रदेश में शासकीय कार्यालय शनिवार नहीं खुल रहे हैं जिससे जनता का हित प्रभावित हो रहा है एवं कार्य पेंडेंसी बढ़ती जा रही है। अब किसी प्रकार का कोरोना भी नहीं है एवं शनिवार को प्रदेश भर में सरकारी कार्यालयों को बंद रखने का कोई सरकारी आदेश भी नहीं है। इस प्रकार बिना सरकारी आदेश व अनुमति के सरकारी कार्यालयों को बंद रखना पूरी तरीके से असंवैधानिक है।

भीम सेना अध्यक्ष सचिन गाढ़े ने कहा बिना कारणवश सरकारी कार्यालय बंद होने से आम जनता को इधर-उधर भटकना पड़ता है उनके कार्य भी नहीं होते जिससे मध्यप्रदेश के आम जनमानस को अत्यंत परेशानी झेलनी पड़ रही है। सरकार अतिशीघ्र शनिवार को शासकीय कार्यालयों के खोलने संबंधीत आदेश सभी जिला कलेक्टरों को जारी करे अगर 15 दिवस में जनहित में निर्णय नहीं लिया जाता है तो प्रदेश की जनता को विवश होकर अपने हित की रक्षा के लिए धरना प्रदर्शन करना पड़ेगा।

# सभी एसडीम खाद्य विभाग की शिकायतों को गंभीरता से लें, राशन दुकानों का करें निरीक्षण : कलेक्टर

बृजमोहन कारपेंटर दैनिक केसरिया हिंदुस्तान ब्यूरो राजगढ़



**राजगढ।** कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने मंगलवार देर शाम आयोजित समय-सीमा बैठक में सभी अनुविभागीय अधिकारी को निर्देशित किया गया कि खाद्य विभाग की शिकायतों को गंभीरता से लें। साथ ही राशन दुकानों का निरीक्षण करें। राशन दुकानों को स्व-सहायता समूह की महिलाओं को देने की कार्यवाही करें। बैठक में कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने सभी जिला अधिकारियों को निर्देशित किया कि सीएम हेल्पलाईन की शिकायतों को गंभीरता के साथ संतुष्टि पूर्ण निराकरण करें। सभी एल-1 अधिकारी लंबित शिकायातों का संतुष्टि प्रतिशत बढांए।

मंडी सचिव खुजनेर समय सीमा में शिकायातों का निराकरण नहीं करने पर कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। जाति प्रमाण-पत्र अभियान की समीक्षा के दौरान सारंगपुर व नरसिंहगढ़ अनुभाग में प्रमाण-पत्र डिस्पोज करने की गति धीमि है गति बढ़ाने के निर्देश दिए। आयुष्मान अभियान की धीमि गति पर सभी जनपद पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी को निर्देश दिए कि आयुष्मान कार्ड बनाने की गति बढ़ाए 70 प्लस बुजुर्गों के आयुष्मान कार्ड प्राथमिकता से बनाएं। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री महीप किशोर तेजस्वी, अपर कलेक्टर श्री शिवप्रसाद मण्डराह सभी जिला अधिकारी मौजूद रहें।

## गणतंत्र दिवस पर हरणगांव थाना प्रभारी परिहार हुए सम्मानित



**देवास।** हरणगांव पुलिस थाना प्रभारी शुभमसिंह परिहार को गणतंत्र दिवस के अवसर पर प्रभारी मंत्री जगदीश देवड़ा एवं कलेक्टर ऋषभ गुप्ता एवं एसपी पुनीत गेहलोद ने उत्कृष्ट कार्य एवं चोरी की वारदात करने वाले आरोपियों को पकड़ने के सराहनीय कार्य करने के लिए प्रशस्ती पत्र देकर सम्मानित किया। थाना प्रभारी परिहार को हरणगांव थाना स्टाफ ने बधाई दी।

# समर्थन मूल्य पर गेहूं का पंजीयन कार्य 20 जनवरी से 31 मार्च तक

बृजमोहन कारपेंटर देनिक केसरिया हिंदुस्तान ब्यूरो राजगढ़

**राजगढ।** किसानों से समर्थन मूल्य पर गेहूं का पंजीयन कार्य 31 मार्च तक किया जाएगा। जिले में 83 पंजीयन केन्द्र निर्धारित किए गए है। जिन पर किसान पंजीयन कर सकते हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में प्राथमिक कृषि साख सेवा सहकारी समिति अंतर्गत चाटूखेडा, सुस्तानी, ब्यावराकलां, कुलीखेडा, कुण्डीबेह, भोजपुर, ढाबलीकलां, भाटखेडा, डालूपुरा, बावडीखेडा, जीरापुर, माचलपुर, रामगढ, पीपल्याकुल्मी, धतरावदा, लखोनी, कोडक्या, भानपुरा, झाडला, कोटरा, बेरसिया, ढाबला, उमरी, चैनपुराकलां, गीलाखेडी, निपानिया चेतन, भैंसाना, बिजोरी, जामोनियागोप चौहान, कोटरीकलां, माना, इकलेरा तलेन, परसूखेडी, तलेन, उदनखेडी चिडल्यानिया, नाहली, आसारेटा पंवार, पाडल्याआंजना, कासोरकलां, भिलवाडिया, पडोनिया, खजूरिया, ढकोरा, चाठा, जामी, पीपलबेह, करेडी, खांडियापुरा, सिन्दुरिया ढकोरा, कालीपीठ, फूलखेडी, लखनवास, गंगाहोनी, बिसोनिया, बैलास, मउ, सिलपटी, भवांस, कानेड, नापानेरा, अमरगढ, सण्डावता, पाडल्यामाता, तलेनी सारंगपुर, पढाना, हराना, बालोडी, भैंसवामाता, पिपरियापाल, धनोरा, खजुरियाघाटा, बगवाज, नरसिंहगढ़, मलावार, टोडी, विपणन सहकारी समिति में संवासड़ा, सारंगपुर, नरसिंहगढ़, जीरापुर, छापीहेड़ा, पचोर, कुरावर पंजीयन केन्द्र बनाए गए हैं।

**जिला स्तरीय कमेटी का गठित :-**

रबी विपणन वर्ष 2025-26 हेतु किसान पंजीयन/गेहूं उपार्जन कार्य के समन्वय के लिए जिला स्तरीय कमेटी का गठन किया गया है। समिति के अध्यक्ष कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा होंगे। समिति में जिला आपूर्ति अधिकारी सदस्य सचिव, अपर कलेक्टर, जिला लीड बैंक अधिकारी, नापतौल निरीक्षक, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक, उप संचालक कृषि एवं किसान कल्याण, उपायुक्त सहाकारी संस्थाएं, जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी एनआईसी, जिला विपणन अधिकारी, जिला प्रबंधक वेयरहाउस, जिला प्रबंधक म.प्र. स्टेट सिविल सप्लाई कार्पो. लिमि., अधीक्षक भू-अभिलेख, सदस्य रहेंगे।

# सोनकच्छ महात्मा गांधी की प्रतिमा पर हुई रंग पुताई



सोनकच्छ नगर के बिजासन माता मंदिर परिसर के समीप पुलिस चौकी के पीछे स्थित राष्टपति महात्मा गांधी जी की एकमात्र प्रतिमा लंबे समय से अपनी दुर्दशा पर आंसू बह रही है दरअसल प्रतिमा पर किया पॉलिश अनेक स्थान से उखड़ गया था जिसके कारण वह खंडित दिखाई दे रही थी प्रतिमा पर लगा लोहे की राड से बना चश्मा भी जंग खाकर सड़ने की स्थिति पर था प्रतिमा के आसपास खाली प्लास्टिक की बोतल के साथ कूड़ा करकट भी जमा हो रहा था जिसे समाचार का प्रकाशन कर प्रशासनिक अधिकारी व जनप्रतिनिधियों को ध्यान आकर्षण कराया था परिणाम स्वरूप समाचार प्रकाशन के कुछ घंटे के बाद ही नगर परिषद अधिकारी विष्णु प्रसाद देवड़ा द्वारा उक्त प्रतिमा परिसर की साफ सफाई करते हुए प्रतिमा सहित प्रतिमा के लिए बने आधार स्थल की रंग पुताई कराई गई नप सूत्रों के मुताबिक समाचार प्रकाशन से बाद कुछ जनप्रतिनिधि एवं गांधी अनुयाई तो द्वारा नप अधिकारी को फोन लगाकर प्रतिमा की रंग पुताई कराने के लिए कहा था इसके बाद देवड़ा द्वारा ताबड़तोड़ कार्य

# अभिभाषक संघ आलोट के अध्यक्ष-कोषाध्यक्ष निर्विरोध रहे, 3 पदों के लिए वोटिंग

## अभिभाषकों ने नए पदाधिकारियों का किया स्वागत

दिनेश शुक्ला, दैनिक केसरिया हिंदुस्तानी

**आलोट।** अभिभाषक संघ के चुनाव में अध्यक्ष और कोषाध्यक्ष निर्विरोध चुने गए लेकिन अन्य 3 पदों के लिए अभिभाषकों ने वोट डाले। शाम को संघ के नए पदाधिकारियों के नामों की घोषणा की गई। अभिभाषकों ने नए पदाधिकारियों का स्वागत किया। बता दें कि संघ के अध्यक्ष पद के लिए महेंद्रकुमार चौधरी और कोषाध्यक्ष के लिए मकबूल खान ने नामांकन भरा था। इनके सामने कोई उम्मीदवार नहीं होने से दोनों निर्विरोध चुने गए। चुनाव में 97 पंजीकृत मतदाताओं में से 88 अभिभाषकों ने मताधिकार का प्रयोग किया। उपाध्यक्ष पद के लिए खड़े बालुसिंह परिहार ने अमित पोरवाल को 16 मतों से हराया। परिहार को 52 तो पोरवाल को 36 मत मिले। सचिव पद पर तेजेंद्रसिंह जादौन ने मनीष फरक्या को 6 मतों के अंतर से हराया। जादौन को 47 और फरक्या को 41 वोट मिले। सह-सचिव के पद पर राजेश मंडवारिया ने पंकज शुक्ला को 5 मतों के अंतर से हराया। मंडवारिया को 46 और शुक्ला को 41 मत प्राप्त हुए। मुख्य निर्वाचन अधिकारी हेमेंद्र गोयल और सहायक निर्वाचन अधिकारी योगेश सोलंकी ने चुनाव परिणामों की आधिकारिक घोषणा की। संघ के चुनाव में 90त्न से अधिक मतदान हुआ।



# भाजपा के नामांकन रैली में हजारों की भीड़, महापौर प्रत्याशी समेत 40 पार्षदों ने दाखिल किया नामांकन, यह चुनाव राम नरेश राय नहीं बल्कि मै लड़ रहा हूं - श्याम बिहारी

देबाशीष गांगुली (संवाददाता । दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान)

**चिरमिरी।** मंगलवार को बड़ा बाजार कुरासिया मैदान में भारतीय जनता पार्टी का आमसभा एवं नामांकन रैली का आयोजन किया गया। इस आमसभा और नामांकन रैली में भारतीय जनता पार्टी के चिरमिरी नगर निगम के 40 वार्डों के प्रत्याशियों समेत स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष चंपा देवी पावले, योग आयोग के पूर्व अध्यक्ष संजय अग्रवाल, चिरमिरी मंडल अध्यक्ष पुरुषोत्तम सोनकर, पूर्व महापौर डमरू बेहरा समेत भाजपा की महिला मोर्चा, युवा मोर्चा और वरिष्ठ पदाधिकारी कार्यकर्ताओं सहित हजारों की संख्या में जनमानस पहुंचे थे। मंच से स्वास्थ्य मंत्री ने 05 साल पहले की याद को आम जनता के सामने रखते हुए कहा कि कांग्रेस घर परिवार की पार्टी है, भाजपा ही एक ऐसी पार्टी है जो चाय वाले को प्रधानमंत्री बना सकती है और इस बार भी एक चाय वाले को महापौर प्रत्याशी प्रदेश में बनाया गया है। उन्होंने आगे कहा कि इस बार फिर विपक्ष ने ऐसे व्यक्ति को प्रत्याशी बना दिया है जो आंख में धूल झोंकने का काम ही नहीं करता बल्कि मिर्ची डालने का काम करता है। जब चिरमिरी की जनता कोरोना में त्राहि त्राहि कर रही थी उस वक्त यही शख्श सेनेटाइजर घोटाले में मस्त था । जब इससे भी पेट नहीं भरा तो भोलेनाथ को भी नहीं छोड़ा, 50 लाख की सड़क में 05 लाख खर्चा कर पूरा डकार गए। ऐसे शख्स को कांग्रेस ने प्रत्याशी बनाया है। मंत्री ने आगे कहा कि डाक्टर ने तो मेरे खिलाफ जनता को भड़काने का काम 05 साल तक किया लेकिन ईश्वर की मार तो देखिए उन्हें कांग्रेस ने टिकट से ही बाहर कर दिया था। लेकिन अब मौका मिला है इस मौके का फायदा भारतीय जनता पार्टी ही नहीं बल्कि चिरमिरी की जनता भी लेना चाहेगी।



कांग्रेस प्रत्याशी पर जोरदार हमला करते हुए मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने आगे कहा कि रोजगार के नाम पर जो रोजगार दिया वो कोयला खोदने का था और कौन सा कोयला, जिसे अवैध कहा जाता है, शराबखोरी को बढ़ावा दिया, आज नौजवान 18 साल की उम्र में 35 और 45 की उम्र में 60 साल के दिखाई दे रहे है, चमड़ियां सिकुड़ने लगी है और उन्हीं के परिवार की बद्दुआ लगी है इसलिए डाक्टर साहब आपको टिकट नहीं मिला । आपने चिरमिरी को जीती जागती लाश बनाकर छोड़ दिया है। जगह जगह जो आग दिखाई देता है यह इन्हीं का विकास है। हां, आपने काम दिया है, एसईसीएल का लोहा काटने का काम दिया है और वह जो पैसा लोगों को मिला उससे शराब खोरी, ड्रग्स, नशीली दवाइया, गांजा, चरस में अपार बढ़ोत्तरी हुई। अरे आपने तो उस एसईसीएल को भी नहीं बख्शा जिससे यहां की जीविका जुड़ी है, उसका भी आपने नल और टोटी काटने का काम किया है और आप कहते हो विकास किए है। विकास को हमने साकार किया है, भारतीय जनता पार्टी ने साकार किया है, हमने नई खदान खोलने का पहल किया, बरतूंगा में नई खदान, अंजन हिल माइंस में नई खदान, आर 6 माइंस में नई खदान और बंद पड़े साजा पहाड़ और लक्ष्मण झिरिया खदान खोलने का काम किया और आप खदान खुलवाने की बजाय इसईसीएल का पाइप और टोटी तुड़वाने में लग गए। रेलवे लाइन को आपकी सरकार ने यह कहकर रोक दिया कि चिरमिरी में इसकी आवश्यकता नहीं है, स्वर्गीय दीपक पटेल का अमृत जल मिशन योजना को आगे बढ़ाते हुए घर घर नल पहुंचाने की दिशा में हम काम कर रहे है। डाक्टर साहब आपने तो तब और भी हद कर दी थी जब चिरमिरी के पदयात्री जिला मुख्यालय की मांग को लेकर मुख्यमंत्री के पास पहुंचे थे तो अपने पानी की समस्या बताकर 10 करोड़ रुपए ले लिए और वो पैसा भी कहा गया आज तक पता नहीं चला।

# पीएम श्री नवोदय लेटरल एंट्री टेस्ट कक्षा 9 एवं 11 की चयन परीक्षा 8 फरवरी को प्रवेश पत्र जारी

दिनेश शुक्ला, दैनिक केसरिया हिंदुस्तानी



**आलोट।** स्थानीय पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय आलोट जिला रतलाम 2 म प्र के प्राचार्य शांतिलाल तेली ने बताया कि सत्र 2025 -26 के लिये लेटरल एंट्री टेस्ट कक्षा 9 एवं 11 में प्रवेश लेने हेतु आयोजित होने वाली पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय लेटरल एंट्री टेस्ट परीक्षा 2025 के लिये नवोदय विद्यालय समिति द्वारा प्रवेश पत्र ऑनलाइन जारी कर दिये गये है,जिन आवेदकों द्वारा ऑनलाइन आवेदन किया गया है वे नवोदय विद्यालय समिति की वेबसाइट पर जाकर अपने प्रवेश पत्र डाऊनलोड कर सकते है।जिन अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र डाऊनलोड करने में समस्या हो वे जनशिक्षकों के माध्यम से अथवा कार्यालय पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय आलोट से कार्यालयीन समय मे संपर्क कर प्राप्त कर सकते है।प्रवेश पत्र प्राप्त करने के बाद परीक्षा केंद्र श्री महावीर स्कूल आलोट पर दिनाँक 8 फरवरी 2025 दिन शनिवार को प्रात: 10 बजे उपस्थित होना अनिवार्य है,विस्तृत जानकारी प्रवेश पत्र पर अंकित है। पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय आलोट के लेटरल एंट्री टेस्ट कक्षा 9 के लिए 595 एवं 11 के लिए 49 प्रवेश पत्र नवोदय विद्यालय समिति द्वारा जारी कर दिये गये है। लेटरल एंट्री टेस्ट परीक्षा श्री महावीर स्कूल आलोट पर आयोजित होंगी।

# राडेप में विधायक बाबू जन्डेल ने सामुदायिक भवन का शुभारंभ किया

नौशाद अहमद कुरैशी दैनिक केसरिया हिंदुस्तान
मो. 9977365001

आज राडेप मैं विधायक जी ने सामुदायिक भवन का शुभारंभ किया विधायक जी ने अपनी नीति से 10 लख रुपए सामुदायिक भवन में दिए इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में विधायक जी सामुदायिक भवन का विधायक जी ने शुभारंभ करते हुए कहा कि यह वहां ग्रामीणों के सुविधा को देखते हुए मैंने निधि से बनवाया विधायक मीडिया प्रभारी सिराज दाऊदी ने जानकारी देते हो बताया विधायक जी ने जब भारत जोड़ो यात्रा निकाली थी तो उसे दौरान राडेप में भी रुके थे वहीं पर उन्होंने सामुदायिक भवन बनाने की घोषणा की थी आज इस सामुदायिक भवन का विधायक जी ने शुभारंभ किया अभी विधायक निधि से कहीं और जगह भी सामुदायिक भवन बनाए जा रहे हैं जिनका शुभारंभ विधायक जी जल्द करेंगे।



# मेहरा समाज के कार्यकर्ताओं ने गृह मंत्री का किया पुतला दहन

## भाजपा को दलितों का आगे बढ़ना पसंद नहीं : श्री बेले

केसरिया हिंदुस्तान

**बैतूल।** मेहरा समाज के प्रदेश प्रवक्ता, पूर्व जिला अध्यक्ष छन्नू बेले के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने आमला जनपद पंचायत चौक पर गृह मंत्री अमित शाह का पुतला दहन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने गृह मंत्री के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी की। मेहरा समाज के प्रदेश प्रवक्ता श्री बेले ने कहा कि विगत दिनों बाबा भीमराव अंबेडक के लिए आपत्तिजनक बातें संसद भवन में कहना अमित शाह की दलित विरोधी मानसिकता को दर्शाता है। डॉ.भीमराव अंबेडकर हमारे व पूरे देश कि जनता के आदर्श हैं। देश की आजादी और नवनिर्माण में योगदान देने वाले महापुरुषों का अपमान करके भाजपा और अमित शाह ने अपनी मानसिकता दिखा दी है। उन्होंने कहा कि बैतूल जिले में जगह-जगह भारतीय जनता पार्टी ने दलित समाज का नेतृत्व करने वाली कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का पुतला जलाया है। उक्ताशय के वक्तव्य अनुसूचित जाति के मेहरा समाज के कार्यकर्ता ने आमला जनपद चौराहा पर गृहमंत्री अमित शाह का पुतला दहन कर विरोध प्रकट किया तथा समस्त भारत देश में निवासरत अनुसूचित जाति, जनजाति पिछड़ा वर्ग भारत की 90 प्रतिशत जनसंख्या को आर्थिक रूप से गुलाम बनाने की भारतीय जनता पार्टी की षड्यंत्र नीति से बचकर एकजुट होने का संदेश दिया। पुतला दहन के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष नितिन गाडरे, एनएसयूआई अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष विनोद नागले, ब्लाक अध्यक्ष मनीष नागले, उपाध्यक्ष निगम बेले, अंबेडकर विचारधारा मंच के उपाध्यक्ष आंसू बर्डे, प्रभाकर उबनारे, शुभम बेले, मनीष बचले, अमित बेले, दिलीप मोरले, दीपक मोरले, कमल बामने सहित अनेक सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित थे।



**भाजपा की पूरी सोच अंबेडकर जी एवं संविधान के विरुद्ध :-**

श्री बेले ने कहा कि अनुसूचित जाति जनजाति गरीब तथा पिछड़ा वर्ग के लोग यदि जरा सा भी आगे बढ़ते हैं तो मनुवादी विचारधारा से प्रसिद्ध भारतीय जनता पार्टी के लोग कोई भी अलग-अलग आरोप लगाकर उनका पुतला जलाते हैं तथा अपमान करते हैं, ताकि कोई भी दलित आगे ना बड़े सके। अब समय आ गया है कि समुचे अनुसूचित जाति, जनजाति अल्पसंख्यक तथा पिछड़ा वर्ग के लोग मिलकर मनुवादी ताकतों का पुरजोर विरोध तथा संविधान की रक्षा करें, नहीं तो आने वाले समय में यह भारत की 90 प्रतिशत जनसंख्या को आर्थिक रूप से गुलाम बनाने का कुचक्र रच रहे हैं। उन्होंने कहा कि श्री खड़गे ने कुछ भी गलत नहीं कहा था कि भारतीय जनता पार्टी के लोग फोटो खींचने का कंपटीशन कर रहे हैं।

## भोपाल घनश्याम सोनी बने ओबीसी महासभा बैरसिया विधान सभा अध्यक्ष

केसरिया हिंदुस्तान भोपाल राजू मेहरा भोपाल.9425727854

**भोपाल।** पिछड़ा वर्ग संगठन ओबीसी महासभा भोपाल के कार्यकारिणी विस्तार कार्यक्रम में बैरसिया निवासी घनश्याम सोनी जी पिछड़ा वर्ग हितैषी विचारधारा को मध्यनजर रखते हुए भोपाल कार्यकारी अध्यक्ष हुकुम सिंह कुशवाहा की अनुशंसा एवं कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष की सहमति से बैरसिया विधान सभा अध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया गया हे। जिससे वह संगठन के साथ मिलकर बहुजन महापुरुषों की विचार धारा एवं संगठन के द्वारा पिछड़ा वर्ग के हक अधिकारों एवं जातिगत जनगणना की लड़ाई को आगे बढ़ाने एवं महापुरुषों के विचारों को जन जन तक पहुंचाने में सहयोग प्रदान करेंगे। इस अवसर पर सोनी जी को भोपाल अध्यक्ष पुरूषोतम लोधी,प्रवक्ता राजकुमार कुशवाह, बबलूसेन एवं प्रदेश कार्यकारिणी सदस्यों ने बधाई दी एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# पटना नगर पंचायत अध्यक्ष की भाजपा प्रत्याशी गायत्री सिंह के नामांकन रैली में उमड़ा जन सैलाब

## हजारों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता , क्षेत्रीय आमजन व समर्थक हुए शामिल, सामूहिक कराया नामांकन

देबाशीष गांगुली (संवाददाता । दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान)

**कोरिया।** नगरीय निकाय व त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 2025 के जोरदार आगाज के साथ कोरिया जिले के पटना नगर पंचायत अध्यक्ष पद की भाजपा प्रत्याशी गायत्री सिंह सहित सभी 15 वार्ड पार्षद प्रत्याशियों के नामांकन दाखिल किए गए । पटना कटकोना मार्ग स्थित हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना कर एक किलोमीटर की भव्य रैली निकालकर पटना के आमजनों से रूबरू होते प्रत्याशी गायत्री सिंह व सभी पार्षद प्रत्याशी पटना नगर पंचायत कार्यालय पहुंचे और सभी ने नामांकन दाखिल कराया । अवगत करा दें की आज 28 जनवरी को कोरिया जिले के नव निर्मित पटना नगर पंचायत के अनारक्षित महिला अध्यक्ष पद के लिए भाजपा से प्रत्याशी बनाई गईं श्री मति गायत्री सिंह और 15 भाजपा समर्थित वार्ड पार्षद प्रत्याशियों का नामांकन पटना नगर पंचायत कार्यालय में दाखिल कराया गया । जिनमें मुख्य रूप से नगर पंचायत अध्यक्ष पद के लिए गायत्री सिंह व वार्ड 01 से शंकर प्रसाद सोनी 02 अहिवरन सिंह 03 श्रीमती निर्मला पोया 04 राकेशसिंह 05 गीता पोया 06 रविशंकर शर्मा 07 प्रमिला सिंह 08 परसराम साहू 09 सतेंद्र सोनी 10 ज्योति देवांगन 11 तरुण जैसवाल 12 रेखा वर्मा 13 सुनील यादव 14 पूनम वर्मा 15 नंबर वार्ड से ओम प्रकाश सिंह ने अपना नामांकन दाखिल किया। श्री तिवारी ने कहा गायत्री सिंह आप सभी पटना वासियों बहुत करीब से समझती हैं। निर्णय लेने में सक्षम होने के साथ यह भलीभांति जानती हैं की गांव का विकास शहर के रूप में और शहर का विकास नगर के रूप में कैसे करना है और इस पटना क्षेत्र को विकास की अग्रणी पंक्ति में रखना है। संबोधन में उन्होंने कहा की आप सभी पटना वासियों के आशीर्वाद से बहन गायत्री सिंह को भारतीय जनता पार्टी ने पटना नगर पंचायत का अध्यक्ष प्रत्याशी बनाया है जिन्हें आप लोगों को पूरे मन से समर्थन देना है और पटना नगर पंचायत को भाजपा की विकास की नीतियों से जोड़कर अविश्वसनीय विकास की पहल को सार्थक बनाना है। आमजन से अपील करते हुए हैं कहा की हमें पटना नगर



पंचायत में भाजपा प्रत्याशी को चुनकर छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार के साथ बचे चार वर्षों में विकास को तेज गति से आगे ले जाने का सौभाग्य मिला है । इसलिए हम सभी कार्यकर्ता और उपस्थित आमजन को एक एक घर जाना है और भाजपा सरकार के द्वारा आमंत्रित सुझाव के लिए हर वर्ग के उनके सुझाव को लेकर पंजीबद्ध करना है और उसे सरकार तक पहुंचाना है और सभी को मिलकर सद्भाव के साथ इस पटना क्षेत्र के विकास के लिए आगामी चुनाव को भाजपा के पक्ष में लाना है । तत्पश्चात जिला अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी ने प्रत्याशी गायत्री सिंह और सभी 15 वार्ड पार्षद प्रत्याशियों को शुभकामनाएं देते हुए अपनी वाणी को विराम दिया । आमसभा के माध्यम से त्रि स्तरीय पंचायत चुनाव प्रभारी कृष्णबिहारी जायसवाल ने कहा की नव निर्मित नगर पंचायत पटना का यह पहला चुनाव है, नगर पंचायत पटना के 15 वार्ड के पार्षदों सहित अध्यक्ष का चुनाव सीधे पटना की जनता करेगी । श्री जायसवाल ने आमजन से कहा की भाजपा की सरकार में पटना के विकास के लिए बचे 4 वर्षों में अपार संभावनाएं है।तत्पश्चात नगर पंचायत पटना से भाजपा प्रत्याशियों को जीत दिलाने की अपील किए । संबोधन की कड़ी में भाजपा से पटना नगर पंचायत अध्यक्ष प्रत्याशी गायत्री सिंह ने कहा की पटना क्षेत्र के विकास और उन्नति के लिए सभी पटना वासियों को एकजुट,एकमत और समर्पित भाव से चुनाव को सफल बनाना है और भारतीय जनता पार्टी की केंद्र सहित प्रदेश सरकार द्वारा किए जा अनवरत विकास को पटना से सीधे तौर पर जोड़ना है। नामांकन रैली व आमसभा में मुख्य रूप से त्रि स्तरीय पंचायत चुनाव प्रभारी कृष्णबिहारी जायसवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी, नगर पंचयात चुनाव प्रभारी पंकज गुप्ता, पूर्व जिलाध्यक्ष जवाहरलाल गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष रविशंकर शर्मा, लक्ष्मण राजवाड़े,जिला महामंत्री विनोद साहू, नपाध्यक्ष अरुण जायसवाल, नपा उपाध्याय राजेश सिंह, मंडल अध्यक्ष रामलखन यादव, कपिल जायसवाल, अनिल खटीक, दीपा विश्वकर्मा, रितेश सिंह, अनिरुद्ध ठाकुर, शंकर सोनी, भरवर लाल कुर्रे, विष्णु साहू, गणेश यादव, रूपचंद गुप्ता, दिनेश चक्रधारी, सोना लाल राजवाड़े, रामशंकर साहू, सभी पार्षद प्रत्याशी एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

# ढोढर में नवनियुक्त भाजपा जिलाध्यक्ष का भव्य स्वागत

नौशाद अहमद कुरैशी दैनिक केसरीया हिंदुस्तान मो. 9977365001

नव नियुक्त भाजपा जिलाध्यक्ष शशांक भूषण का ग्रह नगर ढोढर आने पर जोरदार स्वागत किया ढ़ोल नागाड़े के साथ पेट्रोल पम्प से लेकर दुकानदारों व ग्राम बासियो ने जगह जगह पुष्प बर्षा कर माला व साफा पहनाकर भव्य स्वागत किया बगदिया तिराहे पर ब्रह्मण समाज द्वारा जोरदार स्वागत किया गया मेन बाजार एवं जगह जगह घरो पर नविन जिलाध्यक्ष का एवं साथ मे आये सभी भाजपा पदाधिकारीयों का साफा बाधकर माला पहनाकर जगह जगह घर घर स्वागत किया ढोढर मे मूलत: ढोढर निवासी शशांक भूषण का जिलाध्यक्ष बनने पर पुरे ग्राम जश्न का माहौल बना हुआ रहा जगह जगह स्वागत के



उपरांत श्री जी के मंदिर प्रांगण पर स्वागत समारोह किया गया मंच पर विराजमान सभी अतिथि गणों का ग्राम बासियो ने मलार्यपण कर स्वागत किया स्वागत समारोह को सम्बोधित करते हुए नव नियुक्त जिला अध्यक्ष शशांक भूषण ने अपने स्वागत भाषण मे कहा आपने जो मेरा और मेरे साथियो का जो दिल से जोरदार स्वागत किया मे आप सभी बुजुर्गो माताओ बहनो और युबाओ के साथ सभी का धन्यवाद करता हूँ मे आपका ही बेटा भाई हूँ मे आपको आश्वस्त करना चाहता हूँ कि ढोढर विकास के लिए जो भी संभव हो हम सब मिलकर सदैव तत्पर रहकर कार्य करने का प्रयास करेंगे चाहे वह शिक्षा के क्षेत्र का चाहे किसानो की समस्या हो जनहित मुलभुत समस्या हो सदैव समस्या को पूरा करने प्रयास करेंगे आपका साथ और स्नेह बना रहे और मे आपको आस्वस्त करना चाहता हूँ भारतीय जनता पार्टी जनहितेषी और विकास शील पार्टी है जो भारत मे सबसे बड़ी पार्टी है पार्टी ने मुझे जो दायित्व सौपा है मे बरिष्ठ नेतृत्व का आभार व्यक्त करता हूँ आपका जनहित का कोई भी कार्य हो मुझे आप कभी भी फोन कर बता सकते है मुझे आज बड़ी खुशी की बात है कि मेरे गांव मे जो घर घर स्वागत किया मे काफ़ी अभिभूत है और आप सभी का तहेदिल से शुक्र गुजार हूँ और मे निरंतर आपके बीच मे आता रहुगा कार्यक्रम को प्रदेश कार्यसीमित के सदस्य अशोक गर्ग ने कहा की भाजपा संघर्ष शील पार्टी रही है जो निरंतर आज देश की सबसे बड़ी पार्टी है पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष सुरेंद्र जाट ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने प्रदेश नहीं बल्कि देश मे बहुत विकास किये है जगह रोड बनाये स्कूल अस्पताल बनाये गए भाजपा आम लोगो की मुलभुत समस्या के प्रति बेहद गंभीर है विकास की दृष्टि से आज हमारी माननीय नरेन्द मोदी के नेतृत्व मे जो देश मे विकास हुए है उसकी पहचान विदेशो मे सबसे बड़ी पार्टी के रूप जानी जाती है कार्यक्रम को पूर्व विधायक दुर्गा लाल विजय ने कहा की ढोढर की समस्याओ के प्रति ध्यान रखते हुए कहा की हमने देखा पहले बिजली की भारी समस्या रहती थी हमने ढोढर मे सब स्टेशन लगवाया यहां पर कॉलेज की बहुत बड़ी समस्या थी बारहवीं पास के बाद छात्र छात्राए बाहर पढ़ाई करने मे असमर्थ थी इसी को ध्यान मे रखते हुए हमने डिग्री कॉलेज भी मंजूर कराकर आज ढोढर मे डिग्री कॉलेज बनकर तैयार है

# स्वच्छ सर्वेक्षण में नगर आयुक्त सी.पी. राय ने किया सुलभ शौचालयों का औचक निरीक्षण

मारुति लाल विश्वकर्मा

**छिंदवाड़ा।** आगामी स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 को ध्यान में रखते हुए नगर पालिका निगम छिंदवाड़ा के आयुक्त श्री सी.पी. राय द्वारा आज इंदिरा चौराहा सुलभ शौचालय और मालवा ट्रेवल्स सुलभ शौचालय का निरीक्षण किया गया। इस दौरान सफाई व्यवस्था का गहन निरीक्षण किया गया और पाई गई कमियों को सुधारने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए।



**निरीक्षण के दौरान प्रमुख निर्देश :-**

- सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करना : सभी सुलभ शौचालयों में नियमित सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।
- कमियों में शीघ्र सुधार : निरीक्षण में पाई गई खामियों को जल्द से जल्द ठीक करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया गया।
- सार्वजनिक शौचालयों की निगरानी बढ़ाना : लोगों को स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण देने के लिए सभी सार्वजनिक शौचालयों की निगरानी बढ़ाने के आदेश दिए गए।
- जनभागीदारी को प्रोत्साहन : आम नागरिकों से अपील की गई कि वे सार्वजनिक शौचालयों की सफाई बनाए रखने में सहयोग करें।

स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में छिंदवाड़ा की रैंकिंग को बेहतर बनाने के लिए नगर निगम लगातार स्वच्छता से जुड़े कार्यों की समीक्षा कर रहा है। नगर आयुक्त श्री सी.पी. राय ने शहरवासियों से स्वच्छता बनाए रखने और सार्वजनिक स्थानों को स्वच्छ रखने में सहयोग करने की अपील की।

## विकास के पथ पर सीहोर को आगे ले जाना है - कलेक्टर श्री बालागुरू के



नितिन जौहरी दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

पदभार ग्रहण करने के बाद नवागत कलेक्टर बालागुरू के. ने जिला पंचायत सभाकक्ष में पत्रकार वार्ता आयोजित की। पत्रकार वार्ता में जिले के सभी मीडिया संस्थानों पत्रकार उपस्थित रहे। पत्रकारों से चर्चा करते हुए कलेक्टर श्री बालागुरू ने कहा कि सीहोर जिला विकास में प्रदेश के अग्रणी जिलों में शामिल है। उन्होंने कहा कि सभी के सहयोग से सीहोर जिले को विकास के पथ पर आगे ले जाएंगे। कलेक्टर श्री बालागुरू ने कहा कि मेरा यह प्रयास रहेगा कि आमजन के कल्याण के लिए चलाई जा रही योजनाओं का बेहतर ढंग से संचालन हो। यह सुनिश्चित किया जाएगा कि कोई भी पत्र व्यक्ति शासन की योजनाओं का लाभ पाने सें वंचित न रहे। इसके साथ ही जिले में विभिन्न विभागों के माध्यम से विकास और निर्माण के कार्य चल रहे हैं वे समय पर पूरे हों और गुणवत्तापूर्ण हो।

# सरकार की यही मंशा है कि अधिक से अधिक सुविधाएं जनता जनार्दन तक पहुंचे : राज्यमंत्री श्री पटैल

## डाक्टर्स की व्यवस्था सुनिश्चित की जायेगी

राजेश कुमार पटेल दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

**दमोह।** पथरिया विधानसभा के अंतर्गत आने वाले ग्रामों जैसे कि उपस्वास्थ्य केन्द्र समर्पित है, आसपास के लोग भी इसका भरपूर लाभ उठाएं। सरकार की यही मंशा है कि अधिक से अधिक सुविधाएं आमजन तक पहुंचे। सरकार तो यहाँ तक चाहती है कि हर सुविधा आपके घर पहुंचे, छोटे से छोटे काम के लिये आपको भटकना ना पड़े, इसके लिए सरकार लगातार प्रयासरत है। शहरों में डाक्टर अधिक होने से अब डॉक्टर्स का रूझान गांव की ओर बढ़ चला है, डाक्टर्स की व्यवस्था





सुनिश्चित की जायेगी। इस आशय के विचार प्रदेश के पुशपालन एवं डेयरी विभाग राजयमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) लखन पटेल ने ग्राम झागर, किन्द्राहो और सतपारा में आयुष्मान आरोग्य मंदिर उपस्वास्थ्य केन्द्र भवन का लोकापर्ण करते हुये व्यक्त किये। इस अवसर पर पूर्व मंडी अध्यक्ष खरगराम पटैल सहित जनप्रतिनिधिगण मौजूद थे। पशुपालन राज्यमंत्री लखन पटैल ने कहा इस समय सबसे महत्वपूर्ण काम प्रधानमंत्री आवास में नाम जुड़वाने का चल रहा है, बहुत सारी जगह नाम जुड़ना शुरू हो गए। सरपंचगणों और शासकीय अधिकारी-कर्मचारी इस काम को एक मिशन बनाएं और एक आंदोलन बनाएं। घर-घर तक ये बात पहुंचे जो पात्र हो सारे लोगों के नाम जुड़े। इस बार सरकार ने एक नया काम किया है, कि हम खुद भी इसमें नाम जोड़ सकते है, पोर्टल पर जाकर अपना नाम खुद जोड़ सकते है। जो नहीं जोड़ पा रहे है तो सचिव, सहायक सचिव, सरपंचों के पास जाक

# हरिगोविंद पाण्डेय बने शिवसेना ननि अध्यक्ष तो सुधीर पाण्डेय बने जिला उपाध्यक्ष, शुभचिंतकों ने दी बधाइयां

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान ब्यूरो सिंगरौली अनुरोध शुक्ला

**सिंगरौली।** हिंदू हृदय सम्राट शिवसेना प्रमुख बालासाहेब ठाकरे के आशीर्वाद एवं शिवसेना प्रमुख नेता एकनाथ शिंदे मुख्यमंत्री महाराष्ट्र के आदेश अनुसार एवं मध्य प्रदेश प्रभारी थानेश्वर महावर एवं राज्य प्रमुख राजीव चतुर्वेदी के निर्देशानुसार एवं उपराज्य प्रमुख सुरेंद्र नाथ दुबे एवं रामदयाल पांडे शिवसेना जिला प्रमुख सिंगरौली की सहमत से हरि गोविंद पाण्डेय विंध्यनगर को जिला इकाई सिंगरौली के अध्यक्ष नगर निगम पद पर नियुक्त किया गया है तो





वहीं सुधीर पाण्डेय को शिवसेना का जिला उपाध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया है आप दोनों को इस नियुक्ति पद पर सभी शिव सैनिकों में खुशी की लहर है और उनकी नियुक्ति पर उनके चाहने वालों ने बधाई शुभकामनाएं प्रेषित किया है शीर्ष नेतृत्व ने अपेक्षा किया की सिंगरौली जिला में शिवसेना संगठन को मजबूती प्रदान करने में आप कोई कोर कसर नहीं छोड़ेंगे अपनी इस नियुक्ति पर उक्त दोनों नेताओं ने शीर्ष नेतृत्व का आभार जताया हैं।

# सीहोर जिले के अहमदपुर में बंगालियों की क्लीनिक बिना नाम बोड के पर्दे की आड़ में चल रहा है स्वास्थ्य के नाम पर जान से जोखिम वाला इलाज

केसरिया हिंदुस्तान भोपाल राजू मेहरा

**सीहोर।** सीहोर जिले के सटे अहमदपुर में के .के. विश्वास सुजीत विश्वास बंगाली दो डॉक्टरो का एम बी बी एस की तरह बड़ा क्लीनिक खोलकर घातक बीमारियों का इलाज कर रहे हैं जैसे बवासीर दमा टाइडफाइड पीलिया गंजेपन शुगर बिना जांच किए कई प्रकार की बड़ी बीमारियों का इलाज चल रहा है जेक्शन से लेकर बोटल लगकर बीमारियों का कर रहे हैं मरीज के साथ जोखिम भरा इलाज बिना जांच करें ही सभी रोगो का चल रहा है इलाज बताया जा रहा है कि यह दोनों डॉक्टर बंगाली कोलकाता से हैं अगर कोई अप्रिय घटना घटती है तो इनको ढूंढना होगा मुश्किल बिना नेम बोड के पर्दे के पीछे चल रहा है मौत का खेल अपनी दुकानदारी का गोरखधंधा फल फूल रहा है सीहोर जिले के अहमदपुर में चल रहा है राशन की दुकान की तरह दुकान में कई प्रकार की दवाईयां इंजेक्शन रखें हुए हैं चंद रुपए के लालच में मरीजों के साथ चल रहा है जान जोखिम वाला इलाज कभी भी घट सकती है बड़ी दुर्घटना जब हमने क्लीनिक संचालक से बात की गई यहां पर क्या-क्या इलाज करते हैं उन्होंने कहा यहां पर सभी प्रकार का इलाज़ किया जाता है यह क्लीनिक संचालक एमबीबीएस की तरह कर रहे हैं मरीजों का इलाज आपको बता दे की यह झोलाछा डॉक्टर मरीज के साथ जान से खिलवाड़ कर रहे हैं

# सरस्वती शिशु मंदिर जैन कॉलोनी बैरसिया (भोपाल )में संस्कृति के रंग शिशु महोत्सव के संग वार्षिक रंगमंचीय कार्यक्रम संपन्न





केसरिया हिंदुस्तान भोपाल राजू मेहरा..9425727854

**बैरसिया ।** भोपाल मैं दिनांक 29 जनवरी 2025 दिन बुधवार को वार्षिक रंगमंचीय कार्यक्रम किया गया जिसमें सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा 12 शैक्षिक व्यवस्थाओं में से चिड़ियाघर और तरणताल का फीता काटकर लोकार्पण किया। तत्पश्चात ज्ञान देवी मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में मां सरस्वती की वंदना बहिन जिज्ञासा के द्वारा विद्या भारती के लक्ष्य का वचन विद्यालय के प्रधानाचार्य सुनील कुमार नागर के द्वारा अतिथियों का शुभ परिचय कराया गया, आचार्य अभिषेक श्रीवास पृथ्वीराज दांगी एवं कनक साहू दीदी द्वारा स्वागत किया गया, रंगमंचीय कार्यक्रम मे भैया बहनों ने धार्मिक सांस्कृतिक शारीरिक एवं पंचकोषों के विकास को दृष्टिगत रखते हुए प्रस्तुतियां दी । कार्यक्रम के मुख्य वक्ता भोपाल विभाग के विभाग समन्वयक श्री दीपक जी चंदेवा ने विद्या भारती के लक्ष्य के अनुरूप शिक्षा का वर्णन किया , राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक सुरेंद्र , जिला प्रचारक देवेश , एवं नगर प्रचारक श्री ललित भी उपस्थित रहे, कुंवर अर्जुन सिंह राजपूत स्मृति न्यास के अध्यक्ष गोविंदराम गुर्जर न्यास के सचिव कैलाश सिंह ठाकुर , न्यास के सभी पदाधिकारी,अर्जुन शिक्षा समिति, के अध्यक्ष राजीव शर्मा व्यवस्थापक दीपक दुबे, समिति के सभी सदस्य गण, विद्या विहार प्रकल्प के प्रबंधक लखन ठाकुर विद्या विहार प्राचार्य गौरीशंकर तिवारी शिशु मंदिर विद्यालय के सभी आचार्य दीदी, भैया/बहिन,अभिभावक गण उपस्थित रहे,।

# देश भक्ति गीतों पर देर रात तक बच्चों ने दी मनमोहक प्रस्तुती

## विधायक, नपाध्यक्ष ने किया पुरुस्कृत, भाजपा जिलाध्यक्ष मेवाड़ा श्री मेवाड़ा ने गाये देश भक्ति के तराने

नितिन जौहरी दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

**सीहोर।** नगर की प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने एवं उनकी प्रतिभाओं को निखारने के लिये प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी 76 वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर एक शाम देश भक्ति के नाम का आयोजन सामाजिक संस्था अग्रसोच सोशल फाउण्डेशन सीहोर द्वारा आयोजित किया गया। जिसमें नगर की प्रतिभाओं एवं स्कूली बच्चों ने गायन एवं नृत्य के माध्यम से वीर शहिदों को श्रद्धासुमन अर्पित किये। जिसमें देश की विभिन्न संस्कृतियों का रूप देखने को मिला। आयोजित देश भक्ति संध्या में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक सुदेश राय, नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस विकास राठौर, भाजपा जिला अध्यक्ष नरेश मेवाड़ा, वरिष्ठ समाजसेवी राजकुमार गुप्ता, वरिष्ठ पत्रकार बसंत दासवानी ने बच्चों को स्मृति चिन्ह प्रदान कर प्रोत्साहित किया। इसके पूर्व आयोजन समिति के अध्यक्ष आशीष गुप्ता, संयोजक प्रदीप नागिया ने अतिथियों का पुष्पमाला पहनाकर व बेच लगाकर स्वागत सम्मान किया। तत्पश्चात बच्चों की मनमोहक प्रस्तुति के बीच पूर्व नपाध्यक्ष एवं भाजपा जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा ने देश



भक्ति के रंग में रंगते हुए देश भक्ति गीत प्रस्तुत कर कार्यक्रम को गरिमा प्रदान की। सर्वप्रथम माँ सरस्वती के चित्र के समक्ष राजेश काशिव, सीमा जोशी, सैलेश तिवारी, जयंत शाह, हरिओम दाऊ, अंजली सोनी, अंकिता शर्मा, रूपली सोनी, सुनीता सोनी के दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। कार्यक्रम का संचालन प्रदीप नागिया द्वारा किया गया। इस अवसर पर विधायक सुदेश राय द्वारा संबोधित करते हुए कहा कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य उन वीर शहिदों को नमन करना है, जिन्होने अपना सर्व बलिदान इस देश के लिये दिया, उनकी याद में ऐसे कार्यक्रम में शामिल होना और ऐसे कार्यक्रम होते हैं तो हृदय प्रफुलित हो जाता है और जिस तरह इस आयोजन में छोटे-छोटे बच्चों द्वारा मनमोहक प्रस्तुति दी उसे देख ऐसा लगता है कि आज हमारे देश के बच्चों व युवाओं में भी देश के प्रति समर्पण ओर जोश भी भावना समायोजित है। नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस विकास राठौर ने अपने सम्बोधन में गणतंत्र दिवस की सभी नगर वासियों को शुभकामनाऐं देते हुए कहा कि मैं संस्था हृदय से धन्यवाद व्यक्त करता हु, जिनके माध्यम से देश भक्ति से औतप्रोत कार्यक्रम आयोजित कर देश के प्रति बच्चों को प्रेरित किया। अंत में सभी अतिथियों व उपस्थितजनों को आभार व्यक्त किया। इस मौके पर विशेष रूप से संगीतकार एवं संगीतिका महाविद्यालय के संचालक मांगीलाल ठाकुर का भी अतिथियों द्वारा सम्मान कर स्मृति चिन्ह भेट किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में नागरिकगण उपस्थित हुए।

# सीएम मोहन यादव ने निवेश के लिए किया रोड शो, जापानी निवेशकों के साथ किया सेशन

**भोपाल।** हमारा फोकस स्किल डेवलपमेंट पर है। प्रदेश में बड़ी संख्या में आईटीआई, पॉलिटेक्निक कॉलेज, इंजीनियरिंग कॉलेज संचालित हो रहे हैं जहां पर बौद्धिक क्षमता के युवा उपलब्ध हैं। जापान दौरे पर मोहन यादव ने बात कही है। ग्लोबल इंवेस्टर समिट में निवेशकों को आमंत्रण देने जापान पहुंचे मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव भारतीय दूतावास में 'इंटरेक्टिव सेशन ऑन इन्वेस्टमेंट' कार्यक्रम में शामिल हुए। इस सेशन में उन्होंने कहा कि जापान का प्राचीनकाल से आधुनिक काल तक बहुत समृद्ध इतिहास रहा।

जापान की उद्यमशीलता को नमन करता हूं, जिसकी बदौलत आज जापान की विश्व के सामने अलग पहचान है। जापान गौतम बुद्ध की हजारों साल पुरानी परंपरा के साथ भारत से जुड़ा हुआ है। जो आज विशिष्ट जीवनशैली और औद्योगिक शैली के साथ आर्थिक युक्ति से संपन्नता पाने वाला देश है। अपने संबोधन में सीएम डॉ यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश के साथ भी जापान के व्यवसायिक दृष्टि से मजबूत संबंध है। मध्यप्रदेश से आज जापान को एल्युमिनियम, कार्बनिक रसायन, बायलर, मशीनरी, फार्मास्युटिकल उत्पाद समेत कई वस्तुओं का निर्यात किया जा रहा है। 2023-24 में मध्यप्रदेश से जापान को 92.8 मिलीयन डॉलर का निर्यात किया गया। साथ ही मध्यप्रदेश में जापान के मैंन्युफैक्चरिंग से जुड़े कई उद्योग संचालित हो रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने बताया कि मध्यप्रदेश की अर्थव्यवस्था एक दशक में तीन गुना बढ़ी है, जिसे पांच साल में दोगुना करने का लक्ष्य रखा है। पूंजीगत समेत सरकारी व्यय 19 प्रतिशत तक बढ़ा है जो राज्य की उन्नति का द्योतक है। समग्र रुप से करीब 65 हजार करोड़ का निर्यात किया है। उन्होंने



कहा कि विश्व के कई देशों के निवेशकों की मध्यप्रदेश के प्रति रुचि बढ़ी है। हमारी सरकार एनर्जी सेक्टर, माइनिंग, एजुकेशन, स्वास्थ्य समेत कई सेक्टर के लिए नई पॉलिसी बना रही है, जिससे निवेश के लिए अनुकूल माहौल बना। उन्होंने निवेशकों को भरोसा दिलाया कि नीति से अलग भी अगर निवेशक कोई बदलाव और सुविधा चाहेंगे तो सरकार खुले मन से उन्हें मदद करेगी। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश में फूड, आईटी पार्क, मसाले, मेडिकल डिवाइस, सोलर इक्यूपमेंट, प्लास्टिक, फुटवियर, फार्मास्यूटिकल्स, टेक्सटाइल्स, ईवी, गारमेंट यूनिट, सेमीकंडक्टर पार्क समेत कई क्षेत्रों में निवेश की अपार संभावनाएं हैं।

खासतौर पर लॉजिस्टिक, गारमेंट, खाद्य प्रसंस्करण, ईवी, आईटी के क्षेत्र में हमारी पॉलिसी बड़े निवेशकों को आकर्षित कर रही है। मध्यप्रदेश की अच्छी नीति और नीयत के बलबूते सभी तरफ से व्यवसायिक गतिविधियों को बढ़ाने के लिए प्रोत्साहन मिल रहा है। उन्होंने कहा कि हमारा फोकस स्किल डेवलपमेंट पर है। प्रदेश में बड़ी संख्या में आईटीआई, पॉलिटेक्निक कॉलेज, इंजीनियरिंग कॉलेज संचालित हो रहे हैं जहां पर बौद्धिक क्षमता के युवा उपलब्ध हैं। जापान और मध्यप्रदेश मिलकर इन युवाओं को तकनीकि और कौशल ज्ञान प्रदान कर सकते हैं। खासतौर पर इंजीनियरिंग, मेडिकल हेल्थ समेत कई क्षेत्रों में युवाओं को मौका मिल सकता है। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि 24 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भोपाल में ग्लोबल इंवेस्टर समिट का उद्घाटन करने वाले हैं। 24-25 फरवरी को इन सभी क्षेत्रों में निवेश की जानकारी देने के लिए सेमिनार होंगे, जहां निवेश की संभावना पर चर्चा होगी। इससे पहले मध्यप्रदेश के वरिष्ठ अधिकारी राघवेन्द्र सिंह और डॉ राजेश राजौरा ने प्रजेंटेशन के माध्यम से मध्यप्रदेश की आर्थिक उन्नति के साथ प्रदेश में निवेश की संभावनाओं की विस्तृत जानकारी दी।

# हनी ट्रैप केस-अब सबूतों के आधार पर आरोप साबित करेगी पुलिस

**इंदौर।** वर्ष 2019 में इंदौर में सिटी इंजीनियर हरभजन सिंह की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज किया था और इस मामले में आठ आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था। इस बहुचर्चित हनी ट्रैप में कई राजनेता व वरिष्ठ अफसरों के नाम है,लेकिन शिकायतकर्ता सिर्फ एक ही सामने आया था। मध्य प्रदेश के चर्चित हनी ट्रैप केस में कोर्ट ने आरोप तय कर दिए है, लेकिन इस बीच फरियादी इंदौर नगर निगम के निलंबित सिटी इंजीनियर हरभजन सिंह की मौत हो चुकी है, हालांकि इससे केस पर कोई असर नहीं पड़ेगा। अब पुलिस को सबूतों व गवाहों के आधार पर आरोप साबित



करना होगा। पुलिस के पास सबसे बड़ा सबूत वह सीडी है, जो पुलिस ने आरोपियों के पास से जब्त की थी। कोर्ट द्वारा तय आरोपों को आरोपियों के वकील ने मानने से इनकार कर दिया है। अब हनी ट्रैप मामले में सुनवाई लगातार जारी रहेगी। अब अगली सुनवाई आठ फरवरी को होगी। कोर्ट ने सभी आरोपियों को उपस्थित रहने के लिए कहा है। आपको बता दे कि वर्ष 2019 में इंदौर में सिटी इंजीनियर हरभजन सिंह की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज किया था और इस मामले में आठ आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था। इस बहुचर्चित हनी ट्रैप में कई राजनेता व वरिष्ठ अफसरों के नाम है,लेकिन शिकायतकर्ता सिर्फ एक ही सामने आया था।

पुलिस ने एक आरोपी की शिकायत पर हरभजन के खिलाफ भी रेप का केस दर्ज किया था। इसके बाद हरभजन को नगर निगम ने निलंबित कर दिया था। हरभजन तीन साल से रीवा स्थित अपने पैतृक निवास में ही रहता था। इस मामले में दर्ज प्रकरण में छह महिलाएं और दो पुरुष शामिल है। आरोपी आरती दयाल और मोनिका ने हरभजन के जरिए अपने रिश्तेदारों को नगर निगम के ठेके दिलावाए थे। हरभजन को विजय नगर क्षेत्र के एक होटल में मोनिका ने बुलाया था और वहां शारीरिक संबंध बनाते समय हरभजन की सीडी भी तैयार कर ली गई थी। उसके आधार पर हरभजन को ब्लैकमेल कर रुपये मांगे जा रहे थे। 50 लाख रुपये आरती और मोनिका इंदौर लेने आई थी। तब हरभजन की शिकायत पर दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया था। उसके साथ आया ड्राइवर भी गिरफ्तार हुआ था।

### खड़गे और रेवंत के बयानों पर बीजेपी हमलावर

# कांग्रेस सुप्रीमो के खिलाफ बी.जे.वाई.एम का प्रदर्शन

**भोपाल।** सोमवार को भीमराव अंबेडकर की जन्मस्थली महू में कांग्रेस ने जय भीम, जय बापू, जय संविधान रैली आयोजित की। इस दौरान कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी के बयानों पर बीजेपी ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। खड़गे ने कुंभ स्नान पर एक बयान दिया, जिसे लेकर बीजेपी के कार्यकर्ताओं ने महू के रोशनपुरा चौराहे पर विरोध प्रदर्शन किया। तेलंगाना के सीएम रेवंत रेड्डी ने प्रधानमंत्री मोदी की तुलना मुहम्मद गजनी से की, जिस पर केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा ने तीखा पलटवार किया। महू में आयोजित रैली को संबोधित करते हुए कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा- क्या गंगा में डुबकी लगाने



से गरीबी दूर होती है? क्या इससे खाना मिलता है? उन्होंने यह भी कहा कि वह किसी की धार्मिक आस्था का अपमान नहीं करना चाहते और अगर किसी को दुख हुआ हो, तो माफी मांगते हैं। खड़गे ने आगे कहा- जब बच्चा भूखा मर रहा है, स्कूल नहीं जा रहा, मजदूर को मजदूरी नहीं मिल रही, तब कुछ लोग हजारों रुपए खर्च कर के प्रतियोगिताओं में डुबकी लगाते हैं। जब तक टीवी पर अच्छा दृश्य नहीं आता, तब तक ये लोग डुबकी मारते रहते हैं। ऐसे लोगों से देश की भलाई नहीं हो सकती। महू में आयोजित कांग्रेस की रैली को संबोधित करते हुए तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए कहा, महमूद गजनवी ने हिंदुस्तान को लूटने की कोशिश की थी, ठीक वैसे ही मोदी जी संविधान को बदलने और आरक्षण को खत्म करने की कोशिश कर रहे हैं। रेवंत रेड्डी ने आगे कहा, मैंने इतिहास में महमूद गजनवी के बारे में पढ़ा था, जो हिंदुस्तान को लूटने और अपने कब्जे में लेने के लिए बार-बार कोशिश करता था। वैसे ही मोदी जी संविधान बदलने और आरक्षण रद्द करने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन उनकी ये कोशिशें सफल नहीं होंगी।

क्योंकि महात्मा गांधी ने ब्रिटिशों को हराकर इस देश को

### भोपाल में अनुवाद कौशल कार्यशाला का आयोजन

**भोपाल।** केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के भोपाल परिसर में सोमवार को पांच दिवसीय अनुवाद कौशल कार्यशाला का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार की भारतीय भाषा समिति के अकादमिक समन्वयक डॉ. गिरिधर राव उपस्थित रहे। डॉ. राव ने अपने संबोधन में अनुवाद कौशल के महत्व पर प्रकाश डाला और इसे वैदिक वाङ्मय एवं भारतीय ज्ञान परंपरा से जोड़कर समझाया। उन्होंने कहा कि अनुवाद कौशल सभी के लिए आवश्यक है, जिससे हिंदी और अन्य भाषाओं के ग्रंथों को संस्कृत में अनूदित किया जा सकता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे साहित्य विद्याशाखा के समन्वयक प्रो. सनंदन कुमार त्रिपाठी ने अनुवाद की विभिन्न विधियों पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि इस पांच दिवसीय कार्यशाला में विशेष महत्वपूर्ण ग्रंथों के अनुवाद का प्रशिक्षण दिया

### एमपी के सबसे लंबे फ्लाईओवर पर होंगे 2 बदलाव

# थर्ड आर्म पर लगेंगे सिग्नल, टाइमिंग बढ़ेगी

**भोपाल।** भोपाल में एमपी के सबसे लंबे डॉ. भीमराव अंबेडकर फ्लाईओवर (गणेश मंदिर से गायत्री मंदिर तक) पर पीडब्ल्यूडी 2 बड़े बदलाव करने जा रहा है। पहला थर्ड आर्म पर सिग्नल और दूसरा शौर्य स्मारक चौराहे पर सिग्नल की टाइमिंग बढ़ाना। गणेश मंदिर के पास डिवाइडर नहीं हटेगा। पुलिस ने डिवाइडर हटने की स्थिति में एक्सीडेंट होने की संभावना जताई है। 23 जनवरी को इस ब्रिज का लोकार्पण हुआ था। छ्रू डॉ. मोहन यादव ने ब्रिज का उद्घाटन कर इसे जनता को समर्पित कर दिया था। इसके बाद एमपी नगर की मुख्य सड़क से गुजरने वाला 60त्न ट्रैफिक ब्रिज पर डायवर्ट हो गया है। जिससे जाम से बड़ी राहत मिली है। मुख्य रोड पर सिटी बसें, ऑटो, ई-रिक्शा, टैक्सी समेत वे ही गाड़ियां दिखाई दे रही हैं, जो एमपी नगर के



अलावा न्यू मार्केट, आईएसबीटी, रायसेन रोड, अवधपुरी, अयोध्या बायपास की ओर आ-जा रही हो। दूसरी ओर, ब्रिज पर 3 ऐसी बड़ी चुनौतियां हैं, जो लोगों को भारी पड़ रही है। पीडब्ल्यूडी ने इन चुनौतियों को दूर करने की बात कही है।

ब्रिज की लंबाई पौने 3 किमी है, जो गणेश मंदिर से गायत्री मंदिर तक जाता है। एक लेन अरेरा पहाड़ी (शौर्य स्मारक चौराहा) तक जाती है। जब ये तीनों लेग एक-दूसरे से जुड़ती हैं तो यहां पर सिग्नल नहीं लगे हैं। ऐसे में तेज रफ्तार में टर्न लेने पर गाड़ियां एक-दूसरे से टकरा रही है। यहां रोटरी और सिग्नल दोनों की जरूरत है। इस बारे में एक्जीक्यूटिव इंजीनियर (ब्रिज) जावेद शकील ने बताया, ब्रिज की थर्ड आर्म पर सिग्नल लगा रहे हैं। इसी सप्ताह सिग्नल लगा दिए जाएंगे। फ्लाईओवर का एक सिरा गणेश मंदिर पर उतरता है। इसके आगे वीर सावरकर ब्रिज है। पहले सड़क के बीच में डिवाइडर नहीं बना था। इसलिए लोग राइट टर्न लेकर अरेरा कॉलोनी, 10 नंबर मार्केट, बिट्?ठन मार्केट, कोलार रोड, शाहपुरा की ओर मुड़ जाते थे, पर अब बीचोंबीच डिवाइडर बना दिया गया है। ऐसे में इन जगहों पर जाने के लिए वीर सावरकर ब्रिज होते हुए आना पड़ रहा है।

इससे करीब 2 किमी का अतिरिक्त फेरा लग रहा है। मंदिर के पास सिग्नल लगाकर ट्रैफिक को रोका जा सकता है। इसे लेकर पीडब्ल्यूडी ने पुलिस से सुझाव मांगा था। ईई शकील ने बताया, डिवाइडर हटने की स्थिति में एक्सीडेंट हो सकते हैं। पुलिस ने डिवाइडर नहीं हटाने का सुझाव दिया है। ब्रिज की कुल 3 लेग है।

### नाबालिग को बेचने के मामले में 6 आरोपी गिरफ्तार

# भोपाल में ऑटो चालक ने अकेला देख किशोरी से की ज्यादती, फिर बेच दिया

**भोपाल।** भोपाल से 15 साल की नाबालिग को दो लाख रुपए में बेचने के मामले में पुलिस ने पति-पत्नी सहित कुल 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपी पति-पत्नी पहले भी अनैतिक देह व्यापार के मामले में गिरफ्तार किए जा चुके हैं। इधर, बच्ची ने पुलिस की पूछताछ में चौंकाने वाले खुलासे किए हैं। घटना की रात एक ऑटो चालक ने उसे अकेला देख मदद के नाम पर अपने पास रखा और ज्यादती की। बाद में अशोक नगर में रहने वाले एक युवक को दंपती की मदद से बेच दिया था। जांच में सामने आया है घर से भागी नाबालिग सुनसान इलाके में



भटकती हुई ऑटो चालक सलमान को मिली थी। मदद के बहाने आरोपी उसे होटल लेकर पहुंचा और यहां गलत काम किया। ऑटो चालक ने नाबालिग को मानव तस्करों तक पहुंचाया था। सलमान ने बच्ची से ज्यादती के बाद उसे आरोपी आशुतोष और महक के हवाले कर दिया। दोनों ने शोभाराम के जरिए नाबालिग को अशोकनगर में बेच दिया था। सभी आरोपी आपस में पूर्व परिचित हैं। जांच में एक-एक कर सभी आरोपियों के नाम सामने आए। पुलिस ने आरोपियों की पहचान कर सभी 6 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। दो को जेल भेज दिया है। जबकि चार आरोपियों को सोमवार को 6 दिन की पुलिस रिमांड पर लिया है। पुलिस को दिए बयान में नाबालिग ने बताया कि 2022 में मां की मौत के बाद वह मामा के साथ उनके घर में रहने लगी थी। जहां मामा अकेलेपन का फायदा उठाकर उसके साथ गलत काम करता था। इससे तंग आकर उसने घर छोड़ने का फैसला लिया था।

# शहर का पहला स्वच्छता गीत 'मत करो न यार' का पोस्टर विमोचन, पशुपालन मंत्री और पूर्व वित्तमंत्री रहे मौजूद




**दमोह।** गीत के माध्यम से लोगों को कचरा न करने पान-गुटखा खाकर यहां वहां न थूकने सहित कई प्रकार से शहर को स्वच्छ रखने के लिए जागरूक किया जाएगा। इस गीत के बोल मत करो न यार, शहर हमारा है के तहत विनम्र भाव से शहर वासियों से निवेदन किया गया है। दमोह शहर के पहले स्वच्छता गीत मत करो न यार का पोस्टर विमोचन मानस भवन में आयोजित लोक उत्सव पर्व भारत पर्व कार्यक्रम के दौरान किया गया। पशुपालन राज्यमंत्री लखन पटेल के द्वारा यह विमोचन किया किया गया। इस मौके पर पूर्व वित्तमंत्री और दमोह विधायक जयंत मलैया कलेक्टर सुधीर कोचर के साथ एसपी श्रुतकीर्ति सोमवंशी भी मौजूद रहे।

मत करो न यार गीत को ओम शिव शक्ति फिल्मस के निर्माता

### केंद्रीय संग्रहालय में आज से शुरू होगी प्रदर्शनी

**इंदौर।** इंदौर में 6 दिवसीय दुर्लभ अभिलेखों और छायाचित्रों की प्रदर्शनी लगेगी। 28 जनवरी से इसकी शुरुआत होगी। संचालनालय पुरातत्व अभिलेखागार एवं संग्रहालय मध्यप्रदेश भोपाल के द्वारा ये आयोजन किया जा रहा है। प्रदर्शनी में तत्कालीन राजनैतिक घटनाएं, इंदौर शहर का नक्शा, होलकर राज परिवार का वंशवृक्ष सहित कई दस्तावेज और शासकों के फोटो देखने को मिलेंगे। प्रदर्शनी का शुभारंभ मंगलवार को विधायक उषा ठाकुर करेंगी। 28 जनवरी से शुरू होने वाली यह प्रदर्शनी 2 फरवरी तक केंद्रीय संग्रहालय में देखने को मिलेगी।

### भोपाल के फिटजी सेंटर में पेरेंट्स का प्रदर्शन

# 12 करोड़ से अधिक फीस लौटाने का मामला; संस्थान के मालिक की गिरफ्तारी की मांग

**भोपाल।** भोपाल के फिटजी कोचिंग सेंटर के बाहर मंगलवार को अभिभावकों ने जमकर नारेबाजी की। अभिभावकों की मांग है कि जल्द से जल्द कोचिंग संस्थान के मालिक डीके गोयल को गिरफ्तार किया जाए। साथ ही उसका बैंक अकाउंट सीज कर अभिभावकों के सारे पैसे लौटाए जाए। इस दौरान अभिभावकों ने कोचिंग संस्थानों के खिलाफ एक सख्त




गाइडलाइन बनाने की भी मांग की है, ताकि आगे से कोई भी कोचिंग संस्थान ऐसी धोखाधड़ी न कर सके। पेरेंट्स अखिलेश अग्रवाल ने बताया कि हमने इसको लेकर कलेक्ट्रेट और पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। मगर हमें अभी तक प्रशासन या पुलिस की तरफ से कोई भी जवाब नहीं मिला है। बता दें कि इससे चार दिन पहले भी यह पेरेंट्स फिटजी इंस्टीट्यूट पर पहुंचे थे।

अखिलेश अग्रवाल ने बताया कि उनका बेटा पिछले चार साल से फिटजी

# 'जय संविधान' कार्यक्रम में बोले राहुल, आरक्षण को 50 फीसदी से ज्यादा करेंगे

भोपाल। महू में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि पीएम मोदी ने कहा था कि अगर हमारी 400 सीटें आएंगी तो हम संविधान बदल देंगे। उनके इस बयान पर हम उनके सामने खड़े हुए। लोकसभा में 400 पार छोड़ो उन्हें सदन में मत्था टेककर घुसना पड़ा। राहुल गांधी ने कहा कि जिस दिन ये संविधान खत्म हो जाएगा, उस दिन देश के गरीबों के लिए कुछ नहीं बचेगा। दलितों-आदिवासियों-पिछड़ों के लिए देश में कुछ नहीं बचेगा। इनका यही लक्ष्य है। उन्होंने आगे कहा कि आंबेडकर जी, महात्मा गांधी जी, भगवान बुद्ध, ज्योतिबा फूले जी और हिन्दुस्तान के जो महापुरूष है, उनकी सोच उनकी आवाज इस संविधान में है। वहीं राहुल गांधी ने कहा कि आरक्षण को 50 फीसदी से ज्यादा किया जाएगा। कांग्रेस की सरकार आने पर लोकसभा और राज्यसभा में बिल पास कराकर 50 फीसदी की रेखा को हटाया जाएगा। राहुल गांधी ने संघ प्रमुख पर हमला बोलते हुए कहा कि कुछ दिन पहले आरएसएस के नेता मोहन भागवत ने कहा कि भारत को 15 अगस्त 1947 को आजादी नहीं मिली, वो झूठी आजादी थी, असली आजादी तो मोदी जी के आने के बाद मिली थी। राहुल गांधी ने कहा कि ये सीधा संविधान पर आक्रमण है।

वहीं उन्होंने आगे कहा एक बात याद कीजिए और भूलिए मत जिस



दिन ये संविधान खत्म हो गया, उस दिन हिन्दुस्तान के गरीब लोगों के लिए, दलितों के लिए, आदिवासियों के लिए, पिछड़ों के लिए, अल्पसंख्यकों के लिए देश में कुछ नहीं बचेगा। मोदी सरकार का लक्ष्य यही है। राहुल गांधी ने आगे कहा कि दो तीन अरबपतियों को सारे के सारे कांट्रेक्ट दे देते है। अदाणी और अंबानी जैसे लोगों को भारत का पूरा का पूरा धन पकड़ाया जा रहा है। इस संविधान में कहा लिखा कि भारत का धन अडानी के हवाले कर दिया जाए। संविधान में लिखा कि हिन्दुस्तान के सारे के सारे नागरिक एक समान है।

राहुल गांधी ने कहा कि आज 50 साल में सबसे ज्यादा बेरोजगारी भारत में है। यहां के अरबपति अरबों रुपये अपने बेटे की शादी में खर्चा कर देते हैं। कोई दस करोड़ की घड़ी पहनता है तो कोई 15 करोड़ की घड़ी पहनता है, मगर आपको अपने बच्चे की शादी करवानी हो तो कर्जा लेना पड़ता है। उन्होंने कहा एक बात भूलिए मत, जितना धन अदाणी और अंबानी के पास जाएगा, उतना कम रोजगार आपके बच्चों को मिलेगा। राहुल ने कहा कि जो नोटबंदी इन्होंने की, जो जीएसटी लागू की, ये हिन्दुस्तान के गरीब लोगों को खत्म करने के औजार है। ये योजना नहीं ये हथियार है। उन्होंने कहा कि जीएसटी कौन देता है, जीएसटी अरबपति नहीं देते हैं। जीएसटी हिन्दुस्तान के गरीब लोग देते हैं। राहुल गांधी ने कहा कि लाखों करोड़ों रुपये आपके जेब से निकाला जाता है।

स्वामित्व प्रकाशक एवं मुद्रक संपादक रविंद्र सिंह द्वारा पवैया प्रिंटर्स मुरार, 6 चौराहा मुरार, ग्वालियर ( मध्य प्रदेश ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक : रविन्द्र सिंह, संपादक: अशोक सोनी (9009601101), स्थानीय संपादक ग्वालियर कपित गोयल
जितेन्द्र व्यास-स्थानीय संपादक, मो. 8120205990 भोपाल कार्यालय पता- प्रेस काप्लेक्स महाराणा प्रताप अपार्टमेंट एम पी नगर जोन 1 भोपाल मध्य प्रदेश दूरभाष--755,3596045 मोबाइल 9644811407 ई-मेल-hindustannews404@gmail.com

# पानी, श्रम एवं फसल लागत में कमी लाएगा ड्रोन से छिड़काव



**सीतापुर।** तिलहन उत्पादन को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) के तहत तिलहन मॉडल ग्राम परियोजना अंतर्गत सरसों की खेती को उन्नत बनाने हेतु नवीनतम तकनीकों का प्रयोग किया जा रहा है। इसी कड़ी में कृषि विज्ञान केंद्र, कटिया के वैज्ञानिकों द्वारा सीतापुर जिले के ब्लॉक ऐलिया स्थित मॉडल गांव हेमपुर में प्रदर्शन एवं प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में ड्रोन तकनीक के उपयोग द्वारा पोषक तत्वों और कीट-रोग प्रबंधन पर विशेष ध्यान केंद्रित किया गया। कार्यक्रम के दौरान कृषि ड्रोन का प्रदर्शन किया गया, जिसमें ड्रोन के माध्यम से उर्वरकों और पोषक तत्वों के छिड़काव की आधुनिक विधि किसानों को दिखाई गई। केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ. दया शंकर श्रीवास्तव ने बताया कि ड्रोन तकनीक पारंपरिक छिड़काव विधियों की तुलना में अधिक कुशल, समय-संवेदनशील और पर्यावरण के अनुकूल है। उन्होंने यह भी बताया कि ड्रोन द्वारा छिड़काव से खेतों में पोषक तत्वों का समान वितरण सुनिश्चित होता है, जिससे उत्पादन क्षमता में वृद्धि होती है। सरसों की फसल में ड्रोन के उपयोग की तकनीकी जानकारी देते हुए केंद्र के सस्य वैज्ञानिक डॉ. शिशिर कांत सिंह ने ड्रोन तकनीक से पोषक तत्व प्रबंधन पर विस्तृत जानकारी दी। इसके अतिरिक्त , प्राकृतिक खेती के छिड़काव से जैविक खेती को बढ़ावा दिया जा सकेगा । पीले और नीले चिपचिपे पाश (ट्रैप्स) तथा लेडी बर्ड बीटल जैसे मित्र जीवों के संरक्षण पर भी जोर दिया गया। कार्यक्रम के माध्यम से किसानों को ड्रोन तकनीक की दक्षता, सटीकता और पर्यावरणीय अनुकूलता के बारे में प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त हुआ। यह तकनीक न केवल पोषक तत्वों के समान वितरण बल्कि श्रम कम करनें, पानी एवं फसल लागत कम करनें में सहायक है, साथ ही खेती के टिकाऊ एवं आधुनिक स्वरूप की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम भी साबित हो रही है।

# जन सामान्य को परिवार नियोजन से सम्बन्धिन्त सलाह दी जाएगी

पूर्णिमा चौधरी



**सिधौली -सीतापुर।** स्थानीय तहसील मुख्यालय पर कस्बा में स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर बुधवार को मोबियस फाउंडेशन व पॉपुलेशन ऑफ इंडिया द्वारा सन्चालित उम्मीद परिवार नियोजन परामर्श केन्द्र का उद्घघाटन अधीक्षक अधीक्षक डॉ आनंद सिंह के द्वारा फीता काट कर किया गया । कार्यक्रम के दौरान फाउंडेशन की कैपिसिटी बिल्डिंग ऑफिसर पूर्णिमा चौधरी ने बताया की सिधौली में फाउंडेशन द्वारा यह पांचवा उद्घघाटन है जिसमे जन सामान्य को परिवार नियोजन से सम्बन्धिन्त सलाह दी जाएगी। मोबियस फाउंडेशन के अधिकारी राम बरन यादव ने कार्यक्रम कों सम्बोधित किया इस अवसर परिवार नियोजन काउंसलर विनोदनी वर्मा, राखी त्रिपाठी , अर्श , नशरीन आदि काउंसलर्स सहित कई जिम्मेदार अधिकारी मौजूद रहे फाउंडेशन के अधिकारियों ने बताया कि आज ही यहाँ से जाने के उपरांत छठे परामर्श केंद्र का उद्घघाटन मिश्रिख़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में किया जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### सुरक्षा के समुचित प्रबंध किए जाए - डीएम



**सीतापुर ।** जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन भण्डारण कक्ष का मासिक निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखीं। जिलाधिकारी ने सुरक्षा व्यवस्था, सी0सी0टी0वी0 कैमरे सहित अन्य व्यवस्थाओं को भी देखा। उन्होंने निर्देश दिए कि मा0 भारत निर्वाचन आयोग से प्राप्त निर्देशों का शतप्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करते हुए सुरक्षा के समुचित प्रबंध किए जाए। साथ ही निरन्तर साफ-सफाई कराए जाने के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिये। इस दौरान अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) नीतीश कुमार सिंह सहित विभिन्न राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि एवं निर्वाचन विभाग कर्मचारी उपस्थित रहे।

### बिजली विभाग के कर्मचारियों ने निकाला मोमबत्ती जुलूस

**सीतापुर।** पूर्वांचल व दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण का विरोध लगातार बढ़ता जा रहा है। बिजली कर्मचारियों ने मंगलवार को मोमबत्ती जुलूस निकाला। इसके जरिए सरकार से यह फैसला वापस लेने की मांग की। विद्युत वितरण खंड सीतापुर व महमूदाबाद में मोमबत्ती जुलूस निकाला गया। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष मोर्चा के जिला संयोजक हिमांशु पटेल ने कहा कि वर्ष 2016 में उज्जैन महाकुंभ के दौरान उज्जैन की बिजली व्यवस्था निजी कंपनी के पास थी। निजी कंपनी ने महाकुंभ के दौरान बिजली का नेटवर्क तैयार करने से इन्कार कर दिया था। इसके बाद मध्य प्रदेश सरकार को निजीकरण का करार रद्द करना पड़ा था। आज अगर पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम का निजीकरण हो गया होता तो प्रयागराज के महाकुंभ के दौरान उज्जैन जैसे ही हालात आ सकते हैं। उन्होंने कहा कि प्रयागराज का महाकुंभ निजीकरण के साए में हो रहा है।

### आज याद किये जायेगे शहीद

**सीतापुर ।** अपर मुख्य सचिव जितेन्द्र कुमार के पत्र दिनांक-23 जनवरी 2025 के क्रम में अवगत कराया गया है कि अनु0 सचिव, गृह मंत्रालय भारत सरकार, नार्थ ब्लॉक नई दिल्ली के पत्र दिनांक-01.01.2025 के अनुपालन में भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहूति देने वाले शहीदों की स्मृति में 30 जनवरी को समस्त कार्यालयों संस्थाओं में पूर्वान्ह 11.00 बजे 02 मिनट का मौन धारण करने के संबंध निर्देश प्राप्त हुये हैं।

### एमेनेस्टी स्कीम के बारे में कर विभाग अधिकारियों व अधिवक्ताओं ने की चर्चा

**सीतापुर।** सीतापुर टैक्स बार एसोसिएशन सीतापुर एवं संयुक्त आयुक्त कार्यपालक जीएसटी राज्य सीतापुर के संयुक्त तत्वावधान में एक बैठक का आयोजन स्थानीय जीएसटी कार्यालय स्थित सभागार में आयोजित किया गया। अधिवक्तागण की समस्याओ के निस्तारण अथवा सुझाव के साथ-साथ एमेनेस्टी स्कीम के सम्बन्ध में विचार-विमर्श किया गया। बैठक में ज्वाइंट कमिश्नर कार्यपालक राम मूरत द्वारा एमेनेस्टी स्कीम के सम्बन्ध में विस्तार से जानकारी दी गई साथ ही अन्य महत्वपूर्ण विषय पर भी उन्होंने विस्तार से चर्चा की। इसी के साथ डिप्टी कमिश्नर विमल कुमार, अच्छे लाल ने भी जीएसटी की उपलब्धियों एवं विसंगतियों पर अपने-अपने विचार रखे। बैठक में सीतापुर टैक्स बार एसोसिएशन के अध्यक्ष शशांक गुप्ता ने वर्तमान समय में जीएसटी से सम्बन्धित जटिलताएं जिनसे व्यापारियों को काफी समस्याओ का सामना करना पड़ रहा है

# गलत भुगतान की मिली जानकारी तो जांच उपरांत होगी कार्यवाही - ओ .पी. सिंह

### जारी आदेशो को दरकिनार सचिव कर रहे भुगतान

**सीतापुर।** जनपद में सचिवो के द्वारा अपने निजी लाभ को ध्यान में रखते हुए वित्तीय खातों की धनराशि को प्रधान परिजनों के नाम भुगतान कर सरकारी धन का बंदरबाँट किया जा रहा है, ग्राम पंचायतो में आने वाली विकास कार्यो की राशि को सचिव प्रधानों के साथ घालमेल कर विकास कार्यो को प्रभावित कर रहे है। बताते चलें विकास खण्ड खैराबाद की ग्राम पंचायत परसेहरा कला में व परसेहरा खुर्द में सचिव ने प्रधान परिजनों के नाम वित्तीय धनराशि का भुगतान कर फर्जीवाडा किया है, सचिव ने परसेहरा कला में प्रधान सीमा पत्नी इसरत अली के साथ मिलीभगत कर प्रधान पति इसरत अली के नाम वित्तीय धनराशि का भुगतान कर दुरुपयोग किया है, वही सचिव ने ग्राम पंचायत परसेहरा खुर्द में प्रधान राम नरेश के नाम पर भी वित्तीय भुगतान कर सरकारी सरकारी धन का गोलमाल किया है, सचिव ने प्रधान को दिनाक 04.05.2024 को 10 हजार, दिनाक 09.01.2025 को 9हजार 500, दिनाक 17.05.2024 को 19 हजार 2 सौ 50 व 19.11.2024 को 5 हजार 2 सौ 50 का भुगतान कर घोटाला किया है, ग्राम पंचायत बद्रीपुर मंसूरपुर में प्रधान गुड़िया देवी के पति का नाम रमेश पुत्र रामदुलारे है, वही चालू वित्तीय वर्ष में भुगतान किए जाने प्रधान परिजनों में हरिपाल पुत्र रामदुलारे को 43 हजार 2 सौ 45, योगेन्द्र पुत्र हरिपाल को 36 हजार 8 सौ 50 आकाश पुत्र विनोद( भतीजा) को 9 हजार 3 सौ 33 का भुगतान किया गया है साथ ही साथ अन्य परिवारीजन बालक राम पुत्र रूपन व भोला पुत्र रूपन के नाम पर भारी भरकम भुगतान कर सरकारी धन को चुना लगाया है। जब इस सम्बंध में एडीओ पंचायत खैराबाद से जानकारी के ली गयी तो उन्होंने बताया कि इस प्रकार नियमानुसार गलत है जानकारी मिली है जांच कर कार्यवाही की जायेगी।

### भगौतीपुर में भी सचिव ने किया गोलमाल

विकास खण्ड खैराबाद की ग्राम पंचायत भगौतीपुर में सचिव ने गोलमाल किया है, सचिव ने जारी आदेशों को दरकिनार कर प्रधान गुड्डी देवी के परिजनों के नाम भारी भरकम भुगतान कर सरकारी धन का बंदरबाँट किया है,प्रधान सचिव की मिलीभगत अपने निजी लाभ के चलते ग्राम पंचायतों में होने वाले विकास कार्यो को भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा रहे है।

# बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओं के सन्दर्भ में एक विशेष जागरूकता शिविर का आयोजन



**सीतापुर ।** मा0 उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के अनुपालन में व मा0 जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीतापुर कुलदीप सक्सेना के निर्देशानुसार अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नरेन्द्र नाथ त्रिपाठी, द्वारा समय 01:00 बजे से जी.डी. गोयनका पब्लिक स्कूल खैराबाद सीतापुर में महिलाओं के हित के लिए चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं एवं बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओं के सन्दर्भ में एक विशेष जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। उक्त आयोजन में नरेन्द्र नाथ त्रिपाठी, मा. अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम सुजीत बाजपेई, डिप्टी चीफ, लीगल एड डिफेन्स काउंसिल सिस्टम सीतापुर द्वारा अपने विचार प्रकट किये गये, श्रीमती अमृता पाण्डेय, सदस्य, स्थाई लोक अदालत सीतापुर द्वारा वहॉ पर उपस्थित समस्त छात्र/छात्राओं को बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओं के प्रति जागरूक किया गया तथा सुश्री प्रिया मिश्रा, अपर सिविल जज(जू.डि.) द्वारा अपने विचार प्रकट किये गये। उक्त कार्यक्रम में भगीरथ वर्मा, अपर जिला जज, आलोक मिश्रा, स्पेशल न्यायिक मजिस्ट्रेट, विमल मोहन मिश्रा, मध्यस्थ अधिवक्ता, प्रगति, अपर सिविल जज सीतापुर इत्यादि कार्यक्रम में उपस्थित रहे। मा. अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, नरेन्द्र नाथ त्रिपाठी, द्वारा अपने विचारों में वहॉ पर उपस्थित समस्त छात्र/छात्राओं को प्राप्त कानूनों के बारे में भी जागरूक किया गया व आपसी विवाद को कम करने से सम्बन्धित जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संचालित सुलह समझौता केन्द्र का अधिक से अधिक लाभ उठा सकते है। कार्यक्रम के दौरान जी.डी. गोयनका पब्लिक स्कूल खैराबाद, सीतापुर के प्रधानाचार्य श्रीमती त्रिशला शाह, व विद्यालय का अन्य समस्त स्टाफ, शिक्षक/शिक्षिकाएं उपस्थित रहे। उक्त कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीतापुर के रितिकेश श्रीवास्तव, लिपिक, सलीम अहमद, व नौसाद अली, वीरेन्द्र कुमार मिश्रा, पी.एल.वी., महेन्द्र नाथ श्रीवास्तव, पी.एल.वी. कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

# हमारा प्रयास विधानसभा का संपूर्ण विकास - विधायक मनीष रावत



**सिधौली -सीतापुर ।** भाजपा विधायक मनीष रावत ने विधानसभा क्षेत्र के सम्पूर्ण विकास के क्रम में ग्रांम पंचायत बौनाभारी में स्थित प्राचीन श्री वावन धाम जी के दर्शन कर नवनिर्मित नाले का उद्धघाटन करते हुए विभिन्न गांवों में धार्मिक स्थलों पर दर्शन कर सी सी रोडोंआदि का उद्धघाटन किया और प्रधानमंत्री की जनकल्याणकारी योजनाओं की लोगों को जानकारी दी। स्थानीय भाजपा विधायक मनीष रावत ने बुधवार को हमारा प्रयास विधानसभा का संपूर्ण विकास के क्रम में सर्वप्रथम ग्राम पंचायत बौनाभारी श्री पावनधाम जी के दर्शन कर नवनिर्मित नाला का ग्राम प्रधान पंकज चौधरी और क्षेत्र पंचायत सदस्य नीरज चौधरी सहित सैकड़ो लोगों की मौजूदगी में उद्धघाटन किया गया। वहीं ग्रांम पंचायत उनई में स्थित प्राचीन श्री झारखंडेश्वर महादेव जी के दर्शन कर नवनिर्मित सी0सी0 रोड का उदघाटन विधायक मनीष रावत द्वारा किया गया अपने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत विधायक श्री रावत ने ग्राम के उदघाटन किया और कहा कि हमारा प्रयास विधानसभा क्षेत्र का हो सम्पूर्ण विकास की बात कहते हुए प्रधानमंत्री की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी मौजूद जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों को दी इस अवसर पर सैकड़ों लोगों मौजूद रहे।

### सांसद राकेश राठौर को हाई कोर्ट से भी नही मिली राहत

**सीतापुर।** दुष्कर्म के मामले में आरोपी कांग्रेस सांसद राकेश राठौर की जमानत याचिका पर हाईकोर्ट से भी नही मिल सकी राहत। आरोपी कांग्रेस सांसद राकेश राठौर की अग्रिम जमानत याचिका पर बुधवार को हाईकोर्ट में सुनवाई की गई । सांसद अधिवक्ता अतुल वर्मा, सोमेश त्रिपाठी व अरविंद वर्मा ने पक्ष रखा। वहीं, पीड़िता की ओर से शासकीय अधिवक्ता ने बहस की। सिंगल बेंच ने सुनवाई के बाद सांसद की याचिका को खारिज कर दिया है । इसके पहले सीजेएम न्यायालय सीतापुर ने सोमवार को सांसद के खिलाफ गैर जमानती वारंट (एनबीडब्ल्यू) जारी किया था।

# स्थानीय पटरी दुकानदारो को रोजगार के अवसर मुहैया करवाये जाएंगे : अभिषेक गुप्ता



**खैराबाद सीतापुर।** खैराबाद नगर पालिका परिषद को माडल के रूप में विकसित किया जाएगा। खैराबाद मोहल्ला कुलहन सरायं में खाली पड़ी भूमि पर अधिशासी अधिकारी प्रेम शंकर गुप्ता,नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि अभिषेक गुप्ता व स्थानीय लेखपाल के साथ निरीक्षण खाली भूमि का निरीक्षण गया। अभिषेक गुप्ता ने बताया स्ट्रीट वेंडर को डवलप होने से स्थानीय पटरी दुकानदारो को रोजगार के अवसर मुहैया करवाये जाएंगे व जो रोड के आसपास पटरी ढेला लगने से शहर में जाम लगती है उससे निजात मिलेगी। अधिशासी अधिकारी प्रेम शंकर गुप्ता ने बताया इसमें स्ट्रीट वेंडर्स की सुविधा का खास ख्याल रखते हुए विकास कार्य कराए जाएंगे। जल्द ही हम जिला अधिकारी के पास प्रस्ताव भेजेंगे जिससे नगरपालिका के राजस्व व विकास को बल मिलेगा। वेंडिंग जोन को माडल रूप में विकसित करने की योजना है। इसमें स्ट्रीट वेंडर्स को बेहतर सुविधा मुहैया कराने के लिए ट्रेनिंग दी जा रही है। कूड़ा प्रबंधन, शौचालय, पेयजल, पार्किंग समेत अन्य मूलभूत सुविधाएं विकसित की जाएंगी।

# हाजी जावेद अहमद ने व्यापारियों की सुनी समस्याऐं

**सीतापुर।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के बैनर तले व्यापारियों के एक प्रतिनिधि मंडल ने लहरपुर पालिकाध्यक्ष हाजी जावेद अंसारी से भेंट की। इस दौरान उन्हें व्यापारियों की समस्याओं के बारे में बताया गया। संगठन के अध्यक्ष रियाज अहमद के नेतृत्व में व्यापारियों ने नगर के शहर बाजार से गुरखेत बाजार तक सड़क के दोनों तरफ नाला निर्माण को लेकर कराए गए चिह्नांकन पर अपना पक्ष रखा। दरअसल, इस रोड पर बनी दुकानों का कुछ हिस्सा भी नाला निर्माण कार्य की जद में आ रहा है। पालिका की सीमा में आने वाली दुकानों के टूटने के खतरे के चलते व्यापारी परेशान हैं। पालिकाध्यक्ष हाजी जावेद अहमद ने व्यापारियों की समस्याओं को सुनकर राहत का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि व्यापारियों को किसी प्रकार का कोई भी नुकसान नहीं होगा। इस दौरान उपाध्यक्ष हाशिम अंसारी, जावेद अंसारी, सरताज अहमद, सईद अहमद, शमशुल हसन, वाहिद अली, सुहैल अहमद, रिजवान अहमद, रफीक अहमद आदि मौजूद रहे।

# आपराधिक कृत्यों से अर्जित सम्पत्ति कुर्क/जब्त

**रामपुर मथुरा सीतापुर।** पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 के निर्देश पर अपराधियों के विरुद्ध आपराधिक कृत्यों से अर्जित संपत्ति के जब्तीकरण संबंधी चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना रामपुर मथुरा पुलिस द्वारा जिलाधिकारी सीतापुर के आदेश पर अवैध शस्त्र जैसे आपराधिक कृत्यों से अर्जित की गयी संपत्ति को थाना रामपुर मथुरा पर पंजीकृत मु0अ0सं0 01/23 धारा 2/3 यूपी गैंगेस्टर एक्ट के अंतर्गत पंजीकृत अभियोग में 14(1) यू.पी. गैंगेस्टर एक्ट 1986 के तहत जब्त/कुर्क करने की कार्यवाही की गयी है। मु0अ0सं0 01/23 धारा 2/3 यूपी गैंगेस्टर एक्ट से संबंधित अभियुक्त रामकिशोर पुत्र शम्भूदयाल निवासी ग्राम करनापुर थाना रामपुर मथुरा जनपद सीतापुर अपना एक संगठित गिरोह बनाकर अपने व अपने गैंग के सदस्यों के माध्यम से आर्थिक एवम् भौतिक लाभ हेतु अवैध शस्त्र का कारोबार जैसे अपराध करने के अभ्यस्त अपराधी हैं। अभियुक्त के विरुद्ध उक्त अपराध के संबंध में पूर्व में अभियोग पंजीकृत हैं। अभियुक्त की आय का कोई ज्ञात स्रोत नहीं था विवेचना के दौरान धारा 14(1) गैंगेस्टर एक्ट के अंतर्गत विवेचक द्वारा जिलाधिकारी कार्यालय को साक्ष्य संकलित करते हुए एक विस्तृत रिपोर्ट प्रेषित की गयी। पुलिस द्वारा प्रेषित रिपोर्ट के क्रम में जिला मजिस्ट्रेट सीतापुर द्वारा अभियुक्त उपरोक्त की अपराध से अर्जित संपत्ति को जब्त करने का आदेश निर्गत किया गया।

# आबकारी सम्बन्धी कुल 127 मुकदमों के मालों को विनष्ट किया गया



**सीतापुर।** थाना रामपुर मथुरा पुलिस द्वारा मा. न्यायालय मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के आदेश के क्रम में माल मुकदमाती अवैध शराब अन्तर्गत धारा आबकारी अधिनियम को विनष्ट किया गया, पुलिस महानिरीक्षक लखनऊ परिक्षेत्र लखनऊ द्वारा चलाये जा रहे माल निस्तारण अभियान में, पुलिस अधीक्षक के निर्देशन तथा अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी व क्षेत्राधिकारी महमूदाबाद के निकट पर्यवेक्षण में मा. न्यायालय मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट जनपद सीतापुर के आदेश के अनुक्रम में मा0 न्यायालय अपर सिविल जज (जू0डि0) कोर्ट सं0-2 जनपद सीतापुर व मा0 न्याया0 न्यायिक मजिस्ट्रेट महमूदाबाद जनपद सीतापुर के आदेशानुसार उपजिलाधिकारी महमूदाबाद के द्वारा गठित टीम राकेश कुमार (नायब तहसीलदार) . वीरेन्द्र सिंह (रा0नि0) दानबहादुर (लेखपाल) धर्मेन्द्र कुमार (लेखपाल) उ0नि0 उमाकान्त सविता (माल निस्तारण कार्यवाहक) . हे0 मो0 शशीकान्त लवानिया (मालखाना इन्चार्ज) . का0 मो0 राजन मौर्य आबकारी निरीक्षक अरूण कुमार सिंह द्वारा वर्ष 2017/2019/2021/2023/2024 के आबकारी सम्बन्धी कुल 127 मुकदमों के मालों को विनष्ट किया गया।

# फल, शाकभाजी एवं पुष्प प्रदर्शनी का आयोजन 7 से 9 फरवरी तक किया जाएगा

**सीतापुर।** जिला उद्यान अधिकारी ने बताया है कि उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग,उ0प्र0 लखनऊ द्वारा दिनांक 07, 08 व 9 फरवरी, 2025 को राजभवन प्रांगण, लखनऊ में फल, शाकभाजी एवं पुष्प प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन में कृषकों द्वारा अपने विभिन्न उत्कृष्ट उत्पाद यथा-शहद, मशरूम, पान, पुष्प, फल, शाकभाजी व पॉलीहाउस में उत्पादित पुष्प एवं सब्जियों आदि को प्रदर्शित किया जाना हैं। जिसमें औद्यानिक फसलों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कृषकों को पुरस्कृत किए जाएगा। जनपद सीतापुर के कृषक अपने उत्कृष्ट उत्पाद यथा-शहद, मशरूम, पान, पुष्प, फल, शाकभाजी व पॉलीहाउस में उत्पादित पुष्प एवं सब्जियों आदि को राजभवन प्रांगण, लखनऊ में प्रदर्श लगाने हेतु upflower-showlko.com पर पंजीयन कराकर प्रतिभाग कराकर प्रतियोगिता मे प्रतिभाग कर सकते हैं। किसी भी कार्यदिवस मे जिला उद्यान कार्यालय राजकीय पौधशाला स्वरूप नगर परिसर सीतापुर से संपर्क कर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

# आश्रम पद्धति विद्यालय में निर्माणाधीन डाइनिंग हॉल में जमकर भ्रष्टाचार

दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान
अयोध्या मंडल ब्यूरो




**अम्बेडकर नगर।** आखिर में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार में भी भ्रष्टाचार करने वाले भ्रष्टाचार करने से बाज नहीं आ रहे हैं। आश्रम पद्धति विद्यालय में निर्माणाधीन डाइनिंग हॉल में जमकर मानक के विपरीत सामग्री का प्रयोग किया जा रहा है दोयम दर्जे के ईंट, लाल बालू का प्रयोग ठेकेदार के द्वारा अपने मनमानी ढंग से कराया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक समाज कल्याण विभाग के माध्यम से इसका निर्माण कार्य कराया जा रहा है।

करीब 6 वर्ष बाद भी बच्चों को नहीं मिल पाया आश्रम पद्धति स्कूल में दाखिला आश्रम पद्धति विद्यालय का कार्य अभी तक नहीं पूरा हो सका है और न ही बच्चों को दाखिला छ: वर्ष बाद मिल पाया है। जबकि इस विद्यालय का निर्माण कार्य वर्ष 2018 में शुरू हुआ था। कार्यदाई संस्था को 8 माह के भीतर ही कार्य को पूरा कर बिल्डिंग को हस्तांतरि करने की बात कही गई थी। इसके बाद इस विद्यालय में गरीब बच्चों का दाखिला होना तय हुआ था।

**कहा स्थापित है आश्रम पद्धति विद्यालय :** जनपद के कटेहरी ब्लॉक अन्तर्गत प्रतापपुर चमुर्खा में आश्रम पद्धति विद्यालय वर्ष 2018 में निर्माण कार्य शुरू हुआ था। इसमें अधिकतम 500 छात्र-छात्राओं को प्रवेश की सुविधा है। इस विद्यालय में 16 शिक्षकों की तैनाती भी होना था। गौरतलब है कि कमजोर वर्ग के छात्र-छात्राओं को शिक्षा के साथ ही आवासीय सुविधा उपलब्ध कराने के लिए शासनस्तर से आश्रम पद्धति विद्यालयों का प्रबंध है। सरकार ने तय किया कि कटेहरी विकासखंड में भी ऐसा ही विद्यालय स्थापित किया जाए। प्रतापपुर में भूमि के चयन आदि का कार्य पूरा होने के बाद निर्माण कार्य भी शुरू करा दिया गया था। जिसका निर्माण कार्य 8 माह के भीतर पूरा कर बच्चों का दाखिला होना तय किया गया था। लगभग 24 करोड़ रुपये की लागत से ये आवासीय विद्यालय बन कर तैयार होना था। इसमें छात्र-छात्राओं के रहने के साथ ही उनकी शिक्षा के लिए जरूरी कमरों का निर्माण शुरू हुआ था। समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित होने वाले इस विद्यालय का निर्माण कार्य अभी चल रहा है। मीडिया की पड़ताल में यह देखने को मिला कि जो विद्यालय में डायनिंग हाल बन रहा हैं। जिसका निर्माण कार्य मानक विहीन सामग्री से किया जा रहा है। देखना है कि जनपद के जिम्मेदार अधिकारी इस पर क्या कदम उठाते हैं।

# पशुओं का चारा काटकर घर वापस आ रहे पशुपालक को बोलेरो वाहन ने मारा टक्कर, मुकदमा दर्ज

दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान
अयोध्या मंडल ब्यूरो



**अम्बेडकर नगर।** रिश्तेदार के साथ पशुओं का चारा काट कर घर वापस लौट रहे पशु पालक को अनियंत्रित बोलेरो वाहन ने टक्कर मार दिया। जिससे पशु पालक का इलाज के दौरान मौत हो गई मौके पर वाहन चालक मोटरसाइकिल में गाड़ी रगड़ते हुए फरार हो गया। मृतक के बेटे की तहरीर पर महरुआ पुलिस ने सम्बंधित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। जानकारी के मुताबिक महरुआ थाना क्षेत्र अंतर्गत मथानी गांव निवासी जितेंद्र कुमार सिंह पुत्र शीतला प्रसाद सिंह का आरोप है कि बीते 27 जनवरी की सुबह लगभग 11.30 बजे उनके पिता शीतला प्रसाद सिंह अपने रिश्तेदार दिग्विजय प्रताप सिंह उर्फ मयंक निवासी नशेड़ी की मोटरसाइकिल से पशु का चारा खेत से काटकर घर वापस आ रहे थे। घर के सामने सड़क किनारे मोटरसाइकिल रोक कर चालक दिग्विजय उर्फ मयंक लघु शंका करने चला गया उसके पिता मोटरसाइकिल के बगल में खड़े थे तभी बेवाना की तरफ से तेज गति से आ रही बोलेरो संख्या यूपी 45 डबल ए 7168 दूसरी गाड़ी को ओवरटेक करते हुए तेज व लापरवाही पूर्वक चालक मोहम्मद दानिश पुत्र गयासुद्दीन निवासी मनसापुर ने जोर दार टक्कर मार दिया।जिससे भुक्तभोगी के पिता को जिला अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। वहीं भुक्तभोगी की तहरीर पर महरुआ पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया है।

## डीएम व एसपी ने महाकुम्भ में जा रहे श्रद्धालुओं को सुरक्षित एवं सुगम यातायात का दिए निर्देश

दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान अयोध्या मंडल ब्यूरो

**अम्बेडकर नगर।** जिलाधिकारी अविनाश सिंह व पुलिस अधीक्षक केशव कुमार द्वारा महाकुम्भ 2025 प्रयागराज मौनी अमावस्या स्नान के दृष्टिगत जिले से गुजरने वाले श्रद्धालुओं के सुरक्षित एवं सुगम यातायात एवं आवागमन के दृष्टिगत पूर्वांचल एक्सप्रेसवे (दोस्तपुर), सेमरी महरुआ का निरीक्षण करते हुए ड्यूटी/रुट डायवर्जन में लगे अधिकारी/कर्मचारीगण एवं पुलिस के जवानों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। जिलाधिकारी ने ड्यूटी पर लगे समस्त अधिकारियों को निरंतर सतर्क रहते हुए श्रद्धालुओं को बेहतर से बेहतर व्यवस्थाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासन के मंशानुसार यह सुनिश्चित किया जाए कि किसी भी श्रद्धालु को किसी भी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े।

# श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए चार स्थानों पर लगाए गए कैंप

## नगर निगम की सेवाओं का हजारों श्रद्धालुओं ने उठाया लाभ

दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान
अयोध्या मंडल ब्यूरो

**अयोध्या।** कुंभ मेले के साथ ही मौनी अमावस्या पर स्नान के लिए अयोध्या आने वाले लाखों श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए नगर निगम प्रशासन ने चार स्थानों पर कैंप की स्थापना की है। निगम की पूछताछ संबंधी सुविधा का लाभ हजारों श्रद्धालुओं ने उठाया। नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा ने बताया कि इन कैंपों में कर्मचारियों की अनवर ड्यूटी लगाई गई है, जहां श्रद्धालु अपने आवागमन के स्थल एवं साधन संबंधी जानकारी प्राप्त कर रहे हैं नगर आयुक्त महोदय ने बताया कि रेलवे स्टेशन कैंट, रेलवे स्टेशन अयोध्याधाम, लता मंगेशकर चौक तथा बस स्टेशन अयोध्या में कैंप लगाया गया है। इन कैंपों के पर्यवेक्षण की जिम्मेदारी जोनल अधिकारियों को सौंपी गई है। यहां राउंड द क्लॉक कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। प्रत्येक कैंप में चार-चार कर्मचारी तैनात किए गए हैं, जो श्रद्धालुओं को ठहरने से लेकर हर तरह की सुविधाओं की जानकारी देंगे। कैंप मेलार्थियों के आगमन के तक जारी रहेंगे। उन्होंने रेलवे स्टेशन कैंट समेत अन्य केंद्रों का निरीक्षण भी किया।

**नगर निगम ने की 26 हजार श्रद्धालुओं के रुकने की व्यवस्था :** नगर निगम में अयोध्या धाम में 20 हजार एवं अयोध्या कैंट छह हजार श्रद्धालुओं के ठहरने की व्यवस्था की है। इसके साथ ही कचहरी के कंट्रेक्ट के पीछे स्थित मल्टीलेवल कार पार्किंग में भी श्रद्धालुओं के रुकने की व्यवस्था की गई है। इसके साथ ही कैंट रेलवे स्टेशन पर भी गद्दे डालकर श्रद्धालुओं के ठहरने का प्रबंध किया जा रहा है। नगर आयुक्त श्री संतोष कुमार शर्मा ने मेला क्षेत्र का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

# दिल दहला देने वाला गौशाला का मंजर : गौशाला में तड़प-तड़प कर हो रही गोवंशों की मौत, जानवर नोंच रहे शरीर के अंग

दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान
अयोध्या मंडल ब्यूरो




**अम्बेडकर नगर।** जनपद के विकासखंड अकबरपुर के ग्राम पंचायत सैदपुर भितरी की गौशाला में गोवंश तड़प रहें हैं। लापरवाही का आलम यह है कि अचेतन अवस्था में पड़ी गोवंश को अन्य जानवर नोंच-नोंच कर खा रहे हैं। गोवंश के नाम पर प्रदेश सरकार लाखों रूपये खर्च कर रही है, लेकिन सुविधाओं के नाम पर यहां कोई काम होता नहीं दिख रहा है। गौशाला में गोवंश की ऐसी दुर्दशा देख सरकारी व्यवस्थाओं पर सवाल खड़े होने लगे हैं।गौशाला में गोवंश जिंदगी और मौत से जूझ रहीं थीं। प्रशासनिक अधिकारियों की अनदेखी के कारण तड़पते गौवंश के शरीर को जानवरों ने बुरी तरह नोंच कर क्षत-विक्षत कर रखे है,मृत गोवंश के शव कंकाल के रूप में पड़े रहते हैं। पिछले कई दिनों से ग्रामीणों को गौशाला से बदबू आ रही थी। ग्रामीणों द्वारा मीडिया कर्मियों को बताया गया, मीडिया कर्मियों ने जब मौके पर जाकर देखा तो गौशाला में गोवंश अचेतन अवस्था में पड़ा हुआ था।मृत पशुओं को दफनाने में भी लापरवाही उजागर हुई।मृत गोवंशों को गड्ढों में दफनाने के बाद मिट्टी ही नहीं डाली गई। माना जा रहा है कि डीएम स्वयं ही गौशाला प्रकरण को प्राथमिकता पर लेते हुए न सिर्फ जांच कराएंगे बल्कि बदहाली को दूर करने को भी कदम उठाए जाएंगे।

# अजमलपुर ग्राम प्रधान द्वारा सरकारी धन का किया गया बंदरबाट

## ग्राम पंचायत सदस्यों ने लगाया आरोप

दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान
अयोध्या मंडल ब्यूरो




**अम्बेडकर नगर।** ग्राम पंचायत अजमलपुर तहसील जलालपुर जनपद अंबेडकर नगर के निर्वाचित सदस्य गणों द्वारा यह आरोप लगाया गया कि ग्राम प्रधान सुनीता तथा सचिव अंगद यादव द्वारा अपने कार्यकाल के दौरान ग्राम पंचायत के धन को बगैर एस्टीमेट एवं यमश्वबीश्के पंचायत भवन मरम्मत के नाम पर फर्नीचर, सीसीटीवी कैमरा, शौचालय, दरी, प्लास्टिक, कुर्सी, प्रिंटर, पंखा, अलमारी एवं बगैर मरम्मत कार्य किए बिना पैसा निकाल लिया गया और ग्राम पंचायत में अधिकतम कार्य जो अपने कार्यकाल के दौरान किए थे सभी भुगतान फर्जी तरीके से निकाल लिए गए डस्टबिन जिम निर्माण प्राइमरी कंपोजिट विद्यालय के डेस्क बेंच सामुदायिक शौचालय मरम्मत के नाम पर शंकर नाई के ट्यूबवेल से प्राइमरी पाठशाला अजमलपुर तक मरम्मत कार्य का भुगतान किया गया जिसकी कोई यमश्वबीश नहीं की गई है तथा अपने चहेतों के खातों में भुगतान कर दिया गया द्य आंगनबाड़ी केंद्र के कार्य को पूर्ण दिखाकर स्ट्रीट लाइट आदि कार्य किए बगैर पैसा निकाल कर प्रधान सचिव ने बंदरबांट कर लिया यह सभी भुगतान ई ग्राम स्वराज पर ऑनलाइन शो कर रहा है निर्वाचित सदस्यों द्वारा जिलाधिकारी तथा मुख्य विकास अधिकारी से मांग किया गया कि उपरोक्त प्रकरण को दृष्टिगत रखते हुए विस्तृत जांचकर गमन करने वाले तत्कालीन सचिव तथा ग्राम प्रधान पर कड़ी कार्यवाही करते हुए वित्तीय एवं प्रशासनिक अधिकार को समाप्त किया जाए, ताकि भ्रष्टाचार को रोका जा सके।

## अज्ञात चोरों ने दुकान को बनाया निशाना

दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान
अयोध्या मंडल ब्यूरो

**अम्बेडकर नगर।** अज्ञात चोरों ने दुकान में घुसकर जेवरात, नगदी समेत अन्य सामान पार कर दिया है। संबंधित मामला महरुआ थाना क्षेत्र अंतर्गत बरामदपुर जरियारी गांव का है गांव निवासी जुबेर अहमद अपनी जीविका चलाने के लिए गांव में किराने की दुकान खोल रखी थी। बीती रात अज्ञात चोरों ने घटना को अंजाम देते हुए मस्जिद से मिलने वाले 12 हजार रुपये चंदा, उसकी पत्नी का चांदी का पायल, पांच पैकेट बिस्किट, पेट्रोल को पार कर दिया है।भुक्तभोगी ने महरुआ थाना अध्यक्ष को लिखित शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है। महरुआ थाना अध्यक्ष दिनेश कुमार सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

# हाईस्कूल-इण्टरमीडिएट की परीक्षा की तैयारियां

दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान
अयोध्या मंडल ब्यूरो



**सुल्तानपुर।** यूपी बोर्ड हाईस्कूल-इण्टरमीडिएट की परीक्षा की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। परीक्षा के लिए जिले में कुल 127 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। जहां केन्द्र बनाए गए हैं उन स्कूलों के प्रधानाचार्य को केन्द्र व्यवस्थापक की जिम्मेदारी दी गई है। जिला विद्यालय निरीक्षक रविशंकर ने बताया कि डबल लॉक की लोहे की आलमारी में प्रश्नपत्र केन्द्रों पर ही रखा जाएगा। परीक्षा प्रभारी जितेन्द्र कुमार दूबे ने बताया कि यूपी बोर्ड परीक्षा का प्रश्नपत्र केन्द्रों पर पहले लॉक की एक चाबी केन्द्र व्यवस्थापक और दूसरे लॉक की एक चाबी बाह्य केन्द्र व्यवस्थापक के पास रहेगी। दूसरे लॉक की एक अन्य चाबी स्टेटिक मजिस्ट्रेट के पास सुरक्षित रहेगी। डबल लॉक को स्टेटिक मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में ही केन्द्र व्यवस्थापक एवं वाध्य केन्द्र व्यवस्थापक के पास उपलब्ध चाबियों से खाला जाएगा। बाह्य केन्द्र व्यवस्थापक की अनुपस्थिति में स्टेटिक मजिस्ट्रेट के पास सुरक्षित रखी चाबी का आपात परिस्थितियों में ही स्टेटिक मजिस्ट्रेट की ओर से उपयोग की जाएगी। परीक्षा केन्द्रों पर नियुक्त केन्द्र व्यवस्थापकों के पाल्य पाए जाने पर जाने एवं डिबार की स्थिति में केन्द्र व्यवस्थापक कार्य से वंचित कर दिया जाएगा। यूपी बोर्ड हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट परीक्षाएं 24 फरवरी से प्रारम्भ होकर 12 मार्च तक दो पालियों में (प्रथम पाली प्रात: 8.30 बजे से 11.45 बजे तक तथा द्वितीय पाली सायं दो बजे से 5.15 बजे) समाप्त होगी। परिषदीय परीक्षा की पवित्रता, शुचिता तथा नकलविहीन परीक्षा को शांतिपूर्ण सम्पन्न कराया जाने का दावा किया गया है। परीक्षा सूचनाओं के आदान-प्रदान के लिए जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में कन्ट्रोल रुम की स्थापना की गई है।

# शीत ऋतु में हृदयाघात के खतरे से बचने के लिए सावधानी बरतें

## -मधुमेह में परहेज के साथ व्यायाम बहुत अनिवार्य

**जालौन।** शीत ऋतु में हृदयाघात जैसी गंभीर बीमारी से बचने के लिए खानपान सहित अनेक सावधानी बरतने की जरूरत है।

उक्त आशय की जानकारी देते हुए मधुमेह रोग विशेषज्ञ डॉ. योगेन्द्र श्रीवास्तव ने बताया, कि सर्दी के मौसम में दिल की देखभाल करना बहुत जरूरी है। क्योंकि इस दौरान हार्ट अटैक का खतरा बहुत ज्यादा होता है। पूरे भारत में इन दिनों कड़ाके की ठंड ने सभी को अपनी चपेट में ले लिया है। सर्दी का असर न केवल हमारे शरीर पर बल्कि हमारे दिल पर भी पड़ सकता है। हाल ही में आई एक रिपोर्ट के अनुसार, सर्दी के मौसम में हार्ट अटैक के मामलों में वृद्धि देखी जा रही है। ठंड के मौसम में शरीर को गर्म रखने के लिए दिल को ज्यादा मेहनत करनी पड़ती है, जो दिल से जुड़ी बीमारियों का खतरा बढ़ा सकता है। जब तापमान गिरता है तो लोग अपनी शारीरिक गतिविधियों को कम कर देते हैं, तला-भुना खाना ज्यादा खाते हैं। जिसके परिणामस्वरूप दिल पर अतिरिक्त दबाव पड़ता है इसके साथ ही सर्दियों में ब्लड सर्कुलेशन भी धीमा हो जाता है। जिससे दिल के दौरे और स्ट्रोक का खतरा बढ़ जाता है।



**सर्दी में हार्ट अटैक का खतरा क्यों बढ़ता है :** सर्दी में शरीर के तापमान को बनाए रखना एक बड़ी समस्या बन जाती है। जिससे दिल पर अधिक दबाव पड़ता है। जिसमें डॉक्टरों का कहना है, कि सर्दी में रक्त वाहिकाएं सिकुड़ जाती हैं जिससे ब्लड फ्लो धीमा हो जाता है। इसके कारण दिल को सही तरीके से ऑक्सीजन नहीं मिल पाती, जो हार्ट अटैक और स्ट्रोक के जोखिम को बढ़ा सकता है। इसके अलावा सर्दियों में फ्लू जैसे वायरल संक्रमण भी बढ़ जाते हैं, जो दिल से जुड़ी समस्याओं को जन्म दे सकते हैं। फ्लू के कारण सूजन और रक्त वाहिकाओं में सिकुड़न हो सकती है जिससे दिल को और ज्यादा तनाव होता है।

1-ज्यादा ठंड में बाहर टहलने से बचें-जब तापमान बहुत कम हो तो बाहर जाना हानिकारक हो सकता है। ठंडी हवा दिल को अधिक तनाव देती है। इस दौरान घर में ही टहलना या जिम में वर्कआउट करना ज्यादा सुरक्षित रहता है।

2-वर्कआउट करें- सर्दी में शरीर को गर्म रखने के लिए, व्यायाम आवश्यक है लेकिन, बाहर की ठंडी में न निकलें। आप घर के अंदर हल्के वर्कआउट कर सकते हैं या जिम जा सकते हैं जहां तापमान कंट्रोल रहता है।

3- गर्म कपड़े पहनें- शरीर को ठंड से बचाने के लिए ऊनी कपड़े पहनना जरूरी है। खासकर सिर, हाथ और पैरों को अच्छे से कवर करें ताकि शरीर का तापमान सही बना रहे।

4-गर्म खाना खाएं- सर्दियों में शरीर को अंदर से गर्म रखने के लिए, ऐसे खाद्य पदार्थों का सेवन करें जो शरीर को ऊर्जा प्रदान करें और दिल को भी स्वस्थ्य रखें। गरम सूप, हरी सब्जियां और हेल्दी फैट्स का सेवन फायदेमंद होता है।

5-गर्म पानी पिएं और गर्म पानी से नहाएं- शरीर को अंदर से गर्म रखने के लिए गर्म पानी पीना फायदेमंद हो सकता है। साथ ही, गर्म पानी से स्नान करने से शरीर को राहत मिलती है और रक्त संचार बेहतर होता है।6-घर से बाहर का तला-भुना खाना कम खाएं- सर्दियों में तला-भुना और वसायुक्त खाद्य पदार्थ खाने की आदत बढ़ जाती है, जो दिल के लिए हानिकारक हो सकते हैं। ऐसे खाद्य पदार्थों से बचें और हल्का और पौष्टिक खाना खाएं।

# व्यापारियों ने उनके कार्यों की प्रशंसा करते हुए कोतवाल को किया सम्मानित



दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान
अयोध्या मंडल ब्यूरो

**अम्बेडकर नगर।** व्यापारियों ने कोतवाल जलालपुर संतोष कुमार सिंह के कार्यों की प्रशंसा करते हुए जिला उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल जिलाध्यक्ष आनंद जायसवाल के नेतृत्व में जलालपुर कोतवाली पहुंचकर व्यापारियों ने कोतवाल संतोष कुमार सिंह, उप निरीक्षक योगेन्द्र विक्रम सिंह,सिपाही रोहित सिंह को चित्र भेंट कर अंगवस्त्र और माला पहनाकर स्वागत किया। व्यापारी सप्रिय गोयल ने बताया कि बीते दिवस चौबीस जनवरी को मेरे दुकान गोयल साड़ी सेंटर जलालपुर नगर से चोरी हुई थी । इसकी सूचना कोतवाली जलालपुर में दी थी। कोतवाल संतोष कुमार सिंह ने तत्परता दिखाते हुए अपनी टीम के साथ में चोरी की रकम बरामद कर दी चोर को गिरफ्तार कर जेल भेजा दिया। इस अवसर पर जिला महामंत्री आदित्य गोयल,जिला प्रतिनिधि भाजपा देवेश मिश्र, कोषाध्यक्ष सीताराम अग्रहरि, सभासद आशीष सोनी, नगर महामंत्री विकाश निषाद, मनीष सोनी, आशुतोष सिंह, सत्येंद्र अग्रहरि, अमित गुप्ता, राजकुमार सोनी, शरद जायसवाल, हरिओम सोनी, अवनीश उपाध्याय समेत मौजूद रहे।

# क्षेत्र पंचायत की बैठक में विकास कार्यों पर हुई चर्चा

केसरिया हिन्दुस्तान मोहित यादव लव



**अलीगंज।** विकास खण्ड अलीगंज सभागार में क्षेत्र पंचायत की बैठक आयोजन ब्लॉक प्रमुख रेखा शाक्य और खण्ड विकास अधिकारी गोपाल गोयल की अध्यक्षता में हुई। बैठक का शुभारंभ विधायक पुत्र सूरज राठौर, उपजिलाधिकारी अलीगंज विपिन कुमार मोरल, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि डॉ अशोक रतन शाक्य ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर और दीप प्रज्वलित कर किया। बैठक के दौरान आगामी वित्तीय वर्ष में होने वाले विकास कार्यों को लेकर चर्चा की गई। जिसमें दो तिहाई क्षेत्र पंचायत सदस्यों के साथ बैठक का कोरम पूर्ण हुआ। बैठक के दौरान खण्ड विकास अधिकारी गोपाल ने बताया कि वर्तमान वित्तीय वर्ष में विकासखंड क्षेत्र में 43 विकास कार्य 2 करोड़ 71 लाख 72 148 रुपए से पूर्ण कराई गए हैं। और वृद्धा पेंशन 6114, विधवा पेंशन 3020, विकलांग पेंशन 973 पात्र लाभार्थियों को दी गई है। एनआरएलएम योजना के तहत 1088 स्वयं सहायता समूह गठन कर खाता खोला गया, 755 समूह को स्टार्टअप फंड प्रदान किया गया, 765 समूह को रिवाल्विंग फंड प्रदान किया गया, वहीं मनरेगा योजना के तहत छह राशन की दुकानों का निर्माण विकासखंड क्षेत्र में कराया गया, वर्तमान वित्तीय वर्ष में 232 श्रमिकों को 100 दिन का रोजगार प्रदान किया गया 2 लाख 24 हजार 80 मानव दिवस श्रजित किए गए। वहीं उन्होंने कहा कि विकासखंड क्षेत्र में शासन की योजनाओं को पूर्ण रूप से लागू कराया गया है जिसका लाभ सभी नागरिकों को प्राप्त हो रहा है।

इस मौके पर ब्लॉक में प्रतिनिधि डॉक्टर अशोक रतन शाक्य ने कहा कि ग्राम प्रधान और क्षेत्र पंचायत सदस्यों के सहयोग से विकासखंड में हर गांव और ग्राम पंचायत में क्षेत्र पंचायत द्वारा विकास कार्य कराए गए हैं जिनका लाभ आम जनता को प्राप्त हो रहा है हमारा उद्देश्य है कि शासन की योजनाएं गांव के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे और उनका लाभ प्राप्त हो।

मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंचे विधायक पुत्र सूरज राठौर ने कहा कि प्रदेश की सरकार और केंद्र सरकार द्वारा ग्रामीणों के और ग्रामीण क्षेत्र के विकास के लिए सैकड़ो योजनाएं चलाई जा रही है। जिनका लाभ ग्राम पंचायतों के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचने का कार्य किया जा रहा है। सरकार द्वारा हर गरीब को छत और हर किसान को किसान सम्मान निधि प्रदान करने का कार्य किया जा रहा है। उपजिलाधिकारी अलीगंज ने कहा कि शासन की जितनी योजनाएं चल रही है वह हर व्यक्ति के लिए अति महत्वपूर्ण है जिनका सभी लोग आगे आकर लाभ प्राप्त करें और जिन लोगों ने अभी फार्मर रजिस्ट्री नहीं करवाई वह तत्काल नजदीकी जन सेवा केंद्र या पंचायत सचिवालय पहुंच कर करवा सकते है। क्योंकि फॉर्मर रजिस्ट्री के बिना खेती से संबंधित योजनाओं के लाभ में रुकावट आ सकती है इसलिए तत्काल फार्मर रजिस्ट्री को करवाए। इस मौके पर उप मुख्य पशुचिकित्साधिकारी डॉ रविकांत, एपीओ अमरदीप तिवारी, एडीओ आईएसबी चंद्रपाल, जे ई आर ई एस मुकेश कुमार, एडीओ सामाजकल्याण अनुज, जे ई हरेंद्र, सहित समस्त पंचायत सचिव, क्षेत्र पंचायत सदस्य, ग्राम प्रधान मौजूद रहे।

# बदलते मौसम के चलते सर्दी खांसी जुकाम के मरीजों की संख्या बढ़ी

केसरिया हिन्दुस्तान मोहित यादव लव




**अलीगंज।** बदलते मौसम के चलते सर्दी खांसी जुकाम के मरीजों की संख्या बढ़ी । स्कूली बच्चों व लोगों का समर्पण सेवा समिति व सीपी मल्टी स्पेशलिस्ट अस्पताल के चिकित्सको के द्वारा किया निशुल्क परीक्षण, दी गई दवाइयां । समर्पण सेवा समिति व सीपी मल्टी स्पेशलिस्ट हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वाधान में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर मे मरीज का निशुल्क परीक्षण कर दवाई वितरित की गई। गंभीर मरीजों को अस्पताल रेफर किया गया। कस्बे के माहौर वैश्य धर्मशाला में समर्पण सेवा समिति व सीपी मल्टी स्पेशलिस्ट हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वाधान में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ उद्योग व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष प्रदीप कुमार गुप्ता, व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष विनोद आर्य, महिला मोर्चा अध्यक्ष नीता गुप्ता, कल्पना अग्रवाल नें सयुक्तरूप से शुभारंभ किया। शिविर में बदलते मौसम के चलते विभिन्न स्कूलों के बच्चों व अन्य नगर के लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया और सभी को निशुल्क दवाई वितरित की गई। चिकित्सक डॉक्टर शिवम त्रिपाठी द्वारा सभी का उपचार किया गया। शिविर में बीपी, सुगा, हड्डी व अन्य मरीज का उपचार किया गया साथ ही गंभीर मरीजों को अस्पताल भेजा गया वहां पर मंगल पांडेय द्वारा उपचार व दवाई दी गई। इस मौके पर व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष प्रदीप कुमार गुप्ता ने बताया समर्पण सेवा समिति के द्वारा जो निशुल्क स्वास्थ्य चिकित्सा कैंप लगाया गया है जिसमें लोगों की निशुल्क जांच हुई और दवा दी गई उन्होंने कहा गरीब तबके के लोग जांच करने में असमर्थ रहते हैं उन लोगों को सेवा समिति के माध्यम से स्वास्थ्य लाभ दिया जा रहा है उन्होंने लोगों से अपील की मौसम में परिवर्तन है इसका विशेष ध्यान रखें अपने घरों के आसपास गंदगी न होने दें हल्का बुखार आने पर भी चिकित्सक से परामर्श जरूर करें इस मौके पर शिविर में मुन्ना, बाबू गुप्ता, रामविलास राजपूत, अशोक जैन, नीरज गुप्ता, अनिल गुप्ता, रीना ,पूनम अग्रवाल, सुधा यादव, नितिन गंगवार, गोपी सक्सेना, आरती सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## चार लाख भक्तों ने लगाई अमृत रूपी गंगा में डुबकी

गणेश वर्मा, केसरिया हिंदुस्तान

**कौशाम्बी।** मौनी अमावस्या के पावन अवसर पर बुधवार को तपोभूमि के सभी गंगा घाट श्रृद्धालुओ से खचाचक भरा रहा है।घाटों पर आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा।मध्य रात्रि के बाद से शुरू हुआ स्नान का दौर शाम तक चलता रहा। हर तरफ हर-हर गंगे की गूंज सुनाई देती रही। जिलेभर के गंगा घाटों पर चार लाख श्रद्धालुओं ने अमृत रूपी गंगा में पुण्य की डुबकी लगाने के बाद दान दक्षिणा किया है। गौरतलब है की प्रयागराज महाकुम्भ मेले में मची भगदड़ के कारण बुधवार को तड़के ही कौशांबी की सभी सीमाएं बंद कर दी गई हैं।किसी भी दर्शनार्थी,यात्री को शहर की ओर जाने नहीं दिया गया है। सघन तलाशी और रूट डायवर्जन की व्यवस्था पहले से ही लागू थी। यही कारण था कि इस बार मौनी अमावस्या पर जनपद के घाटों पर भीड़ ने रिकार्ड तोड दिया है। जनपद के कुबरी घाट, कालेश्वरघाट, हनुमानघाट, लेहदरी, वृंदावन, असदपुर, जहांगीराबाद, पल्हाना, संदीपनघाट, अकबरपुर, सिहोरी, बिदनपुर व नागा आश्रम घाट समेत सभी घाटों पर रात दो बजे के आसपास ही स्नान का दौर शुरू हो गया है।

## मथुरा में मलिन बस्ती देखने पहुंचे नगर आयुक्त, अव्यवस्थाओं पर हुए नाराज

# बैरागपुरा, रानी मंडी के निरीक्षण में साफ-सफाई, जल निकासी, सड़क/मार्ग मरम्मत कार्य, प्रकाश आदि व्यवस्थाओं का जायजा लिया

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान फैसल कुरैशी



**मथुरा।** महानगर में नगर निगम के वार्ड निरीक्षण के क्रम में बुधवार को नगर आयुक्त शशांक चौधरी ने बैरागपुरा, रानी मंडी का निरीक्षण किया। वार्ड 17 के इस निरीक्षण में उन्होंने साफ-सफाई, जल निकासी, सड़क/मार्ग मरम्मत कार्य, प्रकाश आदि व्यवस्थाओं को देखा। पिछले किछ दिनों से नगर आयुक्त शशांक चौधरी द्वारा निरन्तर वार्डों में भ्रमण करते हुए कमियों का निस्तारण त्वरित रूप से कराया जा रहा है। इसी क्रम में नगर आयुक्त ने वार्ड 17 वैरागपुरा रानी मंडी का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान वार्ड के क्षेत्रीय पार्षद बृजेश खरे एवं स्थानीय जनता द्वारा बतायी समस्याओं को नगर आयुक्त ने सुना। सर्वप्रथम वाल्मीकि वाटिका का निरीक्षण किया। यहाँ बारात घर निर्माण के लिए 15 वे वित्त मे निर्माण कार्य करने के लिए प्रभारी मुख्य अभियंता सिविल निर्देशित किया गया। वार्ड में निरीक्षण के दौरान क्षेत्रीय पार्षदगण एवं स्थानीय जनता द्वारा बतायी गयी समस्याओं को नगर आयुक्त श्री चौधरी द्वारा सुना गया। सर्वप्रथम नगर आयुक्त वाल्मीकि वाटिका पर पहुंचे। निरीक्षण के दौरान स्थानीय निवासियों के सुविधा हेतु बारात घर के निर्माण हेतु 15 वे वित्त में शामिल कर निर्माण कार्य करने के लिए प्रभारी मुख्य अभियंता सिविल को निर्देशित किया । इसके बाद नगर आयुक्त ने पूरे वार्ड में मलिन बस्ती का निरीक्षण किया । मलिन बस्ती में साफ-सफाई सड़क/ मार्ग, जल निकासी पेयजल पूर्ति, प्रकाश व्यवस्था आदि व्यवस्थाओं को देखा । सार्वजनिक शौचालय में साफ-सफाई जलापूर्ति प्रकाश हैण्ड वॉश शौचालय के उपयोगकर्ताओं के फीडबैक रजिस्टर आदि को देखा गया तथा शौचालय को मानकों के अनुरूप साफ सफाई आदि समस्त व्यवस्थाओं के लिए कार्यदाई संस्था को निर्देशित किया । निरीक्षण के दौरान शौचालय के सामने पड़ी रिक्त भूमि पर बेंच लगाने, वृक्षारोपण करते हुए सौंदर्यीकरण की कार्यवाही के निर्देश दिए।

इसके उपरांत उन्होंने वार्ड में स्थित प्राथमिक विद्यालय का निरीक्षण करते हुए संचालित कक्षाओं का निरीक्षण किया तथा विद्यालय में अध्यापिकाओं के एवं छात्रों की उपस्थिति रजिस्टर का अवलोकन करते हुए छात्राओं की उपस्थिति की देखी गई। विद्यालय के शौचालय सही अवस्था में नहीं पाए गए। विद्यालय में शौचालय बाथरूम के निर्माण हेतु प्रभारी मुख्य अभियंता सिविल को निर्देशित किया । निरीक्षण के दौरान सहायक नगर आयुक्त राकेश कुमार त्यागी मुख्य अभिंयता सिविल अमरेन्द्र गौतम प्रभारी नगर स्वास्थ्य अधिकारी डा. गोपाल बाबू गर्ग जोनल सेनेटरी ऑफिसर महेश चंद्र अवर अभियंता सिविल मुनिदेव सफाई निरीक्षक राकेश राजपूत आदि उपस्थित थे।

# यूपीएस का किया विरोध

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान फैसल कुरैशी



**मथुरा।** नेशनल मूवमेंट फॉर ओल्ड पेंशन स्कीम (एनएमओपीएस) के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार बंधु के आह्वान पर पूरे देश के शिक्षक व कर्मचारी यूपीएस का अपने कार्यस्थल पर ह्वश्वह्य की प्रतीकात्मक प्रतियां जलाकर विरोध किया।साथ ही यूपीएस व न्यू पेंशन स्कीम समाप्त करने की मांग की। मथुरा के अटेवा संरक्षक शैलेंद्र कुमार यादव ने कहा कि यूपीएस को लेकर शिक्षकों कर्मचारियों में काफी आक्रोश है। इसलिए एनएमओपीएस /अटेवा कल पूरे देश मे यूपीएस का अपने कार्यस्थल पर विरोध किया।जिलाध्यक्ष प्रदीपिका फौजदार ने कहा कि एनपीएस से भी बेकार यूपीएस है। एनपीएस और यूपीएस किसी भी तरह से शिक्षक कर्मचारी हित में नहीं है। हमें केवल पुरानी पेंशन चाहिए जिला मीडिया प्रभारी मनीष दयाल ने कहा कि एनपीएस और यूपीएस देश के हित में नहीं है पुरानी पेंशन से कम हमें कुछ भी मंजूर नहीं है। जिला संगठन मंत्री चेतना चौहान ने कहा कि हम पुरानी पेंशन के लिए हमारे राष्ट्रीय नेतृत्व के आह्वान पर किसी भी हद तक जाएंगे।आईटी सेल प्रभारी करण सिंह ने पेंशन हमारा हक है और हम इसे लेकर रहेंगे। मांट ब्लॉक अध्यक्ष सीमा कुमारी ने कहा कि यदि वर्तमान सरकार पुरानी पेंशन बहाल नहीं करती है तो हम दिल्ली में बहुत बड़ा आंदोलन करेंगे। आईटी सेल प्रदेश प्रभारी प्रमोद पटेल ने नौजवानों को कहा कि उठो,जागो और जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो जाए तब तक चैन से बैठो नहीं। जिला सह संयोजिका सारिका सिंह,सरिता चाहर ने कहा पेंशन हक है लेकर रहेंगे, कर्मचारियों को बेवकूफ न बनाएं संगठन मंत्री सतीश रावत ने कहा कि सभी विभाग एकजुट होकर के इस लड़ाई को और तेज करेंगे। शैली यादव,धर्मपाल, शालिनी सक्सेना,रामजी, शिवकुमार शर्मा,प्रीतम सिंह , विजयराज आदि अटेवियन ने अपने कार्य क्षेत्र में प्रतियां जलाई।

# मोटरसाइकिल चोर गिरोह को पकड़ने वाले आठ पुलिस अधिकारी कर्मचारी हुवे सम्मानित

कमलेश रजक ब्यूरोचीफ दैनिक केसरिया हिंदुस्तान



**बलौदाबाजार।** जिले के ग्राम हसुवा में 21 जनवरी को मोटरसाइकिल से चोरी का बैटरी बेचने की फिराक में घूमते हुए दो आरोपियों को हिरासत में लिया गया। आरोपियों से विस्तृत पूछताछ पर क्षेत्र अंतर्गत चोरी की घटना को अंजाम देने वाले एक बड़े अंतर जिला वाहन चोर गिरोह के संबंध में पता चला। गिरफ्तार आरोपियों का पूर्व में भी आपराधिक रिकार्ड दर्ज है। प्रकरण में त्वरित कार्यवाही करते हुए पुलिस द्वारा धारा 317(2),303(2),3(5) बीएनएस एवं 35(1)(5) बीएनएसएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर इस चोर गिरोह के चार अपचारी बालकों सहित 09 आरोपियों को हिरासत में लिया गया। आरोपियों द्वारा जिला जांजगीर-चांपा बिलासपुर रायपुर एवं कोरबा में भी सिलसिलेवार वाहन चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया गया। प्रकरण में आरोपियों से चोरी का 12 मोटरसाइकिल एवं 01 नग बैटरी बरामद किया गया। प्रकरण में पूरी तत्परता एवं गहन छानबीन करते हुए अंतर जिला वाहन चोर गिरोह के 09 आरोपी सदस्यों को पकड़ने एवं चोरी का 12 मोटरसाइकिल बरामद करने वाले पूरी पुलिस टीम के कार्य की सराहना एवं प्रशंसा करते हुए 29 जनवरी को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल द्वारा टीम में शामिल समस्त पुलिस अधिकारी/कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। पुरस्कृत पुलिस टीम में निरीक्षक शशांक सिंह थाना प्रभारी गिधौरी सहायक उप निरीक्षक संजीव राजपूत सायबर सेल सहायक उप निरीक्षक एन.आर.साहू थाना गिधौरी एवं आरक्षक विनोद वर्मा सायबर सेल आरक्षक गौरीशंकर कश्यप सायबर सेल आरक्षक दुर्गेश साहू थाना गिधौरी आरक्षक राकेश पाटले थाना गिधौरी एवं आरक्षक सुजीत तम्बोली थाना गिधौरी शामिल हैं।

# मौनी अमावस्या पर धनाराघाट शारदा नदी में हजारों श्रद्धालुओं ने लगाई डुबकी

## लोगो ने पूजा अर्चना के साथ भंडारे का प्रसार ग्रहण किया

केसरिया हिन्दुस्तान इसरार ब्यूरो पीलीभीत



**पीलीभीत पूरनपुर।** मौनी अमावस्या पर बुधवार को कई हजार श्रद्धालुओं ने धनारा घाट शारदा नदी पर पहुंचकर आस्था की डुबकी लगाई और पूजा अर्चना की जगह-जगह पुलिस मुस्तैद रही उसके बाद भी लंबी लाइन के बाद जाम लग गया व मुश्किल से जाम को खुलवाया गया श्रद्धालुओं ने चल रहे भंडारों का प्रसाद ग्रहण किया। एक माह तक चलता है रामनगरिया का मेला दूधराज से साधु संत पहुंचकर कल्पवास भी करते हैं। बुधवार को मौनी अमवस्या को लेकर दूधराज से पहुंचे अपने ट्रैक्टर ट्राली फोर व्हीलर बाइकों से श्रद्धालुओं ने नदी में डुबकी लगाई और पूजा अर्चना की उसके बाद कई जगह चल रहे भंडारों में श्रद्धालुओं ने प्रसाद भी ग्रहण किया। वहीं रामनगरिया में महंत बाबा राघव दास ने कई दिन पूर्व सफाई अभियान चला कर रामनगरिया को साफ सुथरा किया रामायण अखंड पाठ का भी आयोजन चला रहा वही प्रशासन ने श्रद्धालुओं को पहुंचने और ठहरने के लिए बेहतर इंतजाम किए श्रद्धालुओं की सेवा के लिए पुलिस बल बचाव कार्य के लिए और चिकित्सा सेवा के लिए एम्बुलेंस,फायर ब्रिगेड गाड़ियों की भी व्यवस्था रही।वहीं पुलिस के अलावा पीएसी भी सुरक्षा व्यवस्था के लिए तैनात की गई। इस मौके नायब तहसीलदार अभिषेक त्रिपाठी,नायब तहसीलदार ॠषिकांत दीक्षित,थाना हजारा पुलिस और पूरनपुर पुलिस भी मेला में सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम किए बुधवार शाम तक श्रद्धालुओं को आना-जाना लगा रहा। रामनगरिया में मौजूद साधु संत महंत बाबा राघव दास,महेश दास सहित दूधराज के साधु संत मौजूद रहे। बाबा राघव दास ने श्रद्धालुओं को भंडारे का प्रसाद ग्रहण कराया।

# समस्याओं का एक ही छत के नीचे मौके पर ही निवारण होने से खुश हैं आमजन : उपायुक्त

**- बुधवार को आयोजित समाधान शिविर में आई 03 शिकायतों में से 01 का मौके पर किया निवारण**

**नूंह।** नीरज सोनी तावडू दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने बुधवार को लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित समाधान शिविर में नागरिकों की समस्याओं पर सुनवाई की। इस अवसर पर नागरिकों ने अपनी समस्याएं रखी, जिनमें से अधिकतर समस्याएं परिवार पहचान पत्र, राशन कार्ड, पेंशन, नगर परिषद, पुलिस विभाग, सिंचाई विभाग व जनस्वास्थ्य विभाग से संबंधित थी। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने बताया कि आयोजित समाधान शिविर में कुल 3 शिकायत प्राप्त हुई जिनमें से 01 शिकायत का मौके पर निपटान कर दिया गया है तथा शेष शिकायतों के समाधान हेतु संबधित अधिकारियों को भेज दिया गया है। इस मौके पर उन्होंने सभी संबधित अधिकारियों को निर्देश दिए है कि समाधान शिविर में आने वाली शिकायत का निपटान समय पर कर दे जिससे की आम आदमी को परेशानी न हो। उन्होंने पुरानी शिकायतों पर चर्चा करते हुए सख्त निर्देश दिए है कि ज्यादा तक कोई भी शिकायत लंबित नही रहनी चाहिए उसका समाधान कर उसकी रिपोर्ट प्रस्तुत करें। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि सभी अधिकारी जनसमस्याओं के समाधान को लेकर संवेदनशीलता से कार्य करें और नागरिकों को सरकारी कार्यालयों में ज्यादा चक्कर न लगवाएं व उनकी समस्याओं का यथाशीघ्र समाधान करें। उन्होंने कहा कि समाधान शिविर नागरिकों व प्रशासन के बीच बेहतर संबंध बनाने में कारगर साबित हो रहे हैं। नागरिक बेझिझक अपनी समस्याओं को लेकर शिविर में पहुंच रहे हैं जिससे प्रशासन को नागरिकों की समस्याओं का पता लग रहा है और उनका समाधान किया जा रहा है। उपायुक्त ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा एक स्थान पर ही समाधान शिविर में प्राथमिकता के आधार पर लोगों की शिकायतों का यथासंभव निपटारा किया जा रहा है।

# श्रद्धालुओं ने हाथ जोड़कर मांगा केन मां से आशीर्वाद

दैनिक केसरिया से राधेश्याम गुप्ता



**बांदा।** जिला मीडिया प्रभारी मितेश कुमार ने बताया कि केन जल की मंगल आरती श्रद्धालुओं ने बड़े ही श्रद्धाभाव के साथ संपन्न की। यह आरती कार्यक्रम प्रत्येक मंगलवार को बांदा नगर क्षेत्र अंतर्गत भूरागढ़ क्षेत्र के केन नदी घाट पर आयोजित किया जाता है, इसका आयोजन विश्व हिंदू महासंघ गौ रक्षा समिति एवं गंगा समग्र कानपुर प्रांत के संयोजकत्व में किया जाता है। मितेश कुमार ने बताया कि इस कार्यक्रम का प्रमुख उद्देश्य नदियों की महत्ता बताना, नदियों के अस्तित्व को बचाए रखना, नदी के संरक्षण तथा मानव जीवन में इन नदियों के महत्व को लेकर जागरूक करना है। कार्यक्रम में समिति के पदाधिकारियों एवं अन्य पधारे हुए श्रद्धालुओं ने केन मां की मंगल आरती की और हाथ जोड़कर केन मां से आशीर्वाद प्राप्त किया। समिति के जिलाध्यक्ष एवं गंगा समग्र के जिला संयोजक महेश कुमार प्रजापति ने अपने वक्तव्य में कहा कि केन मां हम सबकी जीवनदायनी है इसलिए इसकी रक्षा और सुरक्षा हम सभी को मिलकर करनी होगी तथा इसके महत्व को बनाए रखने में सभी लोग समिति का सहयोग करें जिससे जीवनदायनी केन मां का अस्तित्व बरकरार रहे। इस दौरान कार्यक्रम में इस मौके में उपस्थित शिवानी सिंह गौतम जिला सह प्रभारी आलोक कुमार निगम जिला अध्यक्ष अधिवक्ता प्रकोष्ठ दीपक शुक्ला जिला उपाध्यक्ष राघवेंद्र द्विवेदी जिला उपाध्यक्ष महेश कुमार धुरिया जिला उपाध्यक्ष कृष्ण चंद्र प्रजापति नगर अध्यक्ष बृजकिशोर द्विवेदी नगर उपाध्यक्ष रामकरण पाल जिला प्रचार मंत्री रजनीश प्रजापति सहित तमाम पदाधिकारी लोग मौजूद रहे।

## 590 बच्चों ने दी मिशन बुनियाद के तहत जिला स्तरीय, लेवल-2 परीक्षा

**नूंह।** सरकार की महत्वाकांक्षी योजना बुनियाद कार्यक्रम में प्रवेश के लिए शिक्षा विभाग की ओर से मंगलवार को जिले में दो केंद्रों पर लेवल-2 की परीक्षा आयोजित की गई। जिला विज्ञान विशेषज्ञ व बुनियाद नोडल अधिकारी रामकिशन आर्य ने परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया जिसमें उन्हें दोनों ही केंद्रों पर नियमानुसार समय पर व सुचारु रूप से परीक्षा चलती पाई गई। परीक्षा में 634 बच्चों में से 590 बच्चे उपस्थित हुए। विभाग की तरफ से जिले में विद्यार्थियों की सुविधा के लिए दो परीक्षा केंद्र राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल नूंह व राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल नूंह -2 बनाए गए थे।

# तालाब में मिला युवती का शव

केसरिया हिंदुस्तान संवाददाता वीरू गौतम



**पीलीभीत।** पीलीभीत के शहर कोतवाली क्षेत्र में बुधवार सुबह गोहनिया चौराहा के पास स्थित तालाब में एक अज्ञात युवती का शव तैरता हुआ मिला स्थानीय लोगों ने शव देखते ही पुलिस को सूचित किया सूचना मिलते ही शहर कोतवाली पुलिस टीम मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई पुलिस ने मामले को गंभीरता को देखते हुए फील्ड यूनिट टीम को भी बुलाया शहर कोतवाल राजीव सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने घटना स्थल का बारीकी से निरीक्षण किया तालाब में मृत अवस्था में मिली युवती की पहचान सुनगढ़ी थाना क्षेत्र के नई बस्ती की रहने वाली रोली पुत्री स्वर्गीय शंभू दयाल मिश्रा के रूप में हुई परिजनों का कहना है की युवती मानसिक रूप से बीमार थी वह तालाब तक कैसे पहुंची इसके बारे में परिजनो कोई जानकारी नहीं है फिलहाल पुलिस डेड बॉडी का पोस्टमार्टम करा रही है कोतवाल राजीव सिंह ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है मृतका की पहचान के लिए विशेष पुलिस टीम लगाई गई है पुलिस सभी पहलुओं की जांच कर रही है और जल्द ही मामले का खुलासा करने का प्रयास कर रही है क्षेत्र में इस घटना से सनसनी फैल गई और स्थानीय लोगों में भय का माहौल।

# प्रदेश की बीजेपी सरकार द्वारा हजारों निर्माण मजदूरों के पंजीकरण को ब्लॉक करने के खिलाफ निर्माण जींद के निर्माण मजदूर 6 फरवरी को करेगें जींद उपायुक्त कार्यालय पर प्रदर्शन संदीप जाजवान

**केसरिया हिंदुस्तान नजीर हुसैन ब्यूरो चीफ जींद हरियाणा**

प्रदेश की बीजेपी सरकार द्वारा हजारों निर्माण मजदूरों के पंजीकरण को ब्लॉक करने के खिलाफ निर्माण जींद के निर्माण मजदूर 6 फरवरी को करेगें जींद उपायुक्त कार्यालय पर प्रदर्शन उक्त बात भवन निर्माण कामगार यूनियन के जिला जींद के प्रधान कश्मीर सिंह सेलवाल, जिला सचिव कपूर सिंह, जिला ने कही। वो 6 फरवरी के जिला सत्रीय प्रदर्शन कि तैयारीयों को लेकर अलेवा ब्लॉक के नगुरा, थुवा, बधाना, पिल्लू खेड़ा ब्लॉक के भाग खेड़ा, जुलाना ब्लॉक के हथवाला में नूकड़ मीटिंगो सभाओ को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने आगे कहा कि अकेला जींद जिला में 32000 हजार पंजीकरण ब्लॉक कर दिया। इन ब्लॉक किए गए पंजीकरण को बहाल करने की मांग की। जब तक सरकार इस पंजीकरण को बहाल नही करती तब तक आंदोलन जारी रहेगा, और मोहहला और गांव स्तर पर भाजपा सरकार और हरियाणा के श्रम मंत्री का पुतला दहन किया जायेगा।उन्होंने आगे बताया कि हरियाणा सरकार का भ्रष्टाचार खुलकर सबके सामने आया है लेकिन भ्रष्टाचार कि सजा निर्माण मजदूरों को अपना पंजीकरण रद्द करवाने के रूप में भुगतनी पड़ी है। उन्होंने कहा कि हमारी यूनियन लंबे समय से बोर्ड से मिलने वाले लाभ व 90 दिन की वेरिफिकेशन में फैले भ्रष्टाचार को उजागर करती रही है। विभाग की ओर से अधिकारियों व भ्रष्टाचार करने वालों पर कार्यवाही करने की बजाए कल्याण बोर्ड से अकेले जींद जिले के 32 हजार मजदूरों का पंजीकरण ब्लॉक कर दिया है।

उन्होंने कहा कि एक झटके में 32 हजार निर्माण के मजदूरों को बोर्ड से मिलने वाले लाभ से वंचित कर दिया है, जो सीधे तौर पर मजदूरों के अधिकार पर हमला है। जिसके कतई सहन नहीं किया जाएगा।



उन्होंने आगे कहा कि सरकार जातीय और धार्मिक साम्प्रदायिक पैदा करके लोगो के वोट ठगती है और बाद में इसी जनता के खिलाफ काम करती है जो अब साबित हो गया। हरियाणा के विधानसभा के चुनाव मे भाजपा ने स्र्ह्यष् और ह्यष् के नाम पर वोट लेने के बावजूद भी श्रम कल्याण बोर्ड से मिलने वाले लाभ से एक झटके मे पंजीकरण परमानेंट बंद करने के बाद वँचित कर दिया! आगे उन्होने कहा की इस कार्यवाही के पीछे राज्य सरकार व निर्माण मजदूर कल्याण बोर्ड पिछले 10 सालों से रोजाना मजदूरों के खिलाफ निर्णय कर रहा है पहले 90 दिन की वेरिफिकेशन का अधिकार यूनियनों से छीना गया जिसके पीछे तर्क यह दिया गया कि करप्शन बढ़ रहा है जबकि ये सच नहीं था, उसी समय अपना विरोध दर्ज करवाते हुए यूनियन का कहना था कि अब जिनको वेरिफिकेशन का अधिकार दिया गया है वो भ्रष्टाचार के अड्डे बनेंगे और यूनियन की बात यूनियन की बात सही साबित हुई है। 1996 के कल्याण कानून के खिलाफ जाकर मजदूर संगठनों के अधिकारों पर हमला करना व कल्याण बोर्ड के अधिकारियों के अलावा 90 दिन का काम वेरीफाईव करने का अधिकार देना ही अपने आप में भ्रष्टाचार को बढ़ावा देना था जिसका खामियाजा मजदूरों को साल दर साल भुगतना पड़ा है।

कपूर सिंह ने कहा कि सरकार द्वारा गली गली में सेवा केंद्र ऑनलाइन के नाम पर भ्रष्टाचार के अड्डे खोल दिए गए, वहीं दूसरी ओर फैमिली आईडी की अनिवार्यता के चलते अच्छा खासा हिस्सा निर्माण मजदूर का लाभ से वंचित हो रहा है अब यह है भ्रष्टाचार का मसला भी इसके मामले में कार्रवाई मजदूर पर होने की बजाय भ्रष्टाचार करने वालों पर होनी चाहिए जबकि खामियाजा मजदूर को बहुत ना पड़ रहा है । अब तो परिवार पहचानपत्र को माननीय उच्च न्यायालय ने भी अनिवार्य करने से इनकार कर दिया है। भवन निर्माण कामगार यूनियन हरियाणा मांग करती है की रद्द किए गए सभी निर्माण मजदूरों के पंजीकरण बहाल किए जाएं तथा भ्रष्टाचार करने वालों पर कार्रवाई की जाए, 90 दिन की तस्दीक का अधिकार यूनियनों को दिया जाए। ऑनलाइन के बाद करप्शन बढ़ा है इसलिए मजदूरों को सभी तरह के लाभ ऑफलाइन दिए जाए, परिवार पहचान पत्र की अनिवार्यता खत्म हो।

# कार की टक्कर से बाइक सवार चाचा भतीजे की मौत



**केसरिया हिंदुस्तान संवाददाता वीरू गौतम**

**पीलीभीत पूरनपुर।** सड़क हादसे मैं चाचा भतीजे की मौत हो गई महादिया गांव के 35 वर्षीय मोतीराम और उनके 26 वर्षीय भतीजे अजय पाल मंगलवार देर रात अपनी मोटरसाइकिल से दोधपुर गांव स्थित ससुराल से लौट रहे थे पूरनपुर कलीनगर हाईवे पर एक तेज रफ्तार इको ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों खाई में जा गिरे और कार भी अनियंत्रित होकर पलट गई हादसे के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया स्थानीय लोगों ने घायल चाचा भतीजे को तुरंत पूरनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जहां डॉक्टरों ने दोनों को मृत्यु घोषित कर दिया बुधवार जब परिजन शवो की पहचान करने के लिए पहुंचे तो वहां कोहराम मच गया एक ही परिवार के दो सदस्यों की मौत से पूरे गांव में मातम छा गया पूरनपुर थाना अध्यक्ष नरेश कुमार त्यागी के अनुसार पुलिस निगरानी में दोनों शवो का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है और मामले की जांच की जा रही है।

## मार्ग अवरुद्ध करने का आरोप लगाकर रिक्शा चालक ने किसान को पीटा, केस दर्ज

**कौशाम्बी।** करारी क्षेत्र के एक गांव में रोड पर दो पहिया वाहन खड़ी कर खेत में काम कर रहे किसान को रिक्शा चालक ने मार्ग अवरुद्ध करने का आरोप लगाकर लाठी डंडों से पीटकर प्राणघातक हमला कर दिया है। हमले से किसान लहूलुहान हो गया है। जिसे लोगों ने अस्पताल में भर्ती करा दिया है।पीड़ित परिजन की तहरीर पर करारी पुलिस ने केस दर्ज कर जांच पड़ताल में जुट गई है। करारी क्षेत्र के महमदपुर गांव का रहने वाला ओज प्रकाश पुत्र राम लाल मौर्य ने करारी थाना में केस दर्ज कराते हुए बताया कि उसका बड़ा भाई मनोज कुमार बुधवार को अपने खेत में काम कर रहा था। इस दौरान गांव का ही रहने वाला देवेन्द्र कुमार पुत्र राम कुवारे पासी अपना ई रिक्शा लेकर आया और मार्ग से दो पहिया वाहन हटाने को लेकर मनोज से उलझ गया।

# सामुदायिक शौचालय पर लगा गंदगी का अंबार शौच के लिए बाहर जाने को मजबूर दबंग प्रधान लगा रहा मोदी सरकार के स्वच्छता अभियान को पलीता

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान संवाददाता बाराबंकी**

**बाराबंकी।** देश में जहां केंद्र प्रदेश सरकार स्वच्छता मिशन चल रही है। और स्वच्छता अभियान में लाखों रुपए खर्च कर रही है। गांव-गांव में शौचालय बने हैं। इसके अलावा सामुदायिक शौचालय का निर्माण ग्राम पंचायत में कराया गया ।साथ ही साथ लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक बनाने को लेकर के स्वच्छ भारत अभियान के तहत लाखों रुपए खर्च हुए हैं ।और लाखों रुपए तो जागरूकता फैलाने के लिए प्रचार प्रसार में खर्च किया गया है। लेकिन फिर भी हमारे देश की विडंबना है कि सरकार कितने प्रयास के बाद भी लोग या तो जागरुक नहीं है। या तो सरकार की



महत्वाकांक्षा को पलीता लगा रहे हैं ।कुछ ऐसा ही देखने को मिला जनपद बाराबंकी में ।जहा की तहसील सिरौली गौसपुर विकास खंड दरियाबाद की ग्राम पंचायत सिसौना शिवगढ़ में जहा के ग्राम प्रधान द्वारा सरकार के स्वच्छता अभियान का मजाक उड़ाया जा रहा है ।मीडिया की टीम जब वहां पहुंची तो ग्राम प्रधान की दबंगई और लापरवाही का सच आया सामने। ग्राम पंचायत में सामुदायिक शौचालय तो बना है लेकिन उसके अंदर काफी समय से सफाई ना होने से गंदगी का अंबार लग गया है। और शौचालय सिर्फ शोपीस बनकर रह गया। मीडिया के पहुंचने पर जब प्रधान से शौचालय के बारे में बात की गई कि शौचालय में गंदगी का अंबार क्यों लगा हुआ है तो उन्होंने बताया की साफ सफाई करवा दी जाएगी ।ग्रामीणों का यह भी आरोप है की गांव में सफाई कर्मी तो तैनात है लेकिन सफाई के लिए कभी नहीं आता इसलिए गांव में भी गंदगी का ढेर लगा हुआ है। कुल मिलाकर ग्राम प्रधान द्वारा न सिर्फ स्वछता अभियान का मजाक उड़ाया जा रहा है बल्कि मोदी के स्वच्छता अभियान को पलीता लगाया जा रहा है और प्रधान को किसी का भय नहीं है।

# पूर्व चेयरमैन ने असहाय, गरीबों को बांटे कंबल, कंबल पाकर खिल उठे चेहरे : सैय्यद अनवार अजीम

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान संवाददाता रामप्रकाश गुप्ता बाराबंकी**

**बाराबंकी।** आदर्श नगर पंचायत दरियाबाद के पूर्व चैयरमैन के कैंप कार्यालय पर कंबल वितरण हुआ संपन्न । जिसमें आदर्श नगर पंचायत सहित अगल बगल के ग्राम पंचायतों के जरूरतमंद नागरिको को कंबल वितरित कर सर्दी से राहत देने का प्रयास किया गया। कम्बल पाकर लोगों के चेहरे खिल उठे। सर्दी से गरीब असहाय लोगों को राहत देने के लिए नगर पंचायत के पूर्व चेयरमैन सैय्यद अनवार अजीम द्वारा हर वर्ष कंबल वितरित किए जाते है। इस वर्ष भी बुधवार को उनके कैंप कार्यालय पर कंबल





वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। चैयरमैन प्रतिनिधि जमशीर खान भद्दू,जफर मिर्जा, मोहम्मद शहजाद और मौजूद नगर पंचायत के गणमान्य नागरिकों ने कस्बे और ग्राम पंचायतों के लगभग 1000 हजार जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरित किए। चैयरमैन प्रतिनिधि जमशीर खान भद्दू ने बताया कि 20 वर्षों से लगातार प्रति वर्ष सर्दी के मौसम में असहाय, जरूरतमंद और मजबूर लोगों के लिए पूर्व चेयरमैन सैय्यद अनवार अजीम के द्वारा यह व्यवस्था की जा रही है। जो लगातार आगे भी जारी रहेगी। कहा की क्षेत्र में जहां भी सर्दी से परेशान गरीब की जानकारी मिले उन्हें बताएं ताकि उसे भी कंबल उपलब्ध कराया जा सकें। इस अवसर पर उमेश लोधी, शकील अहमद, सोनू, फिरोज, चौधरी अरहम,बंटी, सन्नी अहमद सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी एवं पुलिस उपमहानिरीक्षक ने संयुक्त रूप से किया जिला कारागार का निरीक्षण

## जिला कारागार के बैरक, रसोईघर, चिकित्सालय आदि को चैक कर बंदियों हेतु व्यवस्थाओं की जानकारी ली

**दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान/नीरज चतुर्वेदी**

**मथुरा।** जिलाधिकारी चन्द्र प्रकाश सिंह एवं पुलिस उपमहानिरीक्षक /वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पाण्डेय ने जिला कारागार का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने जिला कारागार का निरीक्षण करते हुए बंदियों की संख्या की जानकारी ली, जिसपर अवगत कराया गया है कारागार में 1465 बंदी है। अधिकारियों ने रसोई घर / पाकशाला का निरीक्षण किया, जहां पर खाना बन चुका था तथा किचेन की पूरी साफ सफाई की जा चुकी थी। जिलाधिकारी रसोई घर में साफ-सफाई से संतुष्ट नजर आए। इसके बाद जेल चिकित्सालय के निरीक्षण के लिए पहुंचे। जहां निरीक्षण के दौरान पाया गया कि चिकित्सालय में मरीजों का इलाज किया जा रहा है। सभी बंदी मरीजों



से अलग अलग बातचीत भी की गई और उनसे स्वास्थ्य व इलाज के बारे में जानकारी ली गई। जिलाधिकारी ने समस्त मूल भूत सुविधाओं को प्रदान करने के निर्देश दिए। खाने-पीने, रहने अथवा अन्य कोई समस्या नहीं होनी चाहिए। बैरकों व जेल परिसर में साफ-सफाई अच्छी पाई गई। जिलाधिकारी ने कहा कि खेल कूद जैसे टेबल टेनिस, वॉली बॉल आदि कराते रहे। जेल में उपस्थित बच्चों को अच्छी शिक्षा प्रदान करे, जिसपर अवगत कराया गए कि बीएसए के माध्यम से शिक्षक पढ़ाने आते है। जिलाधिकारी ने महिलाओं हेतु हाइजीन किट की जानकारी ली तथा निर्देश दिए कि हाइजीन का विशेष ध्यान रखें। जिलाधिकारी ने सीसीटीवी कैमरों तथा जैमर की भी जानकारी ली।

# मौनी अमावस्या पर सांसद हेमा सहित कई दिग्गजों ने किया अमृत स्नान







**दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान/नीरज चतुर्वेदी**

**मथुरा।** महाकुंभ में मौनी अमावस्या के दिन त्रिवेणी संगम में पवित्र डुबकी लगाने भाजपा सांसद हेमा मालिनी, जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चौधरी, भागवताचार्य देवकीनंदन ठाकुरजी पहुंचे, यहां उन्होंने आस्था की डुबकी लगाते हुए अमृत स्नान किया और पूजा अर्चना की। सांसद हेमामालिनी ने यह स्नान जूना अखाड़े के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरि महाराज और योग गुरु बाबा रामदेव के संतों के साथ किया। सांसद हेमा का अमृत स्नान का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। सभी ने भगदड़ पर कहा हमने घायल लोगों के लिए प्रार्थना करते हुए और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना के साथ पावन स्नान किया है. सभी दैवीय शक्तियों से प्रार्थना की है। सांसद हेमा मालिनी ने कहा कि यह मेरा सौभाग्य है कि मुझे इस शुभ दिन पर स्नान करने का अवसर मिला। जूना अखाड़े के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरि महाराज और योग गुरु बाबा रामदेव ने भी अमृत स्नान किया। मथुरा की सांसद हेमा मालिनी ने मौनी अमावस्या पर त्रिवेणी संगम में बुधवार सुबह पवित्र स्नान किया। उन्होंने कहा कि मैं बहुत अच्छा महसूस कर रही हूं, मुझे ऐसा अनुभव पहले कभी नहीं हुआ। आज का दिन बहुत खास है, मैं आज पवित्र स्नान कर बहुत भाग्यशाली महसूस कर रही हूं। जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चौधरी ने कहा कि आज हमने गंगा पूजन किया और लोगों की शांति और समृद्धि के लिए पूजा की, मैं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री को स्नान के लिए किए गए सभी इंतजामों के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं। मौनी अमावस्या के अवसर पर आध्यात्मिक गुरु देवकीनंदन ठाकुर ने भी डुबकी लगाई। उन्होंने कहा कि आज वह संगम घाट पर नहीं गया क्योंकि वहां भीड़ बहुत ज्यादा है, पूरी गंगा और यमुना की धारा में 'अमृत' बह रहा है, अगर आप कहीं भी गंगा या यमुना में स्नान करेंगे तो 'अमृत' आपको प्राप्त होगा। ये आवश्यक नहीं है कि संगम में ही आपको डुबकी लगानी है।

## कौशांबी में भीषण सड़क हादसा

**कौशांबी।** जिले के सैनी कोतवाली क्षेत्रके आझुआ भौतर मोड़ के समीप एक दर्दनाक सड़क हादसे में श्रद्धालु से भरी एक बस हाइड्रा क्रेन से टकरा गई, जिसमें 32 लोग घायल हो गए। यह हादसा रात 8 बजे हुआ। श्रद्धालुओं से भरी बस स्नान के लिए महाकुंभ जा रही थी। ग्रामीणों की मदद से सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिराथू व अन्य प्राइवेट अस्पतालों में इलाज के लिए भेजा गया। हिमाचल प्रदेश से प्रयागराज कुंभ स्नान के लिए जा रही कौशांबी कनवार मोड़ हाईवे पर हाइड्रा क्रेन से टकरा गई। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बस में लगभग 50 यात्री सवार थे, जिनमें से 32 लोग घायल हो गए। घायलों में से 10 की हालत गंभीर बताई जा रही है और उन्हें निकटतम अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे के कारणों की जांच की जा रही है, लेकिन प्रारंभिक जांच के अनुसार, हाइड्रा क्रेन के चालक की लापरवाही के कारण यह हादसा हुआ है।

# लोगों की समस्याओं का समाधान करना जिला प्रशासन की प्राथमिकता - उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा

**नूंह।** नीरज सोनी तावडू दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने खंड नगीना के गांव मरोड़ा में रात्रि ठहराव के दौरान ग्रामीणों से संवाद करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और जिला प्रशासन की यह प्राथमिकता है कि जिला वासियों की समस्याओं का समाधान तत्परता के साथ हो और उन्हें प्रशासन संबंधित कार्यों में किसी भी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े। जिलावासियों की सुविधा के लिए जिला प्रशासन द्वारा एक व्हाट्सअप नंबर-90503-17480 जारी किया गया है, जिस पर कोई भी व्यक्ति अपनी समस्या के समाधान के लिए इस व्हाट्सअप नंबर का प्रयोग कर सकता है।

उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने रात्रि ठहराव कार्यक्रम में ग्रामीणों की 25 से अधिक शिकायतें मौके पर ही सुनी और उनके समाधान करने के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को मौके पर निर्देश दिए। उन्होंने ग्रामीणों को कहा कि जिला मुख्यालय व उपमंडल स्तर पर प्रतिदिन सुबह 10 बजे से 12 बजे तक समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। कोई भी व्यक्ति अपनी समस्या को लेकर समाधान शिविर में आ सकता है। जिला प्रशासन का यह प्रयास है कि प्रत्येक नागरिक की समस्या का तत्परता के साथ समाधान किया जा सके। उपायुक्त ने गांव मरोड़ा में ग्रामीणों से कहा कि वे आंगनबाड़ियों के माध्यम से पोषण अभियान के तहत अपने बच्चों को पोषित खाना जरूर खिलवाएं और सभी बच्चों का टीकाकरण जरूर करवाएं ताकि बच्चे भविष्य में होने वाली बीमारियों से बच सकें। ग्रामीण सरकार की जनहित योजनाओं का लाभ भी जरूर लें। उन्होंने ग्रामवासियों से कहा कि वे अपने बच्चों को शिक्षित जरूर करें और प्रत्येक बच्चे को स्कूल में अवश्य भेजें ताकि पढ़-लिखकर बच्चे अपना भविष्य संवार सकें। उन्होंने कहा कि गांव मरोड़ा के 10वीं व 12वीं कक्षा के बच्चों का परीक्षा परिणाम अच्छा आना चाहिए, इसके लिए बच्चों को समय रहते परीक्षा की तैयारी करनी चाहिए, ताकि परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत आ सके।

जिला पुलिस अधीक्षक विजय प्रताप सिंह ने रात्रि ठहराव कार्यक्रम के दौरान उपस्थित ग्रामीणों को




संबोधित करते हुए कहा कि बच्चों को नशे से दूर रखना बहुत ही जरूरी है। जब भी कोई नशे का शिकार होता है तो अपना जीवन और घर वालों का जीवन नरक बना देता है। इस अवसर पर उन्होंने गांवों के युवाओं से मुख्यमंत्री द्वारा नशा मुक्ति अभियान के लिए चलाए गए बकैट चैलेंज का प्रदर्शन भी करवाया और नशे से दूर रहने के प्रति ग्रामीणों को जागरूक किया। उन्होंने ग्रामवासियों का आह्वान किया कि सभी लोगों का यह कर्तव्य बनता है कि वह अपने बच्चों को नशे से दूर रखें और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा चलाए गए बकेट चैलेंज के द्वारा नशा मुक्ति का उदाहरण देकर अपने बच्चों को नशे से बचाएं क्योंकि नशा मुक्त जीवन ही नायाब जीवन है। अतिरिक्त उपायुक्त प्रदीप सिंह मलिक ने रात्रि ठहराव कार्यक्रम के दौरान कहा कि जिला में आगामी दिनों में खेल महाकुंभ का आयोजन किया जाएगा, जिसमें क्रिकेट, वालीबाल, एथलेटिक्स में 200 मीटर व 400 मीटर दौड़ व कुश्ती आदि खेलों का आयोजन किया जाएगा। इस खेल महाकुंभ में पूरे जिले की प्रत्येक पंचायत से एक टीम की एंट्री की जाएगी, पूरे जिले में 325 पंचायत हैं, इसलिए 325 पंचायतों की एंट्री खेल महाकुंभ में की जाएगी।

अतिरिक्त उपायुक्त ने प्रधानमंत्री मुफ्त सूर्य घर बिजली योजना के बारे में बताते हुए कहा कि प्रत्येक बीपीएल परिवार 2 किलोवाट तक सोलर पैनल लगवा सकता है, जिस पर एक लाख रुपए तक सब्सिडी सरकार द्वारा दी जा रही है। बीपीएल परिवार के अलावा भी जो व्यक्ति अपने घर पर सोलर पैनल लगवा सकता है, उसके लिए भी सरकार द्वारा सब्सिडी का प्रावधान किया गया है और जो पंचायत अपने गांव में सबसे ज्यादा सोलर पैनल लगवाएगी, उस ग्राम पंचायत को सोलर विलेज के नाम से जाना जाएगा तथा अव्वल आने वाली पंचायत को एक करोड़ रुपए की ग्रांट विकास कार्यों के लिए अलग से दी जाएगी। उन्होंने कहा कि पूरे जिले में 25 वालीबॉल स्टेडियम के ग्राउंड पास किए गए हैं, जिनमें से एक वालीबाल ग्राउंड गांव मरोड़ा में भी बनाया जाएगा। यदि गांव मरोड़ा की ग्राम पंचायत जमीन उपलब्ध करवाती है तो यहां पर एक क्रिकेट ग्राउंड भी प्रशासन द्वारा तैयार करवाया जाएगा। उन्होंने लोगों से कहा कि मुख्यमंत्री आवास विस्तार योजना के तहत आने वाले समय में सरकार का पोर्टल खुलने पर जरूरतमंद गरीब लोगों को 100-100 वर्ग गज के प्लाटों के लिए आवेदन कर सकते हैं।

उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने रात्रि ठहराव कार्यक्रम के दौरान एक छात्र द्वारा गांव मरोड़ा स्कूल की व्यवस्था के बारे में बताने पर अधिकारियों को तुरंत प्रभाव से स्कूल की व्यवस्था ठीक करने के निर्देश दिए।